# नवबिहार टाइम्स
निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, बुधवार, 20 अगस्त 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 94 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1979:** तत्कालीन प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने शपथ लेने के 23 दिन बाद इस्तीफा दिया।

**1988:** पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल जिया उल हक का हवाई दुर्घटना में निधन और सीनेट के सभापति गुलाम इशहाक खान राष्ट्रपति बने।

**1991:** उत्तरी यूरोपीय देश इस्तोनिया ने तत्कालीन सोवियत संघ से अलग होने की घोषणा की।

**2002:** फलस्तीनी नेता अबू निदाल मृत पाया गया।

# उद्योग विभाग झारखंड के सात जिलों में बनाएगा कामन फैसिलिटी सेंटर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में विभिन्न प्रकार के उद्योगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उद्योग विभाग कामन फैसिलिटी सेंटर का निर्माण करने जा रहा है। ऐसे सात केंद्रों के निर्माण को हरी झंडी भी मिल गई है। लातेहार में एक, हजारीबाग में तीन, पूर्वी सिंहभूम, राजधानी रांची और सिमडेगा में इससे संबंधित केंद्रों का निर्माण होगा। इन सात भवनों के निर्माण पर लगभग एक करोड़ राशि खर्च किए जाने का अनुमान है। सातों भवन के निर्माण के पीछे का मकसद अलग-अलग है। लातेहार के चंदवा में लुकइया पेपर क्राफ्ट क्लस्टर के लिए औद्योगिक सहयोग समिति भवन का निर्माण होगा वहीं हजारीबाग सदर में आत्मनिर्भर हजारीबाग योजना के तहत हैंडक्राफ्टेड टेक्सटाइल एंड गारमेंट डेवलपमेंट सोसाइटी के लिए मंडाईकला में भवन का निर्माण किया जाएगा। दोनों भवनों का निर्माण 15-15 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। इसके साथ ही पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया स्थित बालिबांध में सिलाई शिल्प योजना के तहत भवन का निर्माण कराया जाएगा। हजारीबाग में ही वुड क्राफ्ट योजना के तहत बड़कागांव के नमाटांड़ में शिबू सोरेन फाउंडेशन की मदद से भवन का निर्माण कराया जाएगा। राजधानी रांची स्थित रातू के सिमलिया में लेदर क्राफ्ट के तहत भवन का निर्माण होगा तो सूरज प्राथमिक लाह उत्पादक सहयोग समिति लिमिटेड के तत्वावधान में सिमडेगा के बानो में लाह-चूड़ी शिल्प योजना के तहत भवन का निर्माण होगा। इन भवनों में क्षेत्र के संबंधित लघु उद्योगों को औद्योगिक गतिविधियों के प्रशिक्षण और निर्माण से संबंधित कार्यों के लिए उपयोग किया जा सकेगा। भवनों का निर्माण झारखंड इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (जिडको) के माध्यम से कराया जाएगा। इसके लिए जिडको ने टेंडर निकाल भी दिया है। तमाम टेंडर भवन निर्माण कार्य के लिए किए गए हैं। राज्य सरकार ने इस कार्य को पूरा करने के लिए 90 दिनों का समय निर्धारित किया है। टेंडर पाने वाले एजेंसियों को निर्धारित समय पर ही निर्माण कार्य को पूर्ण करना होगा। चालू वित्तीय वर्ष के बजट में शामिल इस योजना के लिए सरकार ने प्रबंध पहले ही कर लिया है।




# सुदर्शन रेड्डी होंगे उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार

## 21 अगस्त को दाखिल करेंगे नामांकन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इनके नाम का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि विपक्ष ने एकमत होकर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के नाम पर सहमति जताई है। इससे पहले विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं ने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नाम पर फैसला लेने और उसकी घोषणा करने के लिए 10 राजाजी मार्ग पर बैठक की थी। बैठक के बाद विपक्ष ने उनके नाम का ऐलान किया। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी 21 अगस्त को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। श्री खरगे ने कहा कि बी. सुदर्शन रेड्डी भारत के सबसे प्रतिष्ठित और प्रगतिशील न्यायविदों में से एक हैं। उनका एक लंबा और प्रतिष्ठित कानूनी करियर रहा है। वे आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में काम कर चुके हैं। वे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के एक निरंतर और साहसी समर्थक रहे हैं। वे गरीब हितैषी व्यक्ति हैं। यदि आप उनके कई फैसले पढ़ेंगे तो आपको पता चलेगा कि उन्होंने कैसे गरीबों का पक्ष लिया और संविधान व मौलिक अधिकारों की रक्षा की। पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से होगा। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है जो आरएसएस पृष्ठभूमि वाले तमिलनाडु के एक अनुभवी भाजपा नेता हैं। विपक्षी गठबंधन की ओर से अपने नाम का ऐलान किए जाने के बाद उन्होंने कहा कि मैं सभी दलों से समर्थन की अपील करता हूं। तृणमूल कांग्रेस नेता डेरेक ओब्रायन के अनुसार आम आदमी पार्टी भी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए रेड्डी का समर्थन कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### आइएएस विनय चौबे को मिली जमानत

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में फंसे वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय चौबे को अदालत से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उन्हें जमानत दे दी है। बताया जा रहा है कि एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) ने गिरफ्तारी के 90 दिनों के भीतर भी चार्जशीट दाखिल नहीं की थी जिसके बाद कोर्ट ने यह फैसला सुनाया।

### खदान में डूबे युवक का शव बरामद

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी रांची के नामकुम थाना अंतर्गत करकट्टा गांव स्थित मधुकॉन कंपनी के बंद पड़े खदान में नहाने के दौरान डूबे समीर कुमार का शव तीसरे दिन मंगलवार को निकाला गया। एनडीआरएफ की टीम ने काफी मशक्कत के बाद मंगलवार को दोपहर खदान के गहरे पानी से उसका शव खोज निकाला। इसके बाद वहां कोहराम मच गया।

### नर्सिंग की छात्रा ने की आत्महत्या

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी रांची के अनगड़ा में नर्सिंग छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी पाकर मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे अनगड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। छात्रा का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। छात्रा की पहचान गुमला जिले के डुमरी थाना क्षेत्र की अनिशा श्वेता के रूप में हुई है।

### ट्रक-गैस टैंकर में टक्कर, एक की मौत

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** रांची-पटना एनएच-20 पर मंगलवार सुबह कोडरमा घाटी में जमसौती नाला के पास लोहे की शीट से लदा ट्रक गैस टैंकर से टकराकर खाई में जा गिरा। हादसे में ट्रक मालिक के साले कुंदन यादव की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गैस टैंकर का चालक प्रदीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक का इलाज चल रहा है।

### साइबर ठगी के दो आरोपित गिरफ्तार

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** राजस्थान पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में पलामू जिले से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान कुमार गौरव और ओमप्रकाश यादव के रूप में हुई है। मामला अलवर जिले का है जहां एमपी किसान ऐप की एपीके फाइल डाउनलोड कराकर एक व्यक्ति से 95 हजार रुपए की ठगी की गई थी।

### सर्पदंश से मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना अंतर्गत अलीनगर गांव में सांप के काटने से 60 वर्षीय दुर्गा पासवान की मौत हो गई। बताया जाता है कि रात करीब दो बजे दुर्गा पासवान अपनी खटिया पर सो रहे थे। इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उन्हें काट लिया।

# झारखंड कैडर के आइपीएस कुलदीप द्विवेदी बने सीबीआई के संयुक्त निदेशक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड कैडर के आईपीएस कुलदीप द्विवेदी को सीबीआई में ज्वाइंट डायरेक्टर बनाया गया है। कुलदीप द्विवेदी झारखंड के कई जिलों सहित रांची एसएसपी के पद पर अपनी सेवा दे चुके हैं। झारखंड कैडर के तेज-तर्रार आईपीएस अधिकारी कुलदीप द्विवेदी को सीबीआई का संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के अनुसार सीबीआई के डीआईजी के रूप में कार्यरत कुलदीप द्विवेदी (आईपीएस) को सीबीआई का संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। कुलदीप द्विवेदी झारखंड कैडर के 2005 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। उनका कार्यकाल 17 जनवरी, 2026 तक रहेगा, जब तक वे पांच वर्ष की प्रतिनियुक्ति अवधि पूरी नहीं कर लेते या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो। बता दें कि फिलहाल आईपीएस कुलदीप द्विवेदी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। कुलदीप द्विवेदी राजधानी रांची के एसएसपी के पद पर भी अपनी सेवा दे चुके हैं। कुलदीप द्विवेदी गढ़वा सहित कई जिलों में एसपी भी रह चुके हैं। कुलदीप द्विवेदी की छवि एक तेज तर्रार आईपीएस अफसर की है। झारखंड में अपनी सेवा के दौरान उन्होंने कई दुर्दांत नक्सलियों और अपराधियों को गिरफ्तार किया था और कइयों का एनकाउंटर भी किया।

# कबाड़ी व्यवसायी के घर इडी की टीम ने दी दबिश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**साहिबगंज।** प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने साहिबगंज जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर थाना क्षेत्र के बंगाली टोला स्थित कबाड़ी व्यवसायी संतोष दास उर्फ बबलू गुप्ता के घर पर छापामारी की है। चार सदस्यीय टीम ने दबिश दी। टीम में एक महिला अधिकारी भी शामिल हैं। सुबह लगभग 7 बजे से इडी की टीम कार्रवाई कर रही है। टीम घर में मौजूद कागजात, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की जांच-पड़ताल कर रही है। बताया जा रहा है कि मामला पैसे की अवैध लेन-देन और गोवा से जुड़े एक केस से संबंधित है। ईडी की टीम के अचानक पहुंचने से बंगाली टोला इलाके में हड़कंप मच गया। टीम ने घर पर दस्तक देने के बाद पूरे परिसर को अपने कब्जे में ले लिया और अलग-अलग कमरों में मौजूद कागजात खंगालने लगी। सूत्रों के अनुसार ईडी की कार्रवाई सीधे तौर पर गोवा में दर्ज एक मामले से जुड़ी है। साहिबगंज पहुंची यह टीम विशेष तौर पर इस केस से संबंधित दस्तावेज और सबूत तलाश रही है। सूत्रों का कहना है कि यह मामला कबाड़ी व्यवसायी बबलू गुप्ता की बड़ी बेटी आंचल गुप्ता से संबंधित है। बताया जाता है कि आंचल करीब एक माह पहले ही गोवा से साहिबगंज लौटी थी। ईडी की नजर उसी से जुड़े लेन-देन और आर्थिक गतिविधियों पर है। हालांकि अभी तक एजेंसी ने आधिकारिक रूप से कुछ भी खुलासा नहीं किया है। जांच अधिकारी आंचल से संबंधित दस्तावेजों और डिजिटल डिवाइस की बारीकी से पड़ताल कर रहे हैं। ईडी सूत्रों के मुताबिक बबलू गुप्ता के घर पर हो रही कार्रवाई गोवा में हुए एक बड़े वित्तीय लेन-देन की जांच का हिस्सा है। टीम यह जानने का प्रयास कर रही है कि इस अवैध लेन-देन में आंचल गुप्ता की क्या भूमिका रही। साहिबगंज में ईडी की यह छापेमारी कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी जिले में कई बार अवैध आर्थिक गतिविधियों और खनन से जुड़े मामलों में प्रवर्तन निदेशालय ने कार्रवाई की है। ताजा दबिश ने एक बार फिर जिले में राजनीतिक और कारोबारी हलकों में हलचल मचा दी है।



# गिरिडीह के पांच मजदूर नाइजर में लापता

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पांच मजदूर पिछले चार महीने से अफ्रीकी देश नाइजर में लापता हैं। मंगलवार को उनके परिजनों ने जनता दरबार में डीसी से मुलाकात की। परिजनों ने मजदूरों की सुरक्षित वापसी के लिए मदद मांगी। लापता मजदूरों में एक असिस्टेंट सुपरवाइजर संजय महतो (39) और चार टेक्निशियन हैं। टेक्निशियनों में चंद्रिका महतो (35), फलजीत महतो (32), राजू कुमार (27) और उत्तम महतो (32) शामिल हैं। इन सभी को नाइजर में काम करने के दौरान हथियारबंद अपराधियों ने अगवा कर लिया था। परिजनों का कहना है कि मजदूर असुरक्षित हालात में फंसे हैं। वे घर लौटना चाहते हैं लेकिन परिस्थितियां अनुकूल नहीं हैं। परिवार के सदस्य लगातार चिंतित हैं। उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। बच्चों की स्कूल फीस और मरीजों के इलाज में भी दिक्कत आ रही है। डीसी ने परिजनों को आश्वासन दिया है कि वे मामले की पूरी जानकारी उच्च अधिकारियों और विदेश मंत्रालय को भेजेंगे। परिजन पहले भी राज्य और केंद्र सरकार से मदद मांग चुके हैं लेकिन अभी तक मजदूरों की रिहाई नहीं हो पाई है।

# देह व्यापार के बड़े रैकेट का खुलासा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** शहर में देह व्यापार के खिलाफ पुलिस ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की है। एसडीपीओ सदर के नेतृत्व में एक साथ आठ टीमों ने एनएच किनारे संचालित विभिन्न होटलों में छापेमारी की। सुबह 10 बजे से शुरू हुई कार्रवाई दोपहर 2 बजे तक चली और समाचार लिखे जाने तक अभियान जारी था। छापेमारी के दौरान करीब दो दर्जन युवक-युवतियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई युवतियों में कुछ इंटर की छात्राएं भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार लंबे समय से इन होटलों में संदिग्ध गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं। गुप्त निगरानी के बाद अचानक छापेमारी कर बड़े रैकेट का खुलासा किया गया। एसपी अंजनी अंजनी ने छापेमारी की पुष्टि करते हुए कहा कि यह कार्रवाई देह व्यापार में संलिप्त लोगों पर नकेल कसने के उद्देश्य से की गई है। पकड़े गए युवक-युवतियों से पूछताछ जारी है। होटल संचालकों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। पुलिस अधिकारियों ने साफ किया है कि इस तरह की अवैध गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस छापेमारी से शहर में हड़कंप मच गया है। विशेषकर होटल संचालकों में खौफ व्याप्त है।




# विस्थापितों ने रोका कोयला परिवहन कार्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रामगढ़।** जिले के सयाल डीआरए माइनिंग कंपनी में सौंदा बस्ती के विस्थापित ग्रामीणों ने कोयला परिवहन कार्य रोक दिया है। विस्थापितों का आरोप है कि कंपनी एनआईटी नियमों का पालन नहीं कर रही है। सयाल परियोजना पदाधिकारी और बरका सयाल एरिया सिक्योरिटी इंचार्ज एनके सिंह ने ग्रामीणों से वार्ता का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अडिग रहे। विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता कर रहे नितेश कुमार और सुखदेव प्रसाद ने बताया कि वे सभी यहां के रैयत विस्थापित हैं। उनकी जमीन पर सीसीएल की अंडरटेकिंग एजेंसी आरए माइनिंग कंपनी कोयला खनन कर रही है। नियम के अनुसार कंपनी को खुद परिवहन का काम करना चाहिए लेकिन कंपनी ने यह काम पेटी ट्रांसपोर्टर को दे दिया है। यह एनआईटी एचपीसी नियम का उल्लंघन है। ग्रामीणों का कहना है कि सीसीएल के अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध तरीके से पेटी कांट्रेक्टर को परिवहन का काम दिया गया है। इससे स्थानीय वाहन चालक बेरोजगार हो रहे हैं। वे पलायन करने को मजबूर हैं। पिछले दो साल से सीसीएल प्रबंधन आश्वासन दे रहा है लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। विरोध प्रदर्शन में अखिलेश प्रसाद, पिंकू कुमार और मिथुन कुमार समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।



# नक्सली गतिविधियां राज्य व समाज के लिए सबसे बड़ी चुनौती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** पलामू में मंगलवार को डीआइजी नौशाद आलम की अध्यक्षता में बिहार और झारखंड के नक्सल अभियान से जुड़े शीर्ष अधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। दोनों राज्यों की साझा चुनौतियों और संयुक्त रणनीति पर चर्चा की गई। खासकर कुख्यात नक्सली कमांडर नितेश यादव को मुख्यधारा में लाने या फिर अभियान चलाकर जीवित पकड़ने पर जोर दिया गया। बैठक में यह तय किया गया कि दोनों राज्यों के सुरक्षा बल साझा अभियान को और तेज करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से रमाकांत प्रसाद (एडिशनल एसपी, एसआइजी बिहार), अखिलेश कुमार (डीएसपी अभियान मगध), इंस्पेक्टर रवि शर्मा (अभियान इंस्पेक्टर), बिनीत कुमार (एसआइजी बिहार) और एएसपी अभियान राकेश (पलामू) शामिल रहे। बैठक के बाद डीआइजी नौशाद आलम ने कहा कि नक्सली गतिविधियां राज्य और समाज के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि नितेश यादव जैसे बड़े नक्सली को या तो मुख्यधारा में लाना होगा। अभियान के जरिए पकड़ना ही हमारा लक्ष्य है। बिहार और झारखंड पुलिस की साझा कार्रवाई से नक्सलियों की कमर तोड़ी जाएगी। अब इस क्षेत्र में नक्सलवाद के लिए कोई जगह नहीं बचेगी। बता दें कि नितेश यादव, बिहार के गया जी जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र के तरवाडीह गांव का रहने वाला है। भाकपा (माओवादी) का यह कुख्यात कमांडर झारखंड और बिहार में 70 से अधिक बड़े नक्सली हमलों का आरोपित है।




FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

# हाजीपुर से पीएमसीएच ग्रिड को बिजली मिलेगी, 7 लाख लोगों को फायदा होगा



**पटना, एजेंसी।** हाजीपुर से पीएमसीएच ग्रिड को बिजली मिलेगी। यह उत्तर बिहार से पटना शहर की दूसरी कनेक्टिविटी होगी। बिजली कंपनी मुख्यालय ने हाजीपुर से गंगा पार कर पीएमसीएच तक ट्रांसमिशन लाइन लगाने का निर्णय लिया है।

पहले दीघा ग्रिड से पीएमसीएच को बिजली सप्लाई करने की योजना थी। इसके लिए गंगा पथ के दक्षिण से ओवर हेड ट्रांसमिशन लाइन बनाना था, लेकिन अब हाजीपुर से ट्रांसमिशन लाइन लगाने का निर्णय लिया गया है। यहां 1.5 एकड़ जमीन पर 255.89 करोड़ की लागत से ग्रीन जीआईएस ग्रिड बन रहा है। इससे सात लाख लोगों को लाभ होगा। बिजली कंपनी मुख्यालय के अधिकारियों के मुताबिक, पिछले दिनों मीठापुर और करबिगहिया ग्रिड में तकनीकी गड़बड़ी आने के बाद मध्य पटना में बिजली संकट उत्पन्न हो गया था। ऐसी समस्या भविष्य में न हो, इसके लिए यह निर्णय लिया गया है।

### अब उत्तर बिहार से भी बिजली सप्लाई

पटना शहर को पहले दक्षिण बिहार से बिजली मिलती थी। छपरा के अमनौर से दीघा ग्रिड को बिजली कनेक्टिविटी दी गई। इसके बाद मध्य पटना में बनने वाले बोर्ड कॉलोनी ग्रिड को दीघा से जोड़ा गया। अब हाजीपुर से पीएमसीएच को बिजली कनेक्टिविटी दी जा रही है। इसके मिलने के बाद अब उत्तर बिहार के दो जिलों से पटना शहर को बिजली मिलेगी।

### आईएसबीटी में बिजली गुल, दो महीने से पावर हाउस से समस्या आ रही

बैरिया स्थित आईएसबीटी में यात्रियों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। आईएसबीटी में बिजली गुल हो गई है। पटना जिला ऑटो रिक्शा चालक संघ के पप्पू यादव ने बताया कि यात्रियों के साथ-साथ चालकों को भी परेशानी हो रही है। दो महीने से पावर हाउस से बिजली सप्लाई में दिक्कत आ रही है। साफ-सफाई भी नियमित रूप से नहीं हो रही है। शौचालय में पानी बंद है। सामूहिक शौचालय में पानी नहीं आ रहा है। इससे लोगों को भारी परेशानी होती है।

### ग्रीन जीआईएस ग्रिड से लाभ

सभी ग्रिड को चलाने के लिए बिजली की खपत होती है। इस ग्रिड को चलाने के लिए बिजली सौर ऊर्जा से मिलेगी। इसके लिए सोलर प्लेट लगाई जाएगी। इसके साथ अत्याधुनिक मशीन का उपयोग होने से कार्बन डाई ऑक्साइड, पानी की कम खपत, कचरा प्रबंधन व निस्तारण की व्यवस्था परिसर में होगा। इससे पर्यावरण का नुकसान कम होगा।

### 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन को 33 केवी में बदला जाएगा

हाजीपुर से पीएमसीएच तक 132 केवी की ट्रांसमिशन लाइन आएगी। इस ग्रिड में लगे पावर ट्रांसफार्मर के जरिए इसे 33 केवी में बदलकर पावर सब स्टेशन को बिजली सप्लाई की जाएगी। इससे पीएमसीएच को निर्बाध बिजली मिल सकेगी। आपात स्थिति में आसपास के इलाके को भी बिजली सप्लाई दी जाएगी। साथ ही मध्य पटना के सात पावर सब स्टेशन को यहां से बिजली मिलेगी। इसमें पीएमसीएच मछुआटोली, राजेंद्र नगर, सैदपुर, एसके मेमोरियल, गोलघर, एनआईटी पावर सब स्टेशन शामिल हैं। इस इलाके के 7 लाख से अधिक आबादी को सीधा फायदा होगा।

## गयाजी से नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन सप्ताह में 2 दिन चलेगी, पीएम 22 को रवाना करेंगे

**गयाजी, एजेंसी।** बिहार के गयाजी से नई दिल्ली के लिए नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन सप्ताह में दो दिन चलाई जाएगी। रेलवे ने इस ट्रेन का निर्धारित टाइम टेबल जारी कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 अगस्त को वर्चुअल हरी झंडी दिखाकर इस ट्रेन को रवाना करेंगे। पीएम मोदी की इस दिन बोधगया के मगध विश्वविद्यालय परिसर में जनसभा है। वे यहां से बिहार की कई परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। रेल सूत्रों के अनुसार, 13697 गया-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस गया जंक्शन से हर रविवार और गुरुवार को शाम 4:30 बजे रवाना होगी और अगले दिन दोपहर 12 बजे दिल्ली पहुंचेगी। वहीं, 13698 नई दिल्ली-गया अमृत भारत एक्सप्रेस नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से रात 8:55 बजे खुलेगी और अगले दिन दोपहर 2 बजे गया जंक्शन पहुंचेगी। ट्रेन रास्ते में अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, डीडीयू, सूबेदारगंज, गोविंदपुरी, टूंडला और गाजियाबाद स्टेशनों पर रुकेगी।



गया जंक्शन पर सीनियर डीसीएम राजीव रंजन ने बताया कि 22 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोधगया से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ट्रेन को रवाना करेंगे। इस अवसर पर रेलवे की ओर से गया जंक्शन पर भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन किया जाएगा और स्थल का निरीक्षण कर सभा स्थल तैयार किया जा चुका है। अमृत भारत एक्सप्रेस की सौगात जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसके परिचालन से दिल्ली आने-जाने वाले लोगों को बड़ी सहूलियत मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार



### टीकाकरण के बाद भी पशुओं में लंपी वायरस का खतरा बरकरार

■ विभाग ने किया अलर्ट . जिले के 3 लाख 6 हजार मवेशियों को लगा वायरस रोधी टीका

**नवादा, एजेंसी।** जिले में एक बार फिर लंपी वायरस का खतरा मंडराने लगा है। पशुपालन की मोबाइल टीम को कई जगह मवेशियों में ऐसे लक्षण दिखे हैं। लंपी वायरस की पुष्टि के लिए तो लैब जांच की रिपोर्ट का इंतजार करना होगा लेकिन फिलहाल गाइडलाइन के अनुसार इलाज किया जा रहा है। पशुपालन विभाग ने सभी अनुमंडल प्रखंड और ग्रामीण स्तरीय चिकित्सालय्यों को सतर्क किया है। डॉक्टर को अलर्ट मोड पर रखा गया है। हालांकि जिले में पशुओं को लंपी स्किन डिजीज वायरस से बचाव के लिए में लिए सघन टीकाकरण अभियान चलाया गया और लगभग 70त्न मवेशियों को टीका लगाया जा चुकाहै। इस दौरान लंपी की रोक-थाम के लिए जिले में गोवंश (गाय, बैल, बछड़े) का टीकाकरण हुआ है। जिले में 3 लाख 6 हजार मवेशियों को लंपी के टीके लगाए गए हैं।

पशु चिकित्सक बताते हैं कि लंपी स्किन डिसीज पशुओं को होने वाली एक वायरल बीमारी है। ये पॉक्स वायरस से मवेशियों में मच्छर और मक्खी के जरिए एक से दूसरे में फैलती है। इस बीमारी के लक्षणों में पशु के शरीर पर छोटी-छोटी गांठें बन जाती हैं, शरीर पर जख्म नजर आने लगते हैं। पशु खाना कम कर देता है और उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी घटने लग जाती है। इस बीमारी की शुरूआत में पशु को दो से तीन दिन तक हल्का बुखार रहता है। उन्होंने अपील की है कि पशुपालक बीमार पशुओं का सरकारी चिकित्सालय में ही उपचार कराएं। नवादा में 2023 में मिला था पहला केस बता दे कि लंबी वायरस ने साल 2022 - 23 में देशभर में बड़ी तबाही मचाई थी और लाखों पशुओं की मौत हो गई । नवादा जिले में भी साल 2023- 2024 में बड़ी संख्या में मवेशी लंपी से पीड़ित हुए।

## समस्तीपुर में पंचायत में बुलाकर युवक को मारी गोली

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर के कर्पूरीग्राम थाने के नीरपुर गांव में सोमवार रात बदमाशों ने एक युवक को गोलीमार कर जख्मी कर दिया। युवक को दाहिने कूल्हे पर गोली लगी है। युवक को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक की पहचान गांव के मो. सत्तार के बेटे मोहम्मद नेहाल के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी संजय पांडेय पुलिस टीम के साथ सदर अस्पताल पहुंचे और पीड़ित युवक का बयान लिया है। जख्मी की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

घायल युवक ने बताया कि उसके छोटे भाई से गांव के ही विजय कुमार और प्रकाश सहनी के बीच एक हजार रुपए को लेकर विवाद था। जिस कारण दोनों अपने सहयोगी के साथ आ कर उनके भाई को ब्रह्म स्थान के पास लेकर जाकर सोमवार सुबह मारपीट की थी। लेकिन लोगों ने मामला गांव में ही सलटा दिया। शाम को एक बार फिर दोनों आकर उसके भाई को ले जा रहे थे। जिस पर नेहाल वहां पहुंचा और अपने भाई को वापस लेकर घर लौटने लगा। इसी दौरान पीछे उक्त लोगों ने नेहाल पर फायरिंग कर दी। गोली की आवाज पर जुटे आसपास के लोगों ने नेहाल को उठा कर सदर अस्पताल में एडमिट कराया। पुलिस पदाधिकारी ने क्या कहा एएसपी संजय पांडेय ने बताया कि नेहाल के भाई और गांव प्रकाश सहनी के बीच लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था।

## दुकान से कर्मचारी को हटाने से एक महीने पहले देना होगा नोटिस

**पटना, एजेंसी।** बिहार में अब किसी दुकान या प्रतिष्ठान में कार्यरत कर्मियों को बिना समुचित कारण तथा एक माह के नोटिस दिए हटाया नहीं जा सकेगा। अगर ऐसा किया जाता है तो कर्मी को नोटिस के बदले एक महीने का मानदेय देना होगा। यह उन कर्मियों पर लागू होगा, जो 6 महीने या इससे अधिक समय से संबंधित दुकानों या प्रतिष्ठानों में कार्य कर रहे हैं। दुकानदारों तथा इसमें कार्य करने वालों को सहूलियत प्रदान करने के मकसद से राज्य में 'बिहार दुकान एवं प्रतिष्ठान (रोजगार विनियमन और सेवा शर्त) अधिनियम 2025 लागू कर दिया गया है। इसका गजट प्रकाशन भी हो गया है। अब श्रम संसाधन विभाग इसकी नियमावली बनाकर इसके प्रावधानों को राज्य भर में लागू कराएगा। इस कानून में यह भी साफ किया गया है कि दुकानों-प्रतिष्ठानों में सप्ताह में 48 घंटे से अधिक काम करने की अपेक्षा कर्मियों से नहीं की जाएगी। वहीं, एक दिन में अधिकतम 9 घंटे तक काम लिए जाएंगे। अगर, सप्ताह में 48 घंटे से अधिक काम लिए जाएंगे, तो उसके लिए अतिरिक्त राशि का भुगतान संबंधित कर्मी को करना होगा।



**10 या अधिक कर्मी हैं, तो 6 महीने में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य :** कानून के मुताबिक 10 से कम कर्मियों को रखने वाले दुकानों-प्रतिष्ठानों को पंजीकरण कराना अनिवार्य नहीं होगा। 10 या इससे अधिक कर्मियों वाले दुकानों-प्रतिष्ठानों को इसका आदेश जारी होने की तिथि से 6 माह के अंदर पंजीकरण कराना होगा।

**अंशकालिक महिला कर्मियों को 90 दिनों का मातृत्व अवकाश :** गिग (अंशकालिक) कामगारों के हितों और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए बिहार प्लेटफॉर्म आधारित गिग कामगार (निबंधन, सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण) अधिनियम 2025 को भी लागू कर दिया गया है। महिला गिग कामगारों को गर्भावस्था तथा प्रसव के दौरान 3 महीने का मातृत्व लाभ मिलेगा। इन 3 महीनों के लिए न्यूनतम मजदूरी अथवा राज्य सरकार द्वारा तय की गई राशि महिला कामगारों को उपलब्ध कराई जाएगी। गिग कामगारों को इस कानून का लाभ सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड के गठन की कार्रवाई अब शीघ्र की जाएगी। बोर्ड के माध्यम से गिग कामगारों तथा इनसे कार्य लेने वाली कंपनियों का पंजीयन कराया जाएगा। इसको लेकर भी जल्द ही एक नियमावली राज्य कैबिनेट से पारित कराई जाएगी। इसके बाद बोर्ड का गठन कर दिया जाएगा। इस बोर्ड में कई विभागों के पदाधिकारियों के अलावा गिग कामगारों के तथा संबंधित कंपनियों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

**ड्यूटी पर जान गई तो परिजन को 4 लाख मिलेंगे :** ड्यूटी पर रहते हुए आकस्मिक मृत्यु होने पर 4 लाख रुपये एकमुश्त परिजन को अनुग्रह अनुदान के रूप में दिए जाएंगे। ड्यूटी पर रहते हुए दुर्घटना के मामले में एक सप्ताह से अधिक अस्पताल में भर्ती होने पर 16 हजार और इससे कम दिनों तक भर्ती होने पर 5400 रुपये दिये जाएंगे। वहीं, कर्मी की मृत्यु पर परिजन को 4 लाख दिए जाएंगे।

## मेयर पुत्र के बेल कैंसिलेशन प्रक्रिया में जुटी पुलिस

**पटना, एजेंसी।** पटना मेयर के बेटे शिशिर को भले ही पटना हाईकोर्ट से फिलहाल राहत मिली है। गिरफ्तारी पर रोक है। लेकिन, पटना पुलिस उनकी बेल खारिज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पटना स्स्क्कार्तिकेय के शर्मा ने कहा कि दो मामलों में जमानत पर हैं। उनकी बेल खारिज करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसमें समय लग सकता है। पूरी एक इसकी प्रक्रिया होती है, जो फिलहाल प्रोसेस में है। हाईकोर्ट की सुनवाई पर भी पुलिस की नजर है।



### हाईकोर्ट से रोक के बाद शिशिर खेमे में खुशी

पटना हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद शिशिर गुट के पार्षदों में खुशी है। हालांकि जब उनके खिलाफ स्त्रद्धक्र दर्ज हुई थी, उस वक्त फरार हो गए थे। पुलिस ने पटना सिटी स्थित आवास और उनके ससुराल तक छापेमारी की। लेकिन वो गिरफ्तार नहीं हो पाए थे, बच गए थे। उसके बाद वीडियो संदेश भी उन्होंने जारी किया था।

### दूसरे गुट के महिला पार्षदों ने अभद्रता का लगाया आरोप

शिशिर पर एफआईआर दर्ज होने के बाद मेयर सीता साहू ने भी सीधे हमला नगर आयुक्त अनिमेष पराशर पर किया था। उन्होंने सारे दोष उनपर मढ़ दिए जो शिशिर पर लगाए जा रहे थे। इसके बाद विरोधी गुट की महिला पार्षदों ने प्रेस कांफ्रेंस कर के शिशिर पर अभद्रता, बदसलूकी, भ्रष्टाचार जैसे कई गंभीर आरोप लगाए।

## आकाश यादव ने फोटो वायरल कर बदनाम किया


### तेज प्रताप ने अनुष्का के भाई को बताया जयचंद

**पटना, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और लालू परिवार से निष्कासित बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप ने अपने सहयोगी रहे आकाश यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। तेज प्रताप यादव ने अनुष्का के भाई आकाश को भी जयचंद कहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आकाश यादव ने अन्य जयचंदों के साथ मिलकर अनुष्का यादव के साथ उनके फोटो वायरल किए थे। तेज प्रताप ने उन पर फोटो वायरल करके बदनाम करने और राजनीति खत्म करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप ने सोमवार देर रात सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। इसमें कहा कि इन जैसे लोगों की वजह से हमारा राजनीतिक जीवन खत्म नहीं होगा, बल्कि वह और मजबूती के साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि कोई जयचंद कितनी भी बड़ी से बड़ी साजिश कर ले, लेकिन वो हमसे कभी जीत नहीं पाएगा। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में वह अपने संगठन के माध्यम से पूरे राज्य में संवाद करेंगे। उन्होंने चुनाव लड़ने की भी बात कही।

**तेज प्रताप की आकाश यादव को चुनौती :** तेज प्रताप यादव ने एक इंटरव्यू का वीडियो भी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया है। इसमें उन्होंने आकाश यादव को चुनौती देते हुए कहा कि वह ज्यादा दिन कूद नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा, वो (आकाश) हमको क्या न्याय दिलाएंगे। कौन हमें बदनाम कर रहा है, यह वक्त बताएगा। उन्होंने हमें फंसाने का काम किया। हमारे पर कतरने की कोशिश की गई। इन लोगों के झांसे में हम पड़ने वाले नहीं हैं। बता दें कि यह पहली बार है जब तेज प्रताप ने आकाश यादव पर सीधे तौर पर हमला बोला है।



तेज प्रताप यादव ने मई 2025 में अपने फेसबुक अकाउंट पर अनुष्का यादव के साथ एक तस्वीर पोस्ट की थी, जिसमें दावा किया गया कि वे दोनों 12 साल से रिलेशनशिप में हैं। इसके कुछ देर बाद उन्होंने यह पोस्ट डिलीट कर दी थी। कुछ ही घंटों के भीतर तेज प्रताप और अनुष्का के अलग-अलग फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगे। अगले दिन आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव ने अपने बड़े बेटे को पार्टी और परिवार से बेदखल कर दिया।



### आकाश यादव कौन हैं?

आकाश यादव तेज प्रताप के करीबी रह चुके हैं। वह छात्र राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष रहे थे। बाद में वे पशुपति पारस की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (आरएलजेपी) की छात्र विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। तेज प्रताप और अनुष्का यादव घटनाक्रम के बाद पारस ने आकाश को पार्टी से निकाल दिया था। जिस अनुष्का यादव के तेज प्रताप संग फोटो वायरल हुए थे, आकाश यादव उनके भाई हैं। इस वाकये के बाद वे सार्वजनिक रूप से तेज प्रताप के समर्थन में दिखे थे।

## एक्स्ट्रा क्लास के नाम पर कोचिंग टीचर ने बनाए संबंध: वीडियो बनाकर 5 साल तक ब्लैकमेल किया

### लड़की बोली-किसी और से शादी करना चाहता था



**समस्तीपुर, एजेंसी।**

समस्तीपुर के विभूतिपुर में 24 साल की लड़की ने कोचिंग के टीचर और संचालक पर एक्स्ट्रा क्लास के नाम पर फिजिकल रिलेशन बनाने का आरोप लगाया है। लड़की के मुताबिक, टीचर ने कोचिंग में उसके साथ संबंध बनाए, फिर वीडियो भी बना लिया। इस वीडियो के नाम पर पिछले 5 साल से लड़की से संबंध बना रहा था। जब लड़की ने शादी का दबाव डाला तो टीचर ने मना कर दिया।

मामला पहले पंचायत तक पहुंचा, जहां लड़के ने अपने पिता और गांव वालों के सामने आरोपों को स्वीकार करते हुए शादी की बात कही। लेकिन बाद में मुकर गया और दूसरी लड़की से शादी की तैयारी करने लगा। जब लड़की को इसकी जानकारी हुई, तो वो विभूतिपुर थाना पहुंची, लेकिन केस दर्ज नहीं हुआ। मजबूरन लड़की को कोर्ट का सहारा लेना पड़ा, तब आरोपी के खिलाफ स्त्रद्धक्रदर्ज की गई।

अब सिलसिलेवार तरीके से जानिए, लड़की ने कोचिंग संचालक पर क्या आरोप लगाए

पीड़िता ने बताया कि मैंने 2019 में करियर ट्यूटोरियल आर्ट क्लासेज जॉइन किया था। फरवरी 2020 में मुझे एग्जाम देना था। एग्जाम से 10 दिन पहले कोचिंग में पढ़ाने वाले अभय भूषण सर ने मेरे साथ जबरदस्ती की। इस दौरान उन्होंने अश्लील वीडियो भी बनाया। मैंने जब विरोध किया और रोने लगी, तो मुझे झांसा दिया कि मैं तुमसे प्यार करता हूं और तुमसे ही शादी करूंगा। पीड़िता के मुताबिक, अभय ने कहा कि इस बात की जानकारी किसी को नहीं देनी है, वीडियो के बारे में किसी को मत बताना। अगर ऐसा करोगी तो मेरी पहुंच जज, दरोगा, वकील तक है। तुम अगर किसी को बताओगी तो भी मेरा कुछ नहीं कर पाओगी। अभय पिछले 5 साल से वीडियो के जरिए मेरा यौन शोषण कर रहा है। 2020 से लेकर 2025 खत्म होने को है। इस दौरान लगातार अभय मुझसे मिलता रहा, सोशल मीडिया के जरिए, फिजिकल भी मुझसे टच में रहा। इस पूरे पांच साल तक वो मुझे वीडियो के नाम पर ब्लैकमेल कर फिजिकल एब्यूज करता रहा।

### मुझे से संबंध बनाया, दूसरी से शादी करने का प्लान

पीड़िता ने कहा कि मुझसे शादी का वादा करने और पांच साल तक साथ रहने के बाद अब अभय दूसरी लड़की से शादी करने जा रहा था। जब मुझे ये बात पता चली, तो मैंने इसकी शिकायत उसके पिता से की। उसके पिता ने भी मुझे धमकाया। बाद में ये मामला पंचायत तक भी पहुंचा था, जिसमें उसने एक्सेप्ट कर लिया था कि मैं तुमसे शादी करूंगा। 21 जून को मुझे अभय और उसके पिता समस्तीपुर ले गए और कोरे कागज पर दस्तखत करा लिया। इससे पहले 18 और 19 जून को भी अभय ने मुझसे मुलाकात की थी और कहा था कि मैं दूसरी लड़की से शादी करने जा रहा हूं। तुम कोरे कागज पर साइन कर देना, नहीं तो मैं तुम्हारी बहन और तुम्हारी गोली मारकर हत्या कर दूंगा।

### महिला संगठन में भी की थी शिकायत, फिर थाना पहुंची

मैं पहले महिला संगठन में शिकायत करने गई थी। लेकिन धमकी की वजह से महिला संगठन से मैंने शिकायत वापस ले ली। इसके अलावा, मैंने थाना में भी आवेदन दिया था, लेकिन मेरे आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। मजबूरन मुझे कोर्ट जाना पड़ा। मैंने रोसरा कोर्ट में आवेदन दिया था, जिसके बाद 25 जुलाई को मामला दर्ज कराया गया था। दो दिन पहले मैंने डीएसपी से मुलाकात की थी। उन्होंने मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। जब मैं दोबारा कल थाना गई, तो पहले बताया गया कि तुम्हारा कुछ नहीं हो सकता है। तुम्हारे पास कोई सबूत नहीं है। मैंने बताया कि मेरे पास फोटो है, वॉट्सऐप चैट है। इसके बाद मुझे बताया गया कि तुम्हारी शिकायत पर स्त्रद्धक्रदर्ज हो चुकी है। लेकिन पुलिस मुझे एफआईआर की कॉपी नहीं दे रही थी।

# मिस व मिसेज झारखंड -2025 का ऑडिशन सम्पन्न




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रांची शहर फैशन और ग्लैमर सिटी बनने के लिए पूरी तरह तैयार है। किसी बड़े महानगर के तर्ज पर अब रांची में भी कई बड़े फैशन, फिल्म, मनोरंजन व कला से जुड़े कोई न कोई बड़ी कार्यक्रम आयोजित होते ही रहते हैं। रविवार को भी रांची में मिस व मिसेज झारखंड 2025 ऑडिशन का होटल बीएनआर चाणक्य,रांची में किया गया। आईसब्रेकर ओशियन विजन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित मिस व मिसेज झारखंड -2025 (सौंदर्य स्पर्धा) का ऑडिशन ऑनलाइन व ऑफलाइन किया गया। ऑडिशन में झारखंड भर से 250 प्रतिभागी शामिल हुई जिसमें जमशेदपुर, हजारीबाग, रांची व झारखंड के अन्य जिलों से प्रतिभागियों ने ऑडिशन में भाग लिया। ये ऑडिशन अविवाहित व महिलाओं के लिए ही था और ऑडिशन में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने अपनी भावनाओं को साझा किया। इस दौरान कंटेस्टेंट को कैटवॉक राउंड,एक्स फैक्टर राउंड,आई क्यू राउंड, इंट्रोडक्शन राउंड इत्यादि से गुजरना पड़ा, जिसमें प्रतिभागियों के उत्साह और कौशल ने सभी जजेज को हैरान कर दिया।

7 सितंबर को मिस व मिसेज झारखंड 2025 का फाइनल आयोजित होने है। 2025 के मिस व मिसेज झारखंड की घोषणा भव्य कार्यक्रम के बीच होगी जहां फाइनलिस्ट को मिसेज वर्ल्ड, मिस इंडिया, बॉलीवुड सेलेब्रिटीज़ व हजारों दर्शको के सामने एक भव्य कार्यक्रम में रैंप वॉक का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही उन्हें ग्रूमिंग सेशन में भाग लेने का मौका मिलेगा। ऑडिशन और ओरिएंटेशन सेशन में भाग लेने के लिए सभी प्रतिभागियों को कोई एक निर्धारित परिधान में उपस्थित होना अनिवार्य है। इस वर्ष का आयोजन स्टॉप वॉयलेंस अगेंस्ट वीमेन के थीम पर आयोजित है आईसब्रेकर ओशियन विजन प्राइवेट लिमिटेड के एमडी प्रवीण सिन्हा ने बताया कि इस ऑडिशन में चयनित व इस पेजेंट के विनर को रूफ फाउंडेशन के सौजन्य से झारखंड भर में नारी के उत्थान के लिए एक ब्रांड अम्बेसडर के रूप में विभिन्न गतिविधियों में शामिल कर गांव समाज में सैनेटरी पैड वितरण और इस विषय में गांव-गांव जाकर महिलाओं को जागरूक करने का लक्ष्य है और यह कदम महिला सशक्तिकरण के तरफ उठाया जाने वाला एक और बड़ा कदम होगा। इस आयोजन के निर्णायक मंडल में सदस्य के रूप में मिस झारखंड 2025 आराधना कुमारी सिंह, वसीम आलम, प्रियंका जयसवाल, आरिफ बट्ट, बलराम शाहू सहित कई लोग मौजूद रहें।

इस कार्यक्रम का संचालन संजीव कुमार ने किया।

# हजारीबाग पुलिस की बड़ी कार्रवाई : शहर के कई होटलों में देह व्यापार का भंडाफोड़



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग़ को गुप्त सूचना मिली थी कि शहर के विभिन्न होटलों में अवैध देह व्यापार का धंधा चल रहा है। प्राप्त सूचना के आलोक में आज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, छह अन्य दंडाधिकारी तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल के साथ विशेष छापेमारी अभियान शुरू किया गया।

जिन होटलों में छापेमारी की जा रही है, उनमें होटल रेस्टोरेंट 7 डेज, होटल रुक्मणी, होटल 2 ईंट, होटल स्पाइसी, होटल सिद्धिविनायक और होटल रेस्टोरेंट वर्णिका शामिल हैं। पुलिस टीम संबंधित होटलों में प्रवेश कर पूरे घटनाक्रम की जांच करते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर कार्रवाई कर रही है।

यह कार्रवाई आज की बड़ी घटना मानी जा रही है और जिले में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

# हजारीबाग उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने किया केंद्रीय कारा का औचक निरीक्षण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

हजारीबाग़। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की सख्ती को लेकर आज हजारीबाग केंद्रीय कारा में औचक निरीक्षण किया गया। उपायुक्त हजारीबाग एवं पुलिस अधीक्षक हजारीबाग की संयुक्त अध्यक्षता में, दंडाधिकारी की मौजूदगी में यह विशेष जांच अभियान संचालित हुआ।

निरीक्षण के क्रम में जेल परिसर के विभिन्न वार्डों एवं संवेदनशील स्थलों की गहन तलाशी ली गई। अब तक की जांच में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद नहीं हुई हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और कारा परिसर में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु ऐसे औचक निरीक्षण समय-समय पर जारी रहेंगे। आज की इस कार्रवाई से जेल प्रशासन में सतर्कता और अनुशासन बनाए रखने का संदेश गया है।

# आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने क्लस्टर-3 एथलेटिक्स में दिखाया दमखम, सृष्टि कुमारी तीसरे स्थान पर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के चेडरा स्थित आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने सीबीएसई द्वारा आयोजित क्लस्टर-3 एथलेटिक्स प्रतियोगिता-2025 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता का आयोजन रांची के विकास विद्यालय ओरमांझी में हुआ, जिसमें झारखंड और बिहार के 100 विद्यालयों के 1100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।




विद्यालय से कुल पांच छात्राओं – सृष्टि कुमारी, आरुषि कुमारी, निधि कुमारी, मन्नु कुमारी और गीता कुमारी ने भाग लिया। इनमें कक्षा 8 की छात्रा सृष्टि कुमारी ने अंडर-17 वर्ग की 800 मीटर दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, आरुषि कुमारी (कक्षा 8) ने 100 और 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन कर फाइनल में जगह बनाई। कक्षा 9 की मन्नु कुमारी ने 400 मीटर और 1500 मीटर दौड़ में भाग लेकर अपना जज्बा दिखाया। इसी तरह गीता कुमारी और निधि कुमारी ने 100 मीटर शॉटपुट और 200 मीटर लॉन्ग जंप में दमखम दिखाते हुए फाइनल तक जगह बनाई।

विद्यालय की शिक्षिका सह कोच ज्योति टोप्पो और खेल शिक्षक रवि कुमार ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर अनुशासन और मेहनत की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्राचार्य दिग्विजय नारायण और प्रबंध निदेशक सागर कुमार ने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक राणा इकबाल खान सहित विद्यालय समिति के सभी सदस्यों ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई और कहा कि खेल जीवन में संघर्ष और सफलता का असली मंत्र सिखाता है।

# ऑटो स्टैंड संचालकों की मनमानी पर जिला प्रशासन की सख्ती



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** नगर निगम क्षेत्र के खिरगांव में ऑटो स्टैंड संचालकों द्वारा टोटो रिक्शा को जबरन रोककर यात्रियों को परेशान किए जाने की सूचना प्राप्त होते ही उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने तत्काल संज्ञान लिया। उपायुक्त के निर्देश पर जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

मौके पर जिला प्रशासन की टीम ने ऑटो संघ के अध्यक्ष एवं ऑटो संचालकों से पूछताछ की। गलत तरीके से टोटो रिक्शा के संचालन पर रोक लगाने को लेकर ऑटो संचालकों को कड़ी फटकार लगाई गई तथा भविष्य में ऐसी हरकत पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इस दौरान ऑटो संघ के अध्यक्ष एवं संचालकों ने अपनी गलती स्वीकार की और आश्वासन दिया कि ऐसी पुनरावृति नहीं होगी। परिवहन विभाग की टीम द्वारा मौके पर कई ऑटो के परमिट एवं कागजातों की जांच की गई। टैक्स फ़ेल पाए गए ऑटो चालकों को सात दिनों के अंदर सभी दस्तावेज अद्यतन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी ऑटो चालकों को अनिवार्य रूप से खाकी वर्दी पहनकर वाहन चलाने का आदेश दिया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि टोटो एवं ऑटो का संचालन पूर्ववर्ती प्रणाली से ही होगा और किसी भी प्रकार की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कस्तूरबा विद्यालय में चाहरदीवारी योजना का विधायक ने किया शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण।** कस्तुरबा गांधी बालिका प्लस टू आवासीय विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। विधायक मनोज यादव ने विद्यालय परिसर में आयोजित चाहरदिवारी निर्माण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम में घोषणा की कि चाहरदिवारी के साथ ही जल्द विद्यालय के लिए नया बड़ा भवन, बैडमिंटन कोर्ट और रोटी मेकर की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही, विद्यालय से फोन आने पर चौपारण में एंबुलेंस की सुविधा तुरंत उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मनोज यादव ने बच्चियों से कहा कि वे घर से दूर रहकर शिक्षा प्राप्त कर रही हैं, इसलिए अनुशासन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा आप केवल अपने माता-पिता की ही नहीं, बल्कि भारत के भविष्य की धरोहर हैं। माता-पिता ने जन्म दिया है, लेकिन आगे बढ़ना और जीवन को संवारना आपकी मेहनत पर निर्भर है। शिक्षा ही आपके भविष्य का निर्माण करेगी। उन्होंने बताया कि विद्यालय की पुरानी चहारदीवारी जर्जर हो चुकी थी, जिसे हटाकर नई चहारदीवारी का निर्माण होगा। बताया कि दिशा की बैठक में सांसद के साथ चर्चा और उपायुक्त से वार्ता के बाद इसकी स्वीकृति मिल गई है। भवन की कमी को भी दूर करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर मुखिया अर्जुन सिंह, पंसस जनार्दन सिंह, राजदेव यादव, मुखिया जानकी यादव, विकास यादव, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, रामचंद्र सिंह, सतेन्द्र सिंह, बीईईओ प्रभाकर सिंह, सुनील सिंह, गजाधर प्रसाद, सुनील शेखर, छोटु चंद्रवंशी, उपेंद्र प्रजापति, रेवाशंकर साहु, रंजीत सिंह, विद्यालय की वार्डन संघमित्रा कुमारी, प्रकाश कुमार, राजेन्द्र प्रसाद सहित अन्य शिक्षक, छात्राएं एवं ग्रामीण मौजूद थे।



## बच्चियों ने मांग की, विधायक ने तुरंत घोषणा की

समारोह में कस्तुरबा गांधी विद्यालय की लगभग पांच सौ छात्राएं शामिल हुई। बच्चियों ने विद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर विधायक मनोज यादव से मांग रखी। इसमें भवन निर्माण, रोटी मेकर, बैडमिंटन कोर्ट, एंबुलेंस आदि की मांग हुई। इस पर विधायक ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सभी मांग पूरी करने की बात कही।

# चार दिन गुजरने के बाद भी नहर में डूबे युवक का नहीं मिला सुराग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** नबीनगर थाना क्षेत्र के राजपुर गांव के समीप उत्तर कोयल नहर में बीते शनिवार की सुबह छोटे भाई को बचाने में बड़े और मंझले भाई नहर में डूब गए थे। पानी की तेज धार होने के कारण दोनों नहर में बह गए थे। जबकि डूब रहे छोटे भाई को बचा लिया गया था। दोनों को बचाने के लिए स्थानीय लोगों ने अपनी तरफ से काफी कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। मंझले भाई पियूष का शव घटनास्थल से चार किलोमीटर दूर कासिमपुर के पास से बरामद हुआ था जबकि प्रिंस का कोई सुराग नहीं मिला है। बता दें कि माली थाना क्षेत्र के सिमरी धमनी निवासी तीन सगे भाई राजपुर गांव में अपने बुआ के घर गए थे। शनिवार की सुबह तीनों भाई शौच के लिए नहर की ओर गए। लौटते समय पैर फिसलने से छोटा भाई रिशु नहर में गिर गया। तेज बहाव होने के कारण वह डूबने लगा। उसे डूबता देख मंझले भाई पीयूष और बड़े भाई प्रिंस ने नहर में छलांग लगा दी। किसी तरह उसे तो बचा लिया, लेकिन दोनों बह गए। दूसरे रविवार को पियूष का शव मिला था। इधर जब प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीण खुद से उसे ढूंढने के लिए नहर में उतर गए हैं। धमनी गांव के दर्जनों लोग घटनास्थल से आठ किलोमीटर दूर एरका कालोनी तक उसे ढूंढते हुए पहुंचे लेकिन उसका कुछ सुराग नहीं चल सका। ग्रामीण श्याम जी पांडेय, चंदन कुमार ने बताया कि कासीमपुर गांव के बधार में लाइनिग के बाद नहर में काफी भूस्खलन हो गया है। शव मिट्टी में दबा हो सकता है या फिर नहर के वेंट साइफन में फंसा होगा। चार दिन बीतने के बाद भी प्रिंस का कुछ पता नहीं चलने से अब स्वजन धैर्य खो रहे है। वहीं अभी तक नबीनगर के सीओ और बीडीओ घटनास्थल का मुआयना करने नहीं पहुंचे है। सीओ निकहत परवीन के मोबाइल पर फोन कर हकीकत जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। एसडीओ संतन कुमार सिह ने बताया कि एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया था परंतु नहर में पानी अधिक होने के कारण नहीं ढूंढा जा सका। फिलहाल नबीनगर सीओ को आवश्यक निर्देश दिया गया है। फिलहाल प्रशासनिक स्तर पर खोजबीन के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

## वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर धीरा बिगहा गांव में छापेमारी कर फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि धीरा बिगहा गांव निवासी राजेश चौहान पिता कारू चौहान को गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध न्यायालय से गिरफ्तारी का वारंट निर्गत था जिसे गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# चौपारण दुर्गा पूजा समिति का गठन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड के ब्लॉक मोड़ स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में सोमवार की शाम दुर्गा पूजा पंडाल समिति, चौपारण की एक महत्वपूर्ण बैठक शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा नेता राजदेव यादव ने की। बैठक में सर्वसम्मति से समिति के नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी शिवकुमार सिंह ऊर्फ शिव सिंह को सौंपी गई। वहीं सचिव पद पर युवा समाजसेवी रिशु बर्नवाल और कोषाध्यक्ष पद पर सुधीर केशरी को चुना गया।

नवनियुक्त अध्यक्ष शिवकुमार सिंह ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि इस बार भी चौपारण में ऐतिहासिक और भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूजा पंडाल को आकर्षक और भव्य रूप देने की योजना तैयार की गई है। चतरा मोड़ से चौथी मोड़ तक आकर्षक लाइटिंग की विशेष व्यवस्था की जाएगी, ताकि श्रद्धालु और आमजन उत्सव का भरपूर आनंद उठा सकें। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों से अपील की कि सभी तन-मन-धन से सहयोग करें, जिससे इस वर्ष का आयोजन और भी सफल एवं यादगार बन सके। बैठक में यह भी तय किया गया कि पूजा पंडाल में सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रसाद वितरण, भक्ति कार्यक्रम और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की विस्तृत रूपरेखा भी तैयार की गई। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने उम्मीद जताई कि इस बार चौपारण की दुर्गा पूजा न केवल भव्यता में बल्कि अनुशासन और व्यवस्था में भी मिसाल कायम करेगी।

# वरिष्ठ भाजपा नेता के निधन से अपूरणीय क्षति : अश्विनी तिवारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता अश्विनी कुमार तिवारी ने मंगलवार सुबह भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह पूर्व सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत चोरी के निवासी अरुण सिह का पिछले दिनों निधन का खबर सुन उनके घर जाकर परिवार के सदस्यों से मिलकर गहरा दुख व्यक्त किया। कहा कि अरुण बाबू बहुत ही नेक दिल इंसान थे। वे 2011 में पत्नी को सरपंच बनाया और 2016 में पत्नी को पंचायत समिति सदस्य बनवाया। वे सभी जाति सभी धर्म के लोगों से अच्छा रिश्ता रखते थे। समाज में उनका बहुत अच्छा पैठ था। उनके निधन से मुझे व्यक्तिगत क्षति हुई है। पार्टी को सिचने में भी उनका बड़ा योगदान रहा है वे वह भारतीय जनता पार्टी के प्रखंड मंत्री उपाध्यक्ष व कार्यसमिति के सदस्य रह चुके थे। उनका उम्र 56 वर्ष का था। वे अपने पीछे दो पुत्र एक पुत्री भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# दहेज हत्या मामले में पति और ससुर को दस साल का सश्रम कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेश कुमार की अदालत ने दहेज हत्या के एक मामले में कड़ा फैसला सुनाते हुए आरोपी पति और ससुर को दोषी करार दिया है। अदालत ने मृतका के पति गुड्डू कुमार और ससुर कपिल यादव, ग्राम डकरा मिलकीपर, थाना शिखरिया ओपी, जिला जहानाबाद को धारा 304(बी) के तहत 10 वर्ष का सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर दोनों को दो माह साधारण कारावास की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। साथ ही धारा 498(ए) भादवि में तीन वर्ष का सश्रम कारावास भी दिया गया। लोक अभियोजक शारदानंद कुमार ने जानकारी दी कि मृतका स्वीटी कुमारी ने उपचार के दौरान अपने बयान में घटना का विवरण दर्ज कराया था। उसने बताया था कि 16 दिसंबर 2022 को ससुराल में पति गुड्डू कुमार ने उसे कमरे में बंद कर मारपीट की और जबरन शराब पिलाई। इसके बाद उसने पीड़िता के भाई को फोन कर कहा कि तुम्हारी बहन अब भगवान के पास जाने वाली है। आरोप है कि गुड्डू और परिजनों ने उसके शरीर पर केरोसिन छिड़ककर आग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। पीड़िता को उपचार के लिए पीएमसीएच पटना ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इससे पहले भी मोटरसाइकिल सहित अन्य दहेज की मांग को लेकर पीड़िता को पति, सास, ससुर और ननद प्रताड़ित किया करते थे। पीड़िता के बयान के आधार पर जहानाबाद थाना में कांड संख्या 1189/22 दर्ज किया गया था। सभी साक्ष्यों और गवाहियों को देखते हुए अदालत ने पति और ससुर को दोषी पाते हुए यह कठोर सजा सुनाई।



## पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (ईएनएचएम), पूर्व रेलवे, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता हैं: **निविदा संख्या: एम/ ईएनएचएम/38/टेंडर/एएसएन/03, दिनांक: 18.08.2025। कार्य का नाम:** अंडाल स्थित उप-मंडल रेलवे अस्पताल (एसडीआरएच) में टर्नकी आधार पर 05 केएलडी क्षमता के ईटीपी की आपूर्ति एवं स्थापना, जिसमें बागवानी एवं सफाई उद्देश्य हेतु जल के पुनः उपयोग का प्रावधान भी शामिल है। **इकाई:** कार्य। **मात्रा:** 01। **इकाई दर:** ₹ 10,86,969। **18% की दर से जीएसटी:** ₹1,95,654। **कार्य की कुल लागत:** ₹ 12,82,623। निविदा बंद होने और खुलने की तारीख **05.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे**। निविदा दस्तावेज वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकेगा।

(ASN-158/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# छात्रा की मौत पर लोग हुए आग-बबूला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मदनपुर की 11 वर्षीय छात्रा नेहा कुमारी की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को जीटी रोड पर थाना मोड़ के सड़क जाम कर दिया। विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही के विरोध में नारेबाजी की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्यालय का संचालन सही तरीके से नहीं हो रहा है। तीन घंटे तक सड़क जाम रहा जिस कारण वाहन चालकों को परेशानी हुई। जाम की सूचना पर सशस्त्र बलों के साथ थानाध्यक्ष राजेश कुमार पहुंचे। थानाध्यक्ष के साथ बीडीओ अवतुल्य कुमार आर्य, सीओ अकबर हुसैन, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संजीव कुमार ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। दोषी पाए जाने वालों पर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

सड़क जाम किए ग्रामीण किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थे। स्वजनों का कहना था कि बिना कोई परिवार को साथ लिए प्रशासन ने शव का अंत्यपरीक्षण करा दिया। सवाल उठाया कि आनन-फानन में अंत्यत परीक्षण क्यों कराया। सड़क जाम किए ग्रामीण डीएम को बुलाने की मांग कर रहे थे। कह रहे थे कि डीएम के सामने अपनी बात रखेंगे। कुछ मनचले युवक प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित

- घंटों रहा जीटी रोड जाम, पुलिस ने किसी तरह छुड़ायी जान
- गुस्साये लोगों ने गेटमैन के साथ की मारपीट

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के मुख्य गेट का ताला तोड़ अंदर प्रवेश कर गए।

गेटमैन सुनीता कुमारी के साथ मारपीट किया। किचेन का पिछला दरवाजा तोड़ वहां खाना बना रहे रसोइया रंजू देवी एवं मीना देवी की पिटाई कर दी। स्थिति संभालने के लिए तीन थानों की पुलिस बुलाया गया। मदनपुर के अलावा सलैया एवं कासमा थाना पुलिस पहुंचती तो किसी तरह भीड़ को वहां से भगाया। 11.30 से तीन बजे तक सड़क जाम रहा। सड़क से जाम हटाने को पुलिस को पसीना बहाना पड़ा। सड़क के दोनों लेन में जाम के कारण आवागमन ठप था। यात्रियों एवं वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना पर एसडीओ संतन कुमार सिंह, एसडीपीओ चंदन कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना भोला कुमार कर्ण पहुंचे।

# माउंटेन मैन के परिजनों को राहुल गांधी ने दी घर की चाबी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार की शाम गयाजी शहर के खालिस पार्क में आयोजित कांग्रेस मतदाता अधिकार यात्रा की जनसभा में माउंटेन मैन दशरथ मांझी के परिजनों को घर की चाबी दी।

उस दौरान राहुल गांधी के साथ मंच पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और कांग्रेस नेता मोहन श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से माउंटेन मैन दशरथ मांझी के पुत्र भागीरथ मांझी को घर की चाबी सौंपी। मालूम हो कि पिछले महीने जब राहुल गांधी गयाजी आए थे तो उन्होंने दशरथ मांझी के परिजनों से मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद दशरथ मांझी के परिजनों के लिए घर बनाने का काम शुरू हुआ था, जिसके बाद उन्होंने कांग्रेस द्वारा बनाए गए घर की चाबी दी थी।

# अंचलाधिकारी पर 50 हजार रुपये राजस्व क्षति का आरोप

## डीएम से की गयी विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** बिना वरीय अधिकारी की अनुमति के अंचल कार्यालय के दो शीशम के पेड़ नीलामी के मामले में बगहा (एक) की सीओ नर्मदा श्रीवास्तव की मुश्किल बढ़ गई है। लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, बगहा के द्वारा सीओ नर्मदा श्रीवास्तव के विरुद्ध 50 हजार रुपये राजस्व क्षति की राशि जमा करने का निर्देश दिया है। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा जिलाधिकारी से की गई है।

मामले में परिवादी बगहा एक प्रखंड के कोल्हुआ चौतरवा निवासी अहमद अली ने लोक शिकायत निवारण कार्यालय, बगहा में सीओ के द्वारा दो सूखे शीशम के पेड़ विभागीय नियम के खिलाफ कम मूल्य पर नीलाम करने का आरोप लगाया गया था। उनके द्वारा साक्ष्य के रूप में पेड़ का वीडियो भी दिया गया। इस संबंध में सीओ, बगहा एक को आठ अप्रैल को नोटिस भेजा गया। इसके बाद 9 मई को पुनः स्मार पत्र भेजकर प्रतिवेदन की मांग की गई।सीओ के द्वारा 30 अप्रैल 2025 को प्रतिवेदन समर्पित किया गया, जिसमें सीओ ने बताया कि उक्त पेड़ को नियमानुसार चार हजार में नीलाम कर राशि सरकारी खाते में जमा करा दी गई, लेकिन परिवादी के द्वारा दिए गए वीडियो का अवलोकन स्थानीय लकड़ी व्यवसाई के द्वारा कराया गया, जिसमें एक शीशम का पेड़ 20 से 25 हजार रुपये कीमत की बताई गई।

दूसरी ओर, शीशम के पेड़ की नीलामी बिना डीएफओ की अनुमति से करने की बात बताई गई। इसके लिए वन क्षेत्र पदाधिकारी बगहा के द्वारा प्रतिवेदन में यह बताया गया कि उक्त शीशम के पेड़ की नीलामी एवं पातन के लिए वन प्रमंडल पदाधिकारी, बेतिया से अनुमति नहीं ली गई, जबकि सूखे हुए शीशम के पेड़ कटवाने के पूर्व डीएफओ से अनुमति लेना अपेक्षित है।

वहीं, जांच में उच्चाधिकारियों को असहयोग करने का आरोप है। वन क्षेत्र पदाधिकारी के प्रतिवेदन में यह स्पष्ट किया गया कि शीशम के दोनों पेड़ों की नीलामी 50 हजार रुपये की जगह कम मूल्य चार हजार में किया गया है। इसे गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने सीओ के विरुद्ध जुर्माना का आदेश दिया है।

# मां-बेटी को चाकू से गोदा, दोनों की स्थिति गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** थाना क्षेत्र की दौलतपुर पंचायत वार्ड संख्या दो में दिल दहला देने वाली घटना हुई। 46 वर्षीय शोभा देवी, पति परमानंद महतो उर्फ मंटू, अपनी बेटी 17 वर्षीय गुड़िया के साथ घर में सोई हुई थी। रात्रि में अचानक शोभा देवी चीखने-चिल्लाने लगीं। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। तब तक आरोपित मौके से फरार हो चुका था। ग्रामीणों ने बताया कि जब वे लोग पहुंचे, शोभा देवी और उनकी बेटी गुड़िया गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ीं चीख रही थी। देखने से ऐसा लगता था किसी ने चाकू से उन दोनों के शरीर पर वार किया है। तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही खोदावंदपुर थाना अध्यक्ष चंदन कुमार एवं अख्तर हुसैन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे एवं घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खोदावंदपुर ले जाया गया।

## पुलिस कर रही मामले की छानबीन

यहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद गंभीर रूप से जख्मी दोनों मां और बेटी को डाक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, बेगूसराय रेफर कर दिया। स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल से दोनों को पटना रेफर कर दिया गया है।

स्वजनों के अनुसार, शोभा देवी के पति मजदूरी के सिलसिले में बाहर रहते हैं। बेटा सूरज कुमार तथा छोटी बेटी सुप्रिया उस समय अपने भाई के साथ कृष्ण जन्माष्टमी मेला देखने गई थी। घटना के समय घर में शोभा देवी और उनकी बेटी गुड़िया ही मौजूद थीं। ग्रामीणों का कहना है कि धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या की नीयत से घटना को अंजाम दिया गया। हालांकि, हमलावर कौन था, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल इस संबंध में पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# ट्रेन से 2.18 क्विंटल विदेशी पोस्ता बरामद

## स्थानीय बाजार में 4,79,600 रुपये आंकी जा रही कीमत

## गुप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ ने की कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** आरपीएफ ने पटना कस्टम विभाग के सहयोग से अवध असम एक्सप्रेस ट्रेन की एक बोगी से 2.18 क्विंटल विदेशी पोस्ता (अफीम) बरामद किया है। बरामद पोस्ता की कीमत स्थानीय बाजार में करीब 4,79,600 रुपये बताई जा रही है।

बताया जाता है कि पोस्ता दीमापुर से दिल्ली के लिए बुक किया गया था। इस मामले में आरपीएफ बरामद पोस्ता को जब्त करने और ट्रेन बुक करने वाले तस्कर की पहचान कर उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, बीते सोमवार को आरपीएफ को कस्टम विभाग, पटना के एक अधिकारी से गुप्त सूचना मिली कि ट्रेन संख्या 15909 अवध असम एक्सप्रेस की एक बोगी में भारी मात्रा में विदेशी पोस्ता की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही आरपीएफ प्रभारी थानाध्यक्ष साकेत कुमार के नेतृत्व में कस्टम अधिकारी व आरपीएफ के अन्य जवानों ने ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचते ही तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

इस दौरान आरपीएफ ने एक बोगी में तीन जूट के बोरे में रखे सामान को बेहद लावारिस हालत में बरामद किया। बरामद सामान की जांच करने पर उसमें विदेशी पोस्ता दाना मिला। जब यात्रियों से बरामद सामान के बारे में पूछताछ की गई तो किसी ने अपना मालिकाना हक नहीं बताया।

इसके बाद पुलिस ने सामान को जब्त कर लिया। आरपीएफ प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि अवध असम ट्रेन की एक बोगी से 2.18 किलोग्राम पोस्ता दाना बरामद किया गया है। इस मामले में साकेत कुमार ने बताया कि तकनीकी जांच से पता चला कि पोस्ता दाना दीमापुर से दिल्ली भेजा जा रहा था। सामान बुक करने वाले का पता लगाया जा रहा है।

गौरतलब है कि मार्च महीने में आरपीएफ ने कस्टम विभाग के अधिकारी के साथ अवध असम एक्सप्रेस की एक बोगी से करीब चार क्विंटल पोस्ता दाना बरामद किया था। बरामद पोस्ता दाना की बाजार में कीमत करीब 6.15 लाख बताई गई थी।

# गोलीकांड प्रकरण में तीन धराये

**बिहारशरीफ।** परवलपुर थाना क्षेत्र के मिल्कीपर गांव में ओझा गुड़ी झाड़-फूंक को लेकर हुए विवाद और गोलीबारी मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। सोमवार को हिलसा डीएसपी-02 कुमार ऋषिराज ने अपने इस्लामपुर स्थित कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। इस मौके पर परवलपुर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह भी मौजूद रहे।डीएसपी ने बताया कि 16 अगस्त 2025 को मिल्कीपर गांव में अनुज कुमार और सनफुला देवी के परिजनों के बीच झाड़-फूंक विवाद को लेकर मारपीट और गोलीबारी की घटना हुई थी। इस मामले में दोनों पक्षों के आवेदन पर 12 नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसी बीच 17 अगस्त 2025 को शाम 4:55 बजे परवलपुर थाना को एक वीडियो प्राप्त हुआ, जिसमें एक युवक देसी पिस्तौल, कारतूस और देसी शराब के साथ रील बनाता हुआ नजर आया। वीडियो की जांच में यह युवक अनुज कुमार, पिता वीरमणी प्रसाद, निवासी मिल्कीपर, थाना परवलपुर जिला नालंदा के रूप में पहचान हुआ।

# बहन के प्रेमी की गला रेतकर हत्या

## बर्थडे पार्टी के बहाने बुलाया था मृतक को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी पटना में प्रेम प्रसंग को लेकर एक खौफनाक वारदात सामने आई है। दीदारगंज थाना क्षेत्र के माधवपुर फतेहपुर के पास राजेंद्र कॉलेज के निकट 15 अगस्त को पुलिस को एक युवक का शव बरामद हुआ था। मृतक की पहचान 30 वर्षीय मोहम्मद शहजादा के रूप में हुई। मामले का खुलासा करते हुए पटना ग्रामीण एसपी विक्रम सिहाग ने बताया कि मृतक का कत्ल उसकी प्रेमिका के भाइयों ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी युवकों ने बर्थडे पार्टी के बहाने मृतक को बुलाया और फिर सुनसान इलाके में ले जाकर उसकी हत्या कर दी।

आरोपियों ने मृतक की ई-रिक्शा बुक कर उसे पुनपुन बांध के पास सुनसान जगह पर बुलाया। वहां पहले से ही आरोपियों ने हत्या के लिए चापड़, छेनी, चाकू और रिंच जैसे हथियार एक गिफ्ट कार्टन में छिपाकर रखे थे। मौके पर पहुंचते ही उन्होंने शहजादा पर ताबड़तोड़ हमला किया। एसपी ने बताया कि युवक के शरीर पर कई घाव मिले, आंख फोड़ दी गई और गला रेतकर उसकी हत्या की गई। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल हथियारों को भी बरामद कर लिया है।

पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि मृतक और उनकी बहन के प्रेम प्रसंग की चर्चा मोहल्ले और रिश्तेदारों में होने लगी थी। लोग ताने मारते थे, जिससे आरोपी आहत थे। इसी नाराजगी में उन्होंने अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची और उसे अंजाम दिया। घटना स्थल से पुलिस ने मृतक की ई-रिक्शा और एक हवाई चप्पल भी बरामद की है। पुलिस ने कहा कि सभी आरोपी गिरफ्त में हैं और उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया है।

# इनामी हिस्ट्रीशीटर बुटन चौधरी गिरोह के दो और सदस्य गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** महाराष्ट्र से दो लाख रुपये के इनामी हिस्ट्रीशीटर बुटन चौधरी की गिरफ्तारी के बाद गैंग के अन्य सदस्यों पर भी पुलिस का शिकंजा तेजी से कसने लगा है। इस कड़ी में भोजपुर पुलिस ने हत्या एवं गोलीबारी जैसे कांडों में वांटेड सुमित चौधरी के अलावा सुरेश सिंह उर्फ रइया को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

गिरफ्तार सुमित चौधरी व सुरेश दोनों उदवंतनगर थाना के बेलाउर गांव के निवासी हैं। सुरेश सिंह उर्फ रइया के पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल व मैगजीन बरामद किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपित बुटन चौधरी गैंग के गुर्गे बताए जाते हैं। इसकी जानकारी मंगलवार को एसपी राज ने प्रेस वार्ता में दी। एसपी के अनुसार गिरफ्तार सुमित चौधरी खनगांव बालू घाट पर घटित हर्षित सिंह की हत्या एवं पूर्व में मारे गए बीडीसी सदस्य दीपक के साह के पुत्र आयुष समेत दो को गोली



मारे जाने की घटना में संलिप्त रहा था, जबकि सुरेश उर्फ रइया बीडीसी सदस्य के पुत्र को गोली मारे जाने की घटना में जमानत पर है।

इसके अलावा आर्म्स एक्ट से जुड़े दूसरे कांड में एक अन्य आरोपित बेलाउर निवासी राकेश को भी गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, गैंग से उसका जुड़ाव नहीं है। मालूम हो कि 20 अक्टूबर 2023 को चांदी थाना के खनगांव बालू घाट पर रास्ता व वर्चस्व को लेकर उपजे विवाद में दो गुटों के बीच गोलीबारी की घटना हुई थी।

जिसमें सिकरहटा थाना के सिकरौल गांव निवासी मनोज सिंह के पुत्र हर्षित सिंह की मौत हो गई थी, जबकि बेलाउर गांव का प्रकाश चौधरी व कल्लू सिंह समेत दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के विरुद्ध प्राथमिकी कराई थी।

घायल प्रकाश चौधरी के बयान पर बुटन चौधरी एवं सुमित चौधरी समेत नौ पर नामजद एवं 10-12 अज्ञात के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी कराई गई थी। इसी तरह 26 मार्च 2024 को उदवंतनगर के बेलाउर गांव में पूर्व पंचायत समिति सदस्य स्व. दीपक गुप्ता के पुत्र आयुष एवं उसके दोस्त दीपू को गोली मारकर घायल कर दिया गया था।

इसे लेकर घायल ने आधा दर्जन के विरुद्ध प्राथमिकी कराई थी। जिसमें बुटन चौधरी एवं उसके भाई उपेन्द्र चौधरी के परिवार व गुर्गों को आरोपित किया गया था। टीम में थानाध्यक्ष जयंत प्रकाश, दारोगा सुमंत समेत डीआइयू की टीम शामिल थी।

महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई शहर से गिरफ्तार दो लाख के इनामी बेलाउर गांव निवासी कुख्यात बुटन चौधरी को भोजपुर पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर यहां ला रही है। मंगलवार की देर रात तक आरा पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

इसके लिए उदवंतनगर थाना के एक दारोगा को वारंट लेकर वहां भेजा गया था। इससे पूर्व रविवार की देर रात पटना एसटीएफ की टीम ने वांटेड को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की थी। इसके बाद उससे गहन पूछताछ कर निशानदेही पर अन्य जगहों पर भी सघन छापेमारी हुई थी। उसके विरुद्ध 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# तीन बार विधायक रहे नरेन्द्र कुमार सिंह ने थामा राजद का दामन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** मटिहानी से तीन बार विधायक रहे नरेंद्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह ने मंगलवार को अपने केशावे स्थित आवास पर प्रेस वार्ता कर राजद में शामिल होने की घोषणा की। उन्होंने कहा, आज से राजद मेरा है और मैं राजद का हूं। जात-धर्म नहीं, केवल इंसानियत मेरी पहचान है। मटिहानी विधानसभा की समस्याओं का समाधान मैं बेटा बनकर करूंगा।

उन्होंने कहा कि अब उनकी प्राथमिकता महागठबंधन की जीत और तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। मतगणना तक यही उनका मिशन रहेगा।

बेगूसराय की सभी सात विधानसभा सीटों पर महागठबंधन की जीत का दावा करते हुए उन्होंने कार्यकताओं से जी-जान से जुटने की अपील की।

एनडीए छोड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जदयू ने उनका इस्तेमाल किया। जनता ने उन्हें दो बार पैक्स अध्यक्ष, एक बार जिला परिषद सदस्य और चार बार विधायक बनाया, लेकिन पार्टी ने सम्मान नहीं दिया।

कम्युनिस्टों के समर्थन पर उन्होंने कहा कि वामपंथ उनके परिवार की विरासत रही है, परंतु सम्मान जनता ने दिया। मटिहानी से राजद प्रत्याशी बनने के सवाल पर बोगो सिंह ने कहा कि यह फैसला तेजस्वी यादव और पार्टी हाईकमान पर निर्भर करेगा।

दूसरी ओर, प्रखंड की रानी-एक पंचायत के बैंक बाजार स्थित जदयू कार्यालय में मंगलवार को बछवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के तीनों प्रखंडों के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विवेक कुमार ने की, जबकि पर्यवेक्षण जिला संगठन प्रभारी शिवनंदन सिंह एवं विधानसभा प्रभारी सह प्रदेश सचिव धीरेंद्र कुमार सिंह ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि आगामी 22 अगस्त को सिमरिया गंगा नदी पर बने नवनिर्मित सिक्सलेन पुल का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। इस अवसर पर बछवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे।

उन्होंने इसे ऐतिहासिक दिन करार दिया। मंसूरचक प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि उसी दिन अगापुर में एनडीए का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन भी प्रस्तावित है।

कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने और 2025 में नीतीश कुमार को पुनः मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। बैठक को भगवानपुर प्रखंड अध्यक्ष पिंकी देवी, उपाध्यक्ष श्रीराम राय, पंसस सिकंदर कुमार ने भी संबोधित किया।

## चोरों के आतंक से लोग परेशान

**चंद्रमंडी (जमुई)।** चंद्रमंडी थाना क्षेत्र के चौपला इलाके में चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम देते हुए लगभग पांच की संपत्ति की चोरी कर ली। बताते चलें कि प्रखंड में चोर गिरोह लंबे समय से सक्रिय है और लगातार चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं।

गौरतलब है कि प्रखंड के विभिन्न इलाकों में पिछले कुछ महीनों में लगभग एक दर्जन से अधिक चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन एक भी घटना का पदार्फाश पुलिस नहीं कर पाई है। ताजा मामला चंद्रमंडी थाना क्षेत्र के गनेया गांव का है।

# आसमान छूने लगी जमीन की कीमतें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** पूर्णिया शहर से महज छह किलोमीटर की दूरी पर केनगर प्रखंड के गोआसी गांव में हवाई अड्डे का निर्माण अंतिम चरण में है। हवाई सेवा की शुरूआत बस होने ही वाली है। विधानसभा चुनाव दहलीज पर है और राजनीतिक गलियारों में इस उड़ान का अलग शोर है।

इसी तरह हवाई अड्डा स्थल के आसपास अब नए शहर का शोर भी जोर पकड़ चुका है। अचानक इलाके में जमीन की प्लॉटिंग व फिर पूर्व में खरीदी गई जमीन की घेराबंदी शुरू हो गई है।

अचानक जमीन की कीमत में उछाल आ गया है। जमीन का भाव आसमान छूने लगा है।

हवाई अड्डे की शुरूआत की आहट मात्र से इस इलाके की जमीन के निबंधन की रफ्तार बढ़ गई है। निबंधन कार्यालय से प्राप्त आंकड़े भी इस बात के गवाह हैं। अगस्त माह में गोआसी पंचायत व इसके आसपास के गांव के दो दर्जन प्लॉटों का निबंधन हुआ है। इसमें अधिकांश जमीन लेने वाले ब्रोकर या फिर सीधी क्रेता ने पूर्व में ही एग्रीमेंट करा रखा था और अब वे जमीन अपने नाम करा चुके हैं।

इधर, नए प्लॉट का एग्रीमेंट भी हो रहा है। इसके अलावा, खुद किसान सड़क किनारे की जमीन को अपने व्यवसाय का आधार बनाने की कवायद में जुट चुके हैं।

गोआसी पंचायत भी है। इसी पंचायत के गोआसी गांव में हवाई अड्डे का निर्माण चल रहा है। इस पंचायत से वनभाग, सतकोदरिया, रहुआ पंचायत सहित शहर के वार्डों का भी जुड़ाव है। लगभग एक दशक पूर्व तक इस इलाके के चुनापुर घाट पर पुल के अभाव में शहर आने के लिए लंबा फेरा लगाता था। आज यहां हवाई अड्डे का निर्माण हो रहा है।

# राजगीर और वैशाली में बनेंगे फाइव स्टार होटल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में तेजी से बढ़ते पर्यटकों को ध्यान में रखते हुए पांच सितारा होटल जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इसके तहत नालंदा के राजगीर में दो पांच सितारा होटल और वैशाली में एक पांच सितारा रिसॉर्ट का निर्माण कराए जाने की योजना है। इसके लिए दोनों स्थानों पर जमीन का चयन कर लिया गया है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित राज्य कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव पर मुहर लगी। इसमें लिए निर्णयों के बारे में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) डॉ. एस सिद्धार्थ ने सूचना भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट में 16 एजेंडों पर मुहर लगी। सरकार ने अपने कर्मियों के लिए वर्ष 2026 का अवकाश कैलेंडर जारी कर दिया है।

डॉ. सिद्धार्थ ने कहा कि दोनों स्थानों पर पीपीपी (जन-निजी भागीदारी) के माध्यम से इनका निर्माण कराया जाएगा। राज्य सरकार ने दोनों स्थानों पर इसके लिए जमीन देने का निर्णय लिया है। राजगीर में दो पांच सितारा होटल निर्माण के लिए मेला मैदान के पास स्थित 10 एकड़ जमीन चिह्नित किया गया है।

इसी तरह वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय का परिसर करीब 75 एकड़ का है। इसी परिसर की 10 एकड़ जमीन इस रिसॉर्ट के लिए उपलब्ध कराई गई है।

होटल एवं रिसॉर्ट निर्माण से संबंधित कुछ मुख्य प्रावधान किए गए हैं। इसमें एक निर्धारित अवधि के लिए निजी निवेशक को लीज पर प्रदान किया जाएगा। इस लीज अवधि की समाप्ति के उपरांत निर्मित परिसंपत्तियों का संचालन एवं प्रबंधन के संबंध में सरकार के स्तर से उचित निर्णय लिया जा सकेगा।

एसीएस ने कहा कि राजकीय शिक्षक पुरस्कार की राशि को दोगुना करते हुए 15 से 20 हजार रुपये कर दी गई है। पिछले वर्ष 42 शिक्षकों को पुरस्कार प्रदान किया गया था। इस वर्ष भी जितने भी उपर्युक्त शिक्षक होंगे, उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गयाजी में स्वतंत्रता सेनानी स्व. उपेंद्र नाथ वर्मा की जयंती प्रतिवर्ष 23 अगस्त को शहर के दिग्घी तालाब के उत्तर-पश्चिम कोना पर मौजूद उनकी प्रतिमा स्थल पर राजकीय समारोह के तौर पर मनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राजगीर खेल परिसर सह राजगीर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पहुंच पथ का निर्माण करने के लिए 363 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह सड़क स्टेडियम से एनएच-120 तक विरायतन भाया कुबरी, जैतीपुर, फतेहपुर एवं इंडो होके होटल होते हुए जाएगी। इसकी लंबाई 7.40 किमी है। इतनी लंबाई में 4 लेन सड़क के अलावा आरओबी समेत अन्य का निर्माण होगा।

इसी तरह एनएच-30 के सालेपुर-नरसंडा-तेलमर-करौटा 19.43 किमी की लंबाई वाली सड़क को 2 लेन से बढ़ाकर 4 लेन चौड़ीकरण करने के लिए 539 करोड़ 19 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इस मार्ग में 2 फ्लाई ओवर, 2 वृहद पुल, 13 माइन पुल, 19 अरसीसी बॉक्स कल्भर्ट और 34 पाईप कल्भर्ट के निर्माण का प्रावधान किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि उन्नति योजना के अंतर्गत राज्य के 20 बाजार पांगणों में राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) अंतर्गत योजना के कार्यान्वयन के लिए वन टाइम ग्रांट के तौर पर 6 करोड़ रुपये व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस ऑनलाइन भुगतान की सेवा की सुविधा के जरिए किसानों को अपने उपज बेचने में आसानी होगी।

सभी तरह की सरकारी नौकरियों की प्रतियोगिता परीक्षाओं में आवेदन शुल्क 100 रुपये करने के फैसले पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। इससे पहले 15 अगस्त के मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसका निर्णय लेते हुए अपने सोशल साइट एक्स पर पोस्ट किया था। यह सुविधा बीपीएससी, एसएससी, बिहार तकनीकी सेवा आयोग, बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, केंद्रीय सिपाही चयन पर्षद समेत अन्य सभी के स्तर से आयोजित होने वाली परीक्षाओं में लागू होगा।

# मंदिर में प्रेमी-प्रेमिका की शादी बनी चर्चा का विषय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** जिले के अलग-अलग इलाकों से अक्सर प्यार के किस्से सुनने को मिलते रहते हैं। एक दफा फिर एक कहानी सामने आई जो अनोखी है। दरअसल, एक युवक ने गांव के ही मंदिर में अपनी प्रेमिका से शादी करने से पहले उससे कई सवाल कर दिए।

युवक ने बार-बार यह पक्का किया कि उसकी प्रेमिका अपनी मर्जी से शादी कर रही है और उस पर किसी तरह की जोर-जबरदस्ती नहीं है। युवती ने हर सवाल का जवाब ह्यहांह्ण में देकर यह साबित कर दिया कि वह अपने प्रेमी के साथ शादी करने को तैयार है।

मामला सिकंदरा थाना क्षेत्र के सबलबीघा गांव का है। प्रेमी युवक की पहचान लालबहादुर चौधरी के पुत्र सोनू कुमार (23) और प्रेमिका युवती की पहचान पिंकी कुमारी (21) के रूप में हुई है। दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं और दो साल से एक-दूसरे से प्यार करते थे।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में साफ दिख रहा है कि मंदिर में शादी से पहले सोनू अपनी प्रेमिका पिंकी से पूछता है - अपनी मर्जी से आए हो न, कोई जोर जबरदस्ती नहीं है न? शादी करने के बाद घर छोड़ तो नहीं दोगी? अगर घरवाले कुछ कहेंगे तो क्या करोगी?

इन सभी सवालों का युवती ने मुस्कुराकर ह्यहांह्ण में जवाब दिया। इसके बाद सोनू ने अपनी प्रेमिका को फूलों की माला पहनाई, उसकी मांग में सिंदूर भरा और मंगलसूत्र गले में डालकर शादी की रस्म पूरी की।

इस शादी का वीडियो कुछ दिन पहले का बताया जा रहा है, जो अब इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लोग इस अनोखी शादी की चर्चा कर रहे हैं। खास बात यह है कि शादी से पहले प्रेमी द्वारा पूछे गए सवालों ने इसे और भी दिलचस्प बना दिया है। जमुई में अब इस शादी की चर्चा खूब हो रही है।

CMYK

# मुख्यमंत्री ने ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं बालिका छात्रावास का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान, पटना में प्रबंधन विकास केंद्र (एम०डी०सी०) एवं बालिका छात्रावास का शिलापट्ट अनावरण कर तथा फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने प्रबंधन विकास केंद्र (एम०डी०सी०) एवं बालिका छात्रावास का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भवन अच्छा बना है। प्रबंधन विकास केंद्र के नये भवन में प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताएं और बेहतर ढंग से पूर्ण की जा सकेंगी। बालिका छात्रावास के निर्माण से छात्राओं को यहां रहने की बेहतर सुविधा मिलेगी जिससे उन्हें पठन-पाठन में सहूलियत होगी। कार्यक्रम के दौरान जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव सह ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के निदेशक डॉ० एस० सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम (बी०एस०ई०आई०डी०सी०) की प्रबंध निदेशक इनायत खान, पटना के जिलाधिकारी डॉ० त्यागराजन एस०एम० सहित अन्य वरीय अधिकारीगण तथा ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान, पटना की स्थापना सन 1973 में हुई थी। संस्थान में वर्त्तमान में प्रबंधन एवं कम्प्यूटर का कुल 10 कोर्स का संचालन किया जा रहा है जिसमें कि 1600 से ज्यादा छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। संस्थान के प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये प्रबंधन विकास केन्द्र की स्थापना की गई है। प्रबंधन विकास केन्द्र में 26 कमरे हैं जिसमें कुल 52 व्यक्तियों के रहने की व्यवस्था है। प्रबंधन विकास केन्द्र में प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण हॉल, आवासीय प्रशिक्षण हेतु डायनिंग हॉल इत्यादि की व्यवस्था है। प्रबंधन विकास केन्द्र के निर्माण पर 4 करोड़ 99 लाख 97 हजार 400 रुपये की लागत आयी है। संस्थान में काफी संख्या में बालिकायें नामांकित हैं। उनकी सुविधा हेतु वातानुकूलित बालिका छात्रावास का निर्माण एवं उन्नयन कुल 4 करोड़ 99 लाख 97 हजार 400 रुपये की लागत से की गई है। इस छात्रावास में दो ब्लॉक हैं। दोनों ब्लॉक में कुल 40 कमरे एवं 8 हॉल हैं जिनमें कुल 168 छात्राओं के रहने की व्यवस्था है।

# आत्मविश्वासी भारत विकास और नवाचार की ओर अग्रसर : आशीष कुमार चौहान

## स्वतंत्रता दिवस पर एनएसई के एमडी एवं सीईओ का संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** देश की आजादी के 79 वर्ष पूरे होने पर स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार चौहान ने राष्ट्रवासियों को शुभकामनाएं दीं और भारत की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह दिवस केवल स्वतंत्रता का प्रतीक नहीं है, बल्कि उन आदर्शों और मूल्यों का स्मरण भी है जिन्होंने भारत को विश्व पटल पर एक सशक्त पहचान दिलाई है। श्री चौहान ने कहा कि आज भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ है और विकास, नवाचार तथा तकनीकी प्रगति के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। 79 वर्षों की आजादी पूरी करते हुए भारत एक आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में खड़ा है। देश विकास, नवाचार और सभी के लिए बेहतर भविष्य निर्माण के साथ-साथ अपनी वैश्विक उपस्थिति को और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि पूंजी बाजार और वित्तीय क्षेत्र भारत की आर्थिक यात्रा में अहम भूमिका निभा रहे हैं और एनएसई जैसी संस्थाएं निवेशकों को सुरक्षित, पारदर्शी और विश्वसनीय मंच उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। हमारा प्रयास है कि भारत न केवल दुनिया की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था बने, बल्कि एक ऐसा राष्ट्र भी बने जो समावेशी विकास का आदर्श प्रस्तुत करे, स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि यह अवसर हर भारतीय के लिए एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण के संकल्प को दोहराने का है। हम सब मिलकर भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर देश की नींव रखें।

# राजस्व महा-अभियान में तीन दिनों में 23 लाख से अधिक जमाबंदी पंजी की प्रतियों का हुआ वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा चलाए जा रहे राजस्व महा-अभियान में महज 16 अगस्त से 18 अगस्त तक तीन दिनों में ही बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। राज्यभर में तीन दिनों में अब तक 23 लाख से अधिक जमाबंदी पंजी की प्रतियां रैयतों के बीच वितरित की जा चुकी है। सर्वाधिक जमाबंदी के वितरण में शेखपुरा पहले स्थान पर है। वहां कुल जमाबंदी के 24.02 फीसदी जमाबंदी प्रतियों का वितरण किया गया है। दूसरे नंबर पर जहानाबाद, तीसरे नंबर पर कैमूर, चौथे नंबर पर नवादा एवं पांचवें नंबर पर पूर्णिया है। जहानाबाद में 14.48 फीसदी, कैमूर में 13.78 फीसदी, नवादा में 13.72 फीसदी एवं पूर्णिया में 11.35 फीसदी जमाबंदी की प्रतियों का वितरण तीन दिनों में कर दिया गया है। छठे स्थान पर अररिया है। यहां 11.16 फीसदी वितरण हुआ है। सातवें स्थान पर खगड़िया है। यहां 11.15 फीसदी वितरण हुआ है। आठवें स्थान पर वैशाली है और यहां 10.41 फीसदी जमाबंदी की प्रति का वितरण हो गया है। नौवें स्थान पर गोपालगंज एवं दसवें स्थान पर किशनगंज है। यहां क्रमशः 10.28 फीसदी एवं 9.29 फीसदी जमाबंदी की प्रतियों का वितरण रैयतों के बीच कर दिया गया है। बताते चलें कि राज्य के सभी 38 जिलों में कुल जमाबंदी की संख्या 3 करोड़, 59

# बिहार में 20 बाजार प्रांगण जुड़ेंगे इ-नाम से राष्ट्रीय कृषि बाजार से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार मंत्रिमंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषोन्नति योजना अंतर्गत राज्य के 20 बाजार प्रांगणों में राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) डी॰पी॰आर॰ आधारित योजना के कार्यान्वयन की स्वीकृति प्रदान की है। इस योजना के लिए केंद्र सरकार की ओर से 06 करोड़ रुपये की राशि वन टाईम ग्रांट के रूप में उपलब्ध कराई गई है जो शत-प्रतिशत केन्द्रांश होगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों को अपनी उपज के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एकीकृत मंच प्रदान करना है। इस योजना का उद्देश्य कृषि वस्तुओं के व्यापार के लिए एकीकृत बाजार प्रदान करना तथा कृषि उत्पादों के आगमन, गुणवत्ता एवं मूल्य, खरीद और बिक्री प्रस्ताव, व्यापार प्रस्तावों का संचालन करने का प्रावधान और इलेक्ट्रॉनिक भुगतान जैसे सेवायें प्रदान करके इलेक्ट्रॉनिक रूप से व्यापार की सुविधा प्रदान करना है। इससे कृषक, व्यापारी एवं एफ०पी०ओ० अपने फसल को पूरे देश भर के बाजार में विपणन कर उचित मूल्य प्राप्त कर पायेंगे। ऑनलाइन भुगतान की सेवा की सुविधा के जरिए किसानों को अपने उपज बेचने में आसानी होगी।

**डिजिटल कृषि निदेशालय से होगी बेहतर अनुश्रवण व्यवस्था**

कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने बताया कि बिहार में देश का पहला डिजिटल कृषि निदेशालय पहले ही गठित किया जा चुका है। ई-नाम योजना को इससे जोड़ने के बाद राज्य के बाजार प्रांगणों का अनुश्रवण और अधिक प्रभावी और पारदर्शी तरीके से किया जा सकेगा। किसानों को अपनी उपज की बिक्री में सुविधा और खरीदारों को गुणवत्ता आधारित खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

**ई-नाम किसानों के लिए राष्ट्रीय स्तर का मंच**

राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) भारत सरकार का एक महत्वाकांक्षी अखिल भारतीय इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग पोर्टल है। इसका संचालन लघु किसान कृषि व्यवसाय संघ द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में किया जाता है। यह मंच वर्तमान एपीएमसी मंडियों को आपस में जोड़कर किसानों और व्यापारियों को राष्ट्रीय स्तर पर एकीकृत बाजार उपलब्ध कराता है।

प्रधान सचिव श्री कुमार ने कहा कि ई-नाम से कृषि विपणन में एकरूपता आएगी तथा एकीकृत मंडियों की प्रक्रियाएं सरल और सुव्यवस्थित होंगी। खरीदारों और विक्रेताओं के बीच सूचना की असमानता दूर होगी और वास्तविक मांग एवं आपूर्ति के आधार पर रियल-टाइम मूल्य खोज संभव होगी। इसके अतिरिक्त उपज की गुणवत्ता पर आधारित पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया से किसानों को बेहतर मूल्य मिलेगा। साथ ही समय पर ऑनलाइन भुगतान की सुविधा किसानों की आय सुरक्षा सुनिश्चित

# बियाडा देगा बंद उद्योगों को दोबारा शुरू करने का मौका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) ने बियाडा एमनेस्टी नीति 2025 जारी की है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक भूखंडों पर चल रही मुकदमेबाजी को कम करना और मुकदमेबाजी पर खर्च हो रहे पैसे और समय को बचाना है। इसके साथ ही वैसी इकाइयां जो काफी समय से बंद या खाली पड़ी हैं, उनकी औद्योगिक भूमि को फिर से उद्योग के काम में लाना है। इससे बंद पड़ी उद्योगों को दोबारा शुरू करने का मौका दिया जाएगा। यह नीति 31 दिसंबर 2025 तक लागू होगी। सरल शब्दों में कहा जाए तो बियाडा एमनेस्टी पॉलिसी 2025 उन उद्योगों को मौका देती है जिनका आवंटन विवादों या काम न होने की वजह से अटक गया है। इस नीति से वे अपनी समस्याओं को सुलझाकर दोबारा उद्योग चला सकते हैं, जिससे बिहार में औद्योगीकरण और रोजगार दोनों को बढ़ावा मिलेगा। बिहार में उद्योग से जुड़ी मुकदमेबाजी लगातार बढ़ रही है। इससे उद्योग लगाने में परेशानी होती है, इसलिए यह नीति एक समाधान के रूप में लाई गई है। इसके तहत जो इकाइयां इस नीति का लाभ लेना चाहती हैं, वे स्वेच्छा से आगे आ सकती हैं। उनसे उम्मीद की जाती है कि वे उद्योग शुरू करने या

# कोलकाता को मिला मेट्रो का नया उपहार, पूजा से पहले बदलेगा सफर का अंदाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोलकाता।** सिटी ऑफ जॉय को इस बार दुर्गा पूजा से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बड़ा तोहफा दिया है। शुक्रवार को उन्होंने 13.62 किलोमीटर नई मेट्रो कनेक्टिविटी को हरी झंडी दिखाई, जिसमें ग्रीन लाइन (एस्प्लानेड-सीलदाह), येलो लाइन (नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर) और ऑरेंज लाइन (हेमंता मुखोपाध्याय-बेलघाटा) शामिल हैं। भारत की पहली मेट्रो 1984 में कोलकाता की सड़कों के नीचे दौड़ी थी। तब से लेकर आज तक शहर और मेट्रो का रिश्ता लगातार गहराता रहा, लेकिन बढ़ते ट्रैफिक और लंबी यात्राओं ने तेज नेटवर्क की कमी को हमेशा महसूस कराया। अब नई लाइनों के शुरू होने से कोलकातावासियों को ट्रैफिक जाम और प्रदूषण से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। ग्रीन लाइन पर एस्प्लानेड से सीलदाह तक का सफर सिर्फ 11 मिनट में पूरा होगा जो पहले एक घंटे तक लेता था। येलो लाइन से लोगों का दशकों पुराना सपना पूरा हुआ और अब एस्प्लानेड से एयरपोर्ट तक का सफर सिर्फ 30 मिनट में संभव हो गया है। वहीं ऑरेंज लाइन साइंस सिटी और बेलघाटा के बड़े अस्पतालों को जोड़ते हुए जल्द ही सॉल्ट लेक सेक्टर ५ से भी जुड़ जाएगी, जिससे मरीजों, छात्रों और पेशेवरों को बड़ी सहूलियत होगी। इस विस्तार से न सिर्फ यात्रियों को फायदा होगा बल्कि दमदम, पार्क स्ट्रीट और एस्प्लानेड जैसे क्षेत्रों में व्यापार और रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। गौरतलब है कि 1984 से 2014 तक जहां सिर्फ 27.99 किलोमीटर मेट्रो बनी थी, वहीं पिछले दस वर्षों में 45 किलोमीटर नई लाइनें जुड़ी हैं। दुर्गा पूजा से ठीक पहले आया यह तोहफा पंडाल-हॉपिंग और पारिवारिक मुलाकातों को और आसान बनाएगा तथा कोलकातावासियों के लिए गर्व और आनंद की नई यात्रा का संदेश देगा।

# गयाजी और दिल्ली के मध्य अमृत भारत ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर सासाराम-डीडीयू-सूबेदारगंज(प्रयागराज)-गोविंदपुरी(कानपुर)-गाजियाबाद के रास्ते गया जी और दिल्ली के मध्य अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अमृत भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा 22.08.2025 को गया जी और दिल्ली के मध्य चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन का शुभारंभ गाड़ी सं. 03621 गया-दिल्ली अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल को हरी झंडी दिखाकर किया जायेगा। 22.08.2025 को गाड़ी सं. 03621 गया-दिल्ली अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल गया जं. से 10.50 बजे खुलकर 11.40 बजे अनुग्रह नारायण रोड, 12.10 बजे डिहरी ऑन सोन, 12.35 बजे सासाराम, 13.20 बजे भभुआ रोड, 14.10 बजे डीडीयू, 17.20 सूबेदारगंज, 20.15 बजे गोविंदपुरी, 23.30 बजे टुण्डला, अगले दिन 02.55 बजे गाजियाबाद रूकते हुए 04.30 बजे दिल्ली पहुंचेगी। गाड़ी सं. 13697/13698 दिल्ली-गया-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन गया जं. से 28.08.2025 से सप्ताह के प्रत्येक रविवार एवं गुरूवार को तथा दिल्ली से सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को किया जायेगा। इस ट्रेन में शयनयान श्रेणी के 08 कोच, साधारण श्रेणी के

# मानव बल की पूर्ति से ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा बल : मंगल पांडेय

## 410 चिकित्सा पदाधिकारियों को मिले नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजधानी पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में मंगलवार को एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला सह नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों हेतु 410 चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का परिवार लगातार बड़ा हो रहा है। पिछले कुछ महीनों में विशेषज्ञ चिकित्सक, आयुष डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, एएनएम और जीएनएम की बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की गई हैं। आज 410 एमबीबीएस डॉक्टरों की नियुक्ति से ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं को और मजबूती मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है। साथ ही अगले महीने से नए हेल्थ सब-सेंटर खोलने का कार्य भी प्रारंभ होगा। श्री पांडेय ने कहा कि पिछले तीन महीनों में ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत लगभग 1,200 चिकित्सकों की नियुक्ति राज्य स्वास्थ्य समिति के द्वारा की गई है जबकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा 3,000 से अधिक चिकित्सकों की नियुक्ति प्रक्रिया अंतिम चरण में है। पिछले 11 महीनों से दवा वितरण में बिहार देश में नंबर वन रहा है। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं हर व्यक्ति तक समय पर पहुंचे। इसके लिए राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत ये नियुक्तियां की गई हैं। श्री पांडेय ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच की सराहना करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि बिहार के लोगों को इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े। श्री पांडेय ने सभी नवनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि आप सभी मृदुभाषी बनें और लोगों की सेवा को प्राथमिकता दें। इस अवसर पर लोकेश कुमार सिंह, सचिव, स्वास्थ्य विभाग, सुहर्ष भगत, कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, डॉ निलेश

# पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे को मिला राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे-9 का दर्जा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की सबसे महत्वाकांक्षी सड़क परियोजनाओं में से एक पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे को केंद्र सरकार ने औपचारिक रूप से राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे का दर्जा प्रदान कर दिया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा अधिसूचना जारी कर इस एक्सप्रेसवे को नेशनल एक्सप्रेसवे-9 (एनए-9) घोषित किया गया है। यह बिहार का पहला ऐसा एक्सप्रेसवे होगा जो पूरी तरह से राज्य की सीमाओं के भीतर निर्मित होगा। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे का राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे-9 के रूप में अधिसूचित होना बिहार के लिए गर्व का क्षण है। इस परियोजना की घोषणा के बाद से कार्य तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है और राज्य सरकार इसे समय पर पूरा करने के लिए केंद्र सरकार को हर आवश्यक सहयोग प्रदान कर रही है तथा आगे भी करती रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि यह परियोजना राज्य की सड़क संरचना को नई दिशा देगी। इसके शुरू हो जाने से पटना से पूर्णिया की यात्रा केवल 3 घंटे में पूरी होगी और सीमांचल क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे का दर्जा मिलना निस्संदेह बिहार के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। विदित हो कि 250 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे एनएच-22 के मीरनगर अरेजी (हाजीपुर) से शुरू होकर नरहरपुर, हरलोचनपुर, बाजिदपुर, सरौंजा, रसना, परोरा और फतेहपुर से गुजरते हुए पूर्णिया जिले के हंसदाह में एनएच-27

## प्रधान सचिव कृषि विभाग ने उर्वरक के वितरण के संबंध में की राज्यव्यापी समीक्षा

# किसानों तक समय पर उर्वरक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रधान सचिव, कृषि विभाग पंकज कुमार की अध्यक्षता में आज राज्य के सभी जिला कृषि पदाधिकारियों के साथ खरीफ 2025 मौसम में उर्वरक की उपलब्धता, कालाबाजारी और छापामारी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि भारत सरकार द्वारा खरीफ 2025 के लिए बिहार राज्य की उर्वरक आवश्यकता 10.32 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 2.20 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 2.50 लाख मीट्रिक टन एनपीके, 0.50 लाख मीट्रिक टन एमओपी तथा 0.75 लाख मीट्रिक टन एसएसपी निर्धारित की गई है। वर्तमान समय में राज्य के किसी भी जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है और 19 अगस्त 2025 तक राज्य में 1.76 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 1.00 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 1.91 लाख मीट्रिक टन एनपीके, 0.54 लाख मीट्रिक टन एमओपी और 0.92 लाख मीट्रिक टन एसएसपी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। प्रधान सचिव ने कहा कि सरकार उर्वरक की कालाबाजारी और अधिक मूल्य पर बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। खरीफ 2025 के दौरान अब तक 34 उर्वरक प्रतिष्ठानों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा 214 उर्वरक प्रतिष्ठानों का प्राधिकार पत्र रद्द कर दिया गया है। किसानों को सही समय पर उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है। प्रधान सचिव कृषि विभाग ने सभी जिला कृषि पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिला एवं प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाए। प्रखंडवार उर्वरक का उप-आवंटन स्थानीय आच्छादन एवं वास्तविक आवश्यकता को ध्यान में रखकर किया जाए। इसके साथ ही उर्वरक प्रतिष्ठानों में पीओएस मशीन पर प्रदर्शित स्टॉक और वास्तविक उपलब्धता का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर विशेष जांच दल गठित करने और नियमित छापामारी एवं निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे जिलों में विशेष निगरानी की व्यवस्था की जाएगी। इस क्रम में सशस्त्र सीमा बल के साथ समन्वय स्थापित कर उर्वरक की अवैध तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने पर बल दिया गया है। प्रधान सचिव ने समीक्षा के दौरान कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। विभागीय निगरानी, नियमित छापामारी और कठोर कार्रवाई के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि खरीफ 2025 के दौरान राज्य के किसी भी किसान को उर्वरक की कमी का सामना न करना पड़े और उन्हें समय पर, पारदर्शी तरीके

# मनरेगा एवं जीविका दीदी हाट कन्वर्जेन्स विषय पर बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के तत्वावधान में मनरेगा एवं जीविका दीदी हाट कन्वर्जेन्स विषय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मनरेगा कमिश्नर सह अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जीविका, आई.ए.एस. अभिलाषा कुमारी शर्मा ने की। बैठक में प्रतिनिधियों, जीविका तथा मनरेगा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तीकरण, आजीविका संवर्धन एवं पोषण-सुरक्षित बाजार तंत्र के विकास हेतु जीविका दीदी हाट मॉडल को बढ़ावा देना था। इसमें यह विचार किया गया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न जिलों में निर्मित ग्रामीण हाटों को किस प्रकार जीविका दीदी हाट के अनुरूप विकसित किया जा सकता है। साथ ही इन हाटों को स्वयं सहायता समूह आधारित महिला उद्यमिता केंद्र के रूप में पुनःस्थापित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका), ग्रामीण विकास विभाग की एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाकर उन्हें आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। जीविका के अंतर्गत अब तक लाखों महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जोड़ा जा चुका है।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी द्वारा निःशुल्क हड्डी रोग जांच शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना/राजेन्द्रनगर।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी, रोड नंबर 7, राजेन्द्रनगर, पटना द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क हड्डी जांच शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि इस शिविर में हड्डी रोग संबंधी जांच के साथ-साथ बीएमडी की जांच भी की गई। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने कहा कि हड्डी रोग जांच शिविर में प्रसिद्ध हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार एवं डॉ अभिनव ने मिल कर करीब 200 से अधिक मरीजों की जांच की। जांच के दौरान 65 मरीजों का बोन डेंसिटी टेस्ट किया गया जिसमें से 28 से अधिक मरीजों में कैल्शियम की कमी और ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या पाई गई। सभी प्रभावित मरीजों को उचित परामर्श, दवा और आगे के उपचार की सलाह दी गई। मौके पर मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन नियमित रूप से किया जाता रहेगा। मीडिया प्रभारी एम पी जैन ने बताया कि इस शिविर को सफल बनाने में फाउंडर अध्यक्ष महावीर अग्रवाल , राधेश्याम बंसल, हनुमान गोयल, सचिव दिनेश अग्रवाल, संयुक्त

# भीम पेमेंट ऐप ने की सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के साथ साझेदारी

**पटना (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** भारत का स्वदेशी पेमेंट ऐप भीम ने देशभर में सुरक्षित और भरोसेमंद डिजिटल भुगतान के प्रसार को गहरा करने के लिए सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के साथ साझेदारी की है। भारत के सबसे प्रतिष्ठित गेम शो कौन बनेगा करोड़पति के माध्यम से, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पहली बार किसी डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म के साथ मिलकर एक विशेष एक-सप्ताह का संस्करण पेश कर रहा है जिसे विशेष रूप से भीम पेमेंट्स ऐप उपयोगकर्ताओं के लिए तैयार किया गया है। यह सहयोग पूरे भारत में भीम पेमेंट्स ऐप उपयोगकर्ताओं को महानायक अमिताभ बच्चन के साथ खेल खेलने का सुनहरा अवसर प्रदान करने के लिए बनाया गया है।

# राजकीय पॉलिटेक्निक सिवान में पांच दिवसीय मोबाइल एप्लीकेशन हैंड्स-ऑन वर्कशॉप का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजकीय पॉलिटेक्निक सिवान में पांच दिवसीय हैंड्स-ऑन मोबाइल एप्लीकेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का उद्देश्य डिप्लोमा स्तर के विद्यार्थियों को मोबाइल एप्लीकेशन बनाने की व्यावहारिक जानकारी देना था। पांच दिनों तक चलने वाली इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को ब्लॉक लेवल लॉजिकल कोडिंग, यूआई/यूएक्स डिजाइनिंग, इनोवेशन एवं क्रिएटिविटी, प्रॉब्लम-सॉल्विंग स्किल्स तथा रियल-वर्ल्ड डिप्लॉयमेंट की बुनियादी अवधारणाओं से अवगत कराया गया। इसके साथ ही छात्रों को ऐसे प्रोजेक्ट बनाने के लिए प्रेरित किया गया जो उनके पोर्टफोलियो में शामिल किए जा सकें और उद्योग की मांग के अनुरूप हों। राजकीय पॉलिटेक्निक सिवान के प्राचार्य ने इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा-आज की बदलती तकनीकी दुनिया में मोबाइल एप्लीकेशन डेवलपमेंट एक अत्यंत आवश्यक कौशल है। यह कार्यशाला छात्रों को न केवल प्रैक्टिकल स्किल्स प्रदान करेगी बल्कि उन्हें भविष्य के उद्योग जगत की चुनौतियों के लिए भी तैयार करेगी। हमारा लक्ष्य है कि हमारे छात्र केवल ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि उसे वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने में भी प्रयोग करें। कार्यक्रम में 150 से अधिक विद्यार्थी सक्रिय रूप से शामिल हुए और उन्होंने नए तकनीकी कौशल सीखने में गहरी रुचि दिखाई। इस वर्कशॉप ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया तथा उन्हें तकनीकी नवाचार की ओर प्रेरित किया।

# वैशाली और कोडरमा के मध्य मेमू फास्ट पैसेंजर का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर हाजीपुर-पाटलिपुत्र-पटना-बख्तियारपुर-नालंदा- राजगीर-तिलैया-गया के रास्ते वैशाली और कोडरमा के मध्य एक मेमू फास्ट पैसेंजर का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है । प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 22.08.2025 को वैशाली और कोडरमा के मध्य चलने वाली मेमू फास्ट पैसेंजर के परिचालन का शुभारंभ गाड़ी सं. 03624 गया-वैशाली मेमू फास्ट पैसेंजर उद्घाटन स्पेशल को गया जं. से हरी झंडी दिखाकर किया जायेगा। 22.08.2025 को गाड़ी सं. 03624 गया-वैशाली उद्घाटन स्पेशल गया से 10.50 बजे खुलकर 11.50 बजे तिलैया, 13.05 बजे राजगीर, 13.25 बजे नालन्दा, 13.45 बजे बिहार शरीफ, 14.25 बजे बख्तियारपुर, 14.55 फतुहा, 15.25 बजे राजेन्द्रनगर, 15.50 बजे पटना, 16.45 बजे पाटलिपुत्र, 17.20 बजे सोनपुर, 17.40 बजे हाजीपुर रूकते हुए 19.30 बजे वैशाली पहुंचेगी जबकि एक दूसरी स्पेशल 03626 गया-कोडरमा उद्घाटन स्पेशल गया से 11.00 बजे खुलकर 12.00 गुरपा रूकते हुए 13.00 बजे कोडरमा पहुंचेगी। गाड़ी सं. 63383/63384 वैशाली-कोडरमा-वैशाली मेमू फास्ट पैसेंजर का नियमित परिचालन गया एवं कोडरमा से 23.08.2025 से सोमवार को छोड़कर सप्ताह के छः दिन किया जायेगा।

## संपादकीय

# धराली से किश्तवाड़ तक तबाही, अपनी गलती के लिए प्रकृति को क्यों ठहराएं जिम्मेदार?

संपादकीय

प्रकृति अपना रौद्र रूप दिखा रही है। अब मनुष्य को अगर संभलने का मौका नहीं मिल रहा है, तो इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार है। धराली में बादल फटने से हुई तबाही से लोग अभी उबरे भी नहीं थे कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में ठीक वैसा ही हादसा हुआ। बादल फटने से आई बाढ़ ने तबाही मचा दी। अचानक आए सैलाब में साठ से ज्यादा लोगों की जान चली गई, सैकड़ों लोग लापता हो गए। नियंत्रण रेखा के पास चोशिती गांव में हुआ यह हादसा एक बड़ा सबक है। यह गांव पड्डर घाटी में है और यहां अठारह सौ से लेकर करीब चार हजार मीटर ऊंचे पहाड़ हैं। जब भी यहां बारिश होती है तो पानी तीव्र गति से नीचे आता है। जिला प्रशासन ने यह तैयारी क्यों नहीं कि अगर कभी बादल फटने की नौबत आई, तो गांव से ऊपर मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को कैसे बचाया जाएगा? गौरतलब है कि साढ़े नौ हजार फुट ऊंचाई पर स्थित मचैल माता मंदिर जाने के लिए हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग आते हैं। सवाल है कि स्थानीय प्रशासन ने यहां लंगर और दुकानें लगाने की भी अनुमति क्यों दी, यह जानते हुए भी कि जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की घटनाएं हर वर्ष बढ़ रही हैं। पहाड़ी इलाकों में पहले भी बादल खूब बरसते थे, लेकिन इस तरह बादल नहीं फटते थे। अब बार-बार हो रही तबाही की वजह जलवायु परिवर्तन तो है ही, वहीं पहाड़ों पर अनियंत्रित और अवैज्ञानिक तरीके से हो रहा निर्माण कार्य भी है। नदी के तटों के नजदीक और पहाड़ों की ढलान पर बन रहे घरों ने इस संकट को बढ़ाया ही है। उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में इस तरह की घटनाओं से अब सजग होने और इससे निपटने की जरूरत है। पहाड़ों पर अधिक संख्या में पर्यटकों के आने, वाहनों की आवाजाही बढ़ने और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई ने यहां की प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचाया है। नतीजा क्षेत्रीय जलचक्र में बदलाव आया है और इससे हाल के वर्षों में प्राकृतिक आपदा बढ़ी है। कुदरत अगर अपना क्रोध प्रकट कर रही है, तो इसे समझने और चेतने का समय है।

**वहीं, सियासी रूप से मूढ़ और अकर्मण्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस और उसकी सहयोगी समाजवादी पार्टी (सपा) ने जिस तरह से प्रधानमंत्री के आरएसएस सम्बन्धी विचार की खिल्ली उड़ाई, उससे जनसेवा, समाजसेवा व राष्ट्रसेवा के प्रति उनका उपहास बोध उजागर हो गया। ये वही लोग हैं जिन्होंने दलित-पिछड़ों-अल्पसंख्यकों के शोषण के नाम पर सत्ता हथियाकर सामंती मानसिकता और परिवारवाद की सारी हदें पारकर खुद की सत्ता भी गवां दी। जो समाजवादी कांग्रेस विरोध के नाम पर जनसंघ-भाजपा के सहयोग से सत्ता में आए, राष्ट्रवादी व हिंदुत्व की जनभावना मजबूत होते ही भाजपा के विरोध में कांग्रेस से सांठगांठ कर लिया।**

# पीएम मोदी द्वारा आरएसएस की तारीफ किए जाने के बाद उभरे विपक्षी आलोचनात्मक स्वरों के सियासी मायने

**(कमलेश पांडे)**

पीएम मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की देश सेवा की यात्रा को लेकर इसे दुनिया के सबसे बड़े एनजीओ की तरह बताया और मुक्त कंठ से तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि आज से 100 साल पहले एक संगठन का जन्म हुआ, जिसका नाम है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ।


देश-दुनिया की सबसे बड़ी अपंजीकृत गैर सरकारी संस्था (एनजीओ) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तारीफ जब दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), जो और सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की अगुवा पार्टी है, के प्रखर नेता, ओजस्वी वक्ता, पूर्व संघ प्रचारक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले के प्राचीर से की, तो वह कोई साधारण क्षण नहीं था, बल्कि आरएसएस की स्थापना के शतक वर्ष पर 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को सम्बोधित कर रहे प्रधानमंत्री के हृदय से निकला उद्गार है।

वहीं, सियासी रूप से मूढ़ और अकर्मण्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस और उसकी सहयोगी समाजवादी पार्टी (सपा) ने जिस तरह से प्रधानमंत्री के आरएसएस सम्बन्धी विचार की खिल्ली उड़ाई, उससे जनसेवा, समाजसेवा व राष्ट्रसेवा के प्रति उनका उपहास बोध उजागर हो गया। ये वही लोग हैं जिन्होंने दलित-पिछड़ों-अल्पसंख्यकों के शोषण के नाम पर सत्ता हथियाकर सामंती मानसिकता और परिवारवाद की सारी हदें पारकर खुद की सत्ता भी गवां दी। जो समाजवादी कांग्रेस विरोध के नाम पर जनसंघ-भाजपा के सहयोग से सत्ता में आए, राष्ट्रवादी व हिंदुत्व की जनभावना मजबूत होते ही भाजपा के विरोध में कांग्रेस से सांठगांठ कर लिया। वहीं, जो कांग्रेस मुस्लिम लीग विरोधी होने के चलते हिंदुओं के देश भारत की सत्ता पाई, वह जनसंघ/समाजवादियों के बढ़ते प्रभाव से धर्मनिरपेक्षता का ढिंढोरा पीटने लगी।

यही वजह है कि जहां अंग्रेजों द्वारा स्थापित पार्टी कांग्रेस ने इसे आरएसएस को खुश करने वाला कदम बताया। वहीं, कांग्रेस के दम पर मृत जातिवादी समाजवाद को जिंदा कर सकने वाली समाजवादी पार्टी के प्रमुख और उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने इसे संघी साथियों द्वारा अंग्रेजों को धन्यवाद देने का पल करार दिया। शायद ऐसी सियासी उलटबासी परोसते हुए उन्हें शर्म भी नहीं आई। इसलिए इसके राजनीतिक मायने को हम यहां विस्तार पूर्वक समझा रहे हैं।

पहले प्रधानमंत्री ने क्या कहा, उसे बताते हैं। लाल किले से पीएम मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष (1925-2025) का जिक्र किया और संघ के अवदानों की खुलकर तारीफ की। चूंकि पीएम मोदी का लाल किले से यह 12वीं बार भाषण था, लेकिन इससे पहले कभी भी उन्होंने इस प्रमुख अवसर पर संघ की तारीफ इस तरह से नहीं की थी। जबकि पीएम ने खुलेआम कहा कि संघ का इतिहास समर्पण का इतिहास है। सेवा, समर्पण, संगठन और अनुशासन ही इसकी पहचान रहे हैं।

पीएम ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की देश सेवा की यात्रा को लेकर इसे दुनिया के सबसे बड़े



एनजीओ की तरह बताया और मुक्त कंठ से तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि आज से 100 साल पहले एक संगठन का जन्म हुआ, जिसका नाम है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ। यह 100 साल की राष्ट्र की सेवा का एक बहुत ही गौरवपूर्ण स्वर्णिम पृष्ठ है। व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के संकल्प को लेकर स्वयंसेवकों ने मां भारती के कल्याण के लिए जो निज जीवन समर्पित किया है, अतुलनीय कार्य किया है, उसी से मौजूदा भारत का सामर्थ्य दुनिया देख रही है।

यह बात दीगर है कि जहां लोकसभा चुनाव 2024 और उसके नतीजों के बाद बीजेपी और संघ में दूरी दिखी, वहीं पिछले काफी वक्त से पीएम संघ को लेकर अलग-अलग मौकों पर बोले भी और इसकी जमकर सराहना की। इसी साल 30 मार्च को पीएम बनने के बाद नरेंद्र मोदी पहली बार संघ हेडक्वॉर्टर नागपुर, महाराष्ट्र भी गए। वहां पर उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापकों को श्रद्धांजलि दी। उससे पहले के कुछ महीनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अलग-अलग इंटरव्यू में संघ के काम काज की भरपूर तारीफ भी की, ताकि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के बचकाना बयानों से जो दूरियां पैदा हुई और जनमानस में गलत संदेश गया उसकी भरपाई हो सके।

वहीं, देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लाल किले के प्राचीर से आरएसएस का नाम लेने को संवैधानिक भावना का उल्लंघन बताया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने दावा किया है कि 4 जून 2024 के बाद से पीएम मोदी निर्णायक रूप से कमजोर पड़ गए हैं और 75 साल की उम्र 18 सितंबर 2025 को बीतने के बाद अपना कार्यकाल बढ़ाने के लिए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की कृपा पर निर्भर है।

कांग्रेस नेता के अनुसार, प्रधानमंत्री द्वारा लाल किले से आरएसएस का नाम लेना एक संवैधानिक और धर्मनिरपेक्ष गणराज्य की भावना का उल्लंघन है। उन्होंने इसे उनके 75वें जन्मदिन से पहले संघ को खुश करने की हताश कोशिश बताया है।

हालांकि, कांग्रेस की इस छिछली राजनीतिक टिप्पणी पर सियासी गलियारों में यही चर्चा है कि गुड़ खाएं लेकिन गुलगुले से परहेज। यानी कि 2014 से ही आरएसएस के पूर्व प्रचारक भाजपा में आकर उसके मार्गदर्शन से देश चला रहे हैं, नीतियां बदल रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने नाम ले लिया तो संवैधानिक और धर्मनिरपेक्ष गणराज्य की भावना का उल्लंघन होगा। सुलगता सवाल है कि क्या ऐसा उल्लंघन तब नहीं हुआ जब 10 जनपथ में बैठकर विदेशी रणनीतिकार डॉ मनमोहन सिंह की नकेल अपने हाथ में रखे हुए थे और उलजुलूल बयान तक दिलवा देते थे? उन्हें खुद आत्मचिंतन करना चाहिए।

रही बात समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की तो उन्होंने शुक्रवार को अप्रत्यक्ष रूप से आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ संगठन अंग्रेजों ने बनाए थे, ताकि भारत को धार्मिक आधार पर विभाजित किया जा सके। लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए यादव ने आरएसएस का नाम लिए बिना कहा, ये संघी साथियों का समूह...मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि बीजेपी के गठन के बाद पार्टी प्रमुख बने व्यक्ति ने पहले अधिवेशन में यह निर्णय लिया गया था कि पार्टी की राजनीतिक विचारधारा समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष होगी।

फिर अखिलेश यादव बोले, 100 साल पूरे होने पर उन्हें अंग्रेजों को धन्यवाद देना चाहिए। क्योंकि हमने सुना है और इतिहासकारों ने लिखा है कि कुछ संगठन अंग्रेजों ने बनाए थे ताकि भारत को धार्मिक आधार पर बांट सके, हिंदुओं और मुसलमानों के बीच खाई पैदा की जा सके। इसलिए संघी साथियों, जिनकी पहली विचारधारा समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष है, उन्हें इसे याद रखना चाहिए। हालांकि, ऐसा प्रतीत होता है कि अखिलेश यादव अंग्रेजों को याद करते समय सेफ्टी वॉल्व के रुप में एक ब्रिटिशर्स द्वारा स्थापित पार्टी कांग्रेस को स्मरण करना भूल गए, जिसकी सियासी बैशाखी पाकर मृतप्राय हो चली समाजवादी पार्टी को उन्होंने जिंदा किया।

चाहे कांग्रेस हो या समाजवादी पार्टी, उन्हें आरएसएस की आलोचना से पहले खुद के गिरेबां में झाँककर देख लेना चाहिए। उन्हें पता होना चाहिए कि आरएसएस का गठन उसी व्यक्ति ने किया, जिसने कभी कांग्रेस सेवा दल को अपनी सेवाएं दी थी। यानी कि उससे अलग होकर उन्होंने तब ही जता दिया था कि कांग्रेस का भविष्य अंधकारमय है, लेकिन उसके साथ ही भारत का भविष्य भी वैसा ही न हो जाए, इसलिए उन्होंने आरएसएस का गठन किया। आज जब वह और उसका मुखौटा राजनीतिक संगठन भाजपा शीर्ष पर है, तो कांग्रेस कहाँ है? क्यों है? आत्ममंथन का विषय है।

रही बात समाजवादी पार्टी की तो उसे पता होना चाहिए कि कांग्रेस को पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर सत्ता से बेदखल करने वाली जनता पार्टी के डीएनए में समाजवादी व राष्ट्रवादी एक साथ थे। 1989 में भी उन्होंने एक साथ रहकर कांग्रेस को पुनः अपदस्थ किया। लेकिन फर्जी धर्मनिरपेक्षता और घोर जातिवाद-परिवारवाद का सियासी भूत जब उनलोगों पर सवार हो गया, तब आरएसएस के निर्देश पर ही भाजपा उनसे अलग हुई और मौजूदा बुलंदियां हासिल की।

मेरा कांग्रेस और सपा को विनम्र सुझाव है कि आरएसएस को समझने के लिए उसकी प्रातःकालीन शाखाओं में जाएं और वहां पर चल रही व्यक्तित्व निर्माण, समाज निर्माण और राष्ट्रनिर्माण की निःस्वार्थ कोशिशों को समझें। फिर खुद से पूछें कि क्या कांग्रेस-सपा ऐसी जनमुहिम नहीं पैदा कर सकती? यदि हां, तो फिर सकारात्मक पहल अविलंब शुरू करें। राजद प्रमुख व बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा गठित डीएसएस का हश्र सामने है।

फिर भी आपलोगों को अपना व्यक्तिगत अनुभव हासिल कर लेना चाहिए। तभी आपकी समझ में आएगा कि जनसहयोग से आरएसएस ने वह कर दिखाया है, जो सत्ता के तमाम नंगा नाचों से कांग्रेस-क्षेत्रीय दल हासिल नहीं कर पाए। यही आरएसएस-भाजपा की ताकत है। उसके मुकाबिल खड़े होने के लिए अब वहीं से शुरुआत करनी होगी, अन्यथा राजनीतिक बियावान में भटकते रहिए।

# पुतिन ने ट्रंप को सबक सिखाया, अब समझौते के लिए मॉस्को ही जाना पड़ेगा

**(संतोष कुमार पाठक)**

रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने इस बातचीत में दुनिया भर के देशों को परेशान करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को एक बड़ा सबक भी सिखा दिया कि आप बातचीत से पहले ही बार-बार धमकाने वाला बयान देकर किसी देश को झुका नहीं सकते हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में हुई बहुप्रतीक्षित बैठक बेनतीजा रही। अमेरिकी राज्य अलास्का के एंकोरेज में डोनाल्ड ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन की आमने-सामने हुई मुलाक़ात तीन घंटे के लगभग चली। लेकिन दोनों नेताओं के बीच न तो युद्धविराम को लेकर कोई सहमति बन पाई और न ही कोई ठोस समझौता हो पाया।

रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने इस बातचीत में दुनिया भर के देशों को परेशान करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को एक बड़ा सबक भी सिखा दिया कि आप बातचीत से पहले ही बार-बार धमकाने वाला बयान देकर किसी देश को झुका नहीं सकते हैं। दोनों नेताओं के बीच लगभग तीन घंटे तक चली मुलाकात के बाद एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस का भी आयोजन किया गया लेकिन यह प्रेस कांफ्रेंस भी सिर्फ 12 मिनट तक ही चली। ट्रंप और पुतिन ने इस संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में सिर्फ अपनी-अपनी बातें रखी और दोनों नेताओं ने पत्रकारों के किसी सवाल का कोई जवाब नहीं दिया।

बैठक से पहले ही ट्रंप लगातार रूस को चेतावनी भरे बयान जारी कर रहे थे। लेकिन बैठक के दौरान और बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पुतिन ने ट्रंप को बुरी तरह से बेनकाब कर दिया। उन्होंने साबित कर दिया कि शांति का मसीहा बनकर नोबेल पुरस्कार हासिल करने में जुटे ट्रंप में वास्तव में इस तरह की काबलियत है ही नहीं। अमेरिकी प्रोटोकॉल के मुताबिक, उनकी धरती पर जब कोई विदेशी राष्ट्राध्यक्ष संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस करते हैं तो उसमें पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बोलते हैं और इसके बाद मेहमान नेता बोलते हैं। लेकिन इस बार संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस की शुरुआत ट्रंप ने नहीं बल्कि पुतिन ने की।

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान ही रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने पहली बार अंग्रेजी में बोलते हुए एक ऐसा बड़ा कूटनीतिक दांव चल दिया, जिसने ट्रंप को बुरी तरह से फंसा दिया। प्रेस कांफ्रेंस के अंत में ट्रंप ने जैसे ही पुतिन से कहा, जल्द मिलेंगे वैसे ही तुरंत पहली बार अंग्रेजी में बोलते हुए पुतिन ने कहा, नेक्स्ट टाइम इन मॉस्को। यानी यूक्रेन सहित अन्य मुद्दों पर रूस को मनाने के लिए अब डोनाल्ड ट्रंप को उनकी राजधानी मॉस्को की धरती पर जाना पड़ेगा।

इससे पहले बातचीत के दौरान भी अंतिम समय पर कई ऐसे बदलाव किए गए जिससे रूस कूटनीतिक तौर पर ट्रंप पर भारी पड़ते नजर आए।पहले यह तय किया गया था कि दोनों नेताओं- ट्रंप और पुतिन के बीच अकेले में मुलाकात और बातचीत होगी जिसे कूटनीतिक भाषा में वन-ऑन-वन मीटिंग कहा जाता है लेकिन अंतिम समय पर इस पैटर्न को बदलकर थ्री-ऑन-थ्री कर दिया गया यानी बातचीत के दौरान दोनों नेताओं के साथ दो-दो सलाहकार भी मौजूद रहे। अमेरिका की तरफ़ से विदेश मंत्री मार्को रुबियो और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ़ बैठक में शामिल हुए वहीं रूस की तरफ़ से विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव बैठक में मौजूद रहे। यह बैठक रूस-यूक्रेन के बीच चल रही लड़ाई को रोकने के मुख्य मकसद से बुलाया गया था लेकिन इस वार्ता में यूक्रेन के राष्ट्रपति

**बैठक से पहले ही ट्रंप लगातार रूस को चेतावनी भरे बयान जारी कर रहे थे। लेकिन बैठक के दौरान और बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पुतिन ने ट्रंप को बुरी तरह से बेनकाब कर दिया।**

ज़ेलेंस्की या यूक्रेन के किसी भी प्रतिनिधि को नहीं बुलाया गया था।

शांति का मसीहा होने का दावा करते घूम रहे ट्रंप को बड़ा झटका देते हुए पुतिन ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि, रूस यूक्रेन में चल रहे संघर्ष (युद्ध) को खत्म करने में ईमानदारी से रुचि रखता है लेकिन किसी टिकाऊ समझौते के लिए पहले इस संघर्ष के मूल कारणों को समझना होगा। उन्होंने युद्ध को एक त्रासदी भी बताया। रूसी राष्ट्रपति ने ट्रंप की मौजूदगी में पश्चिमी देशों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि शांति प्रक्रिया में किसी तरह की बाधा या नुकसान न पहुंचाया जाए। व्हाइट हाउस में कई विदेशी राष्ट्राध्यक्ष को अपने बगल में बैठाकर बेइज्जत करने वाले ट्रंप के लिए पुतिन के ये तेवर किसी बड़े झटके से कम नहीं थे। पुतिन ने अपने बयानों से ट्रंप सहित पूरी दुनिया को बता दिया कि रूस-यूक्रेन लड़ाई का मूल कारण अमेरिका और नाटो देशों द्वारा यूक्रेन को भड़का कर उसका इस्तेमाल रूस के खिलाफ करने की साजिश है। उन्होंने अपने बयानों से यह स्पष्ट कर दिया कि लड़ाई रोकने के लिए अमेरिका को हर हाल में रूस के खिलाफ रचे जा रहे षड्यंत्रों को रोकना ही होगा। आखिर में ट्रंप को भी यह कहना पड़ा कि, कोई समझौता तब तक नहीं होता, जब तक असल में समझौता नहीं हो जाता और हम वहां तक नहीं पहुंचे।लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# विकसित भारत के लिए मोदी का सुधारों का ब्रह्मास्त्र



**हरदीप एस पुरी**

मुझे अपने स्कूल के दिनों से ही 15 अगस्त के भाषणों में भाग लेने का सौभाग्य प्राप्त होता रहा है, लेकिन शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी का 12वें स्वतंत्रता दिवस का भाषण अभूतपूर्व और असाधारण था। इसमें विकसित भारत के पथ पर भारत की गति बढ़ाने के दिशा में सीधे तौर पर लक्षितङ्कब्रह्मास्त्र-अर्जुन का अकाट्य पौराणिक अस्त्र-छोड़ा गया।

वैश्विक अर्थव्यवस्था में व्याप्त असामान्य उथल-पुथल के दौर के बीच, विकसित भारत का सपना संजोए भारत सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में निरंतर आगे बढ़ना जारी रखे हुए है। यह भाषण केवल अपनी व्यापकता के लिए ही नहीं, बल्कि अपने दायरे– साहसिक, भविष्योन्मुखी और 1.4 बिलियन लोगों के भाग्य को नया आकार देने में सक्षम अगली पीढ़ी के सुधारों –और उस विजन के प्रति स्पष्टता के लिए भी उल्लेखनीय है, जिसका यह राष्ट्र इससे पहले कभी साक्षी नहीं रहा।

उदाहरण के लिए, डिजिटल इंडिया स्टैक को ही लें, यूपीआई दुनिया के आधे रीयल-टाइम लेनदेन के लिए उत्तरदायी है और साल के अंत तक होने वाला, पहली मेड-इन-इंडिया चिप का लॉन्च, वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारत की अग्रणी स्थिति को दर्शाता है। ऐसे समय में जब राष्ट्रों की नियति सेमीकंडक्टर निर्धारित करते हैं, महत्वपूर्ण तकनीकों पर संप्रभुता का भारत का यह दावा किसी डिजिटल स्वराज से कम नहीं है।

ऊर्जा सुरक्षा लंबे समय से भारत के विकास की राह की सबसे बड़ी कमज़ोरी रही है। दशकों तक, झिझक और ÷नो गो÷ क्षेत्रों ने अन्वेषण को बाधित किया और आयात पर निर्भरता बढ़ा दी। वह दौर अब बीत चुका है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत ने ईईजेड में ÷नो गो÷ क्षेत्रों को लगभग 99त्न तक कम कर दिया है, जिससे 10 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र ईएंडपी के लिए मुक्त हो गया है।

ओएएलपी के साथ, इसने भारतीय और वैश्विक दिग्गजों, दोनों के लिए समान रूप से एक विशाल क्षेत्र खोल दिया है– हमारे हाइड्रोकार्बन बेसिन अब निष्क्रिय नहीं रहेंगे, बल्कि राष्ट्रीय प्रगति के लिए उपयोग में लाए जाएँगे।

लाल किले की प्राचीर से घोषित ऐतिहासिक राष्ट्रीय गहरे जल अन्वेषण मिशन, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में एक महत्वाकांक्षी दूरदर्शी एजेंडा निर्धारित करता है।

इस मिशन का लक्ष्य लगभग 40 वाइल्डकैट कुओं की ड्रिलिंग के माध्यम से 600-1200 मिलियन मीट्रिक टन तेल और गैस भंडारों का पता लगाना है। पहली बार, बंगाल की खाड़ी से लेकर अरब सागर तक भारत अपनी जटिल अपतटीय सीमाओं को व्यवस्थित रूप से खोलेगा, एक ऐसे ढाँचे के साथ जो सूखे कुओं की स्थिति में 80 प्रतिशत तक और व्यावसायिक खोज पर 40 प्रतिशत तक लागत की वसूली की अनुमति देकर निवेश के जोखिम को कम करता है।

यह पहल एक व्यापक योजना का हिस्सा है, जिसके तहत 2032 तक घरेलू तेल और गैस उत्पादन को तिगुना बढ़ाकर 85 मिलियन टन और राष्ट्रीय भंडार को दोगुना करके एक से दो बिलियन टन के बीच किया जा सकता है।

लगभग 8 मिलियन टन उत्पादन के बराबर, अतिरिक्त 100-250 बिलियन क्यूबिक मीटर गैस उपलब्ध कराने के लिए प्लग-एंड-प्ले आधार पर अपतटीय साझा बुनियादी ढाँचा बनाया जाएगा। ये सभी उपाय न केवल पहले से अटकी हुई खोजों का मुद्रीकरण करेंगे, बल्कि एक आत्मनिर्भर ईएंडपी इकोसिस्टम का निर्माण भी करेंगे, जहाँ स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं की हिस्सेदारी आज के 25-30 प्रतिशत से बढ़कर 70 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी। यह आज़ादी के बाद से भारत का सबसे व्यापक अपस्ट्रीम सुधार है।

साथ ही, ऊर्जा परिवर्तन के क्षेत्र में भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनकर उभरा है। भारत 2030 के लक्ष्य से पाँच साल पहले ही 2025 तक 50त्न स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य तक पहुँच गया है। जैव ईंधन और हरित हाइड्रोजन प्रायोगिक स्तर से उत्पादन की ओर बढ़ रहे हैं; इथेनॉल मिश्रण और सीबीजी स्केल-अप एक नए ग्रामीण-औद्योगिक आधार का निर्माण कर रहे हैं; एलएनजी के बुनियादी ढाँचे का विस्तार जारी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि असैन्य परमाणु ऊर्जा को निजी भागीदारी के लिए खोल दिया गया है। वर्तमान में, 10 नए परमाणु रिएक्टर चालू हैं, और भारत का लक्ष्य अपनी स्वतंत्रता के 100वें वर्ष तक अपनी परमाणु ऊर्जा क्षमता को दस गुना बढ़ाना है। यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2047 तक ऊर्जा स्वतंत्रता प्राप्त करने की भव्य योजना का हिस्सा है।

प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन की घोषणा हमारी औद्योगिक रणनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

ऐसे समय में जब दुनिया लिथियम, दुर्लभ मृदा तत्व , निकल और कोबाल्ट के सामरिक महत्व को पहचान रही है, भारत ने 1,200 से अधिक स्थलों पर अन्वेषण शुरू किया है और साझेदारी, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण का ढाँचा तैयार कर रहा है ताकि नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, ईवी और उन्नत रक्षा क्षेत्र कभी भी बाहरी अवरोधों के अधीन न रहें।

राष्ट्रीय सुरक्षा लाल किला चार्टर का एक अन्य स्तंभ था। ऑपरेशन सिंदूर ने परमाणु ब्लैकमेल के युग का अंत करते हुए वास्तविक समय में भारत की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया और यह संदेश दिया कि आक्रमण का जवाब तेज़ी और कुशलता से दिया जाएगा। सिंधु जल संधि को स्थगित करना संप्रभुता का साहसिक दावा है। सबसे बढ़कर, मिशन सुदर्शन चक्र का अनावरण, युद्धभूमि में भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन की रक्षा से प्रेरित है, जो मोदी की शैली– सभ्यतागत प्रतीकवाद के अत्याधुनिक तकनीक से मेल का प्रतीक है।

एक बहुस्तरीय स्वदेशी सुरक्षा कवच भारत के महत्वपूर्ण संस्थानों की साइबर, भौतिक और हाइब्रिड खतरों से रक्षा करेगा। प्रधानमंत्री ने हमारे लड़ाकू विमानों को शक्ति प्रदान करने वाले इंजनों के डिज़ाइन और निर्माण के लिए एक राष्ट्रीय चुनौती जारी की है, और वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और संस्थानों से संयोजन या असेंबली से ऑथरशिप तक की छलांग लगाने का आह्वान किया है।

प्रधानमंत्री ने कठोर सत्यों से भी परहेज नहीं किया।

उन्होंने उद्योग जगत और किसानों से आत्मनिर्भरता अपनाने और उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने का आग्रह किया। हालाँकि भारत दुनिया की फार्मेसी है, जो वैश्विक टीकों का 60त्न का उत्पादन करता है, अब इसे नई दवाओं, टीकों और उपकरणों के क्षेत्र में भी अग्रणी बनने की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। यह बायोई3 नीति के तहत बायोफार्मा को निर्णायक बल देने के साथ-साथ है, जहाँ हमारी महत्वाकांक्षा ऐसी दवाओं का पेटेंट और उत्पादन करना है जो किफायती और विश्वस्तरीय दोनों हों।

घोषित किए गए कर और कानूनी सुधार भी उतने ही साहसिक हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि 1961 का आयकर अधिनियम, जो स्वयं उस युग का अवशेष है, अब बदला जा रहा है। नया आयकर विधेयक जटिलता को कम कर रहा है, 280 अनावश्यक धाराओं को समाप्त कर रहा है और 12 लाख रुपये तक की राहत प्रदान कर रहा है। फेसलेस मूल्यांकन की शुरुआत ने प्रणाली को पारदर्शी, कुशल और भ्रष्टाचार-मुक्त बना दिया है। दिवाली तक लॉन्च किया जाने वाला अगली पीढ़ी का जीएसटी 2.0, दरों को और अधिक तर्कसंगत बनाएगा और अनुपालन को बढ़ावा देगा। 40,000 से ज़्यादा अनावश्यक अनुपालनों को समाप्त करने, 1,500 से ज़्यादा पुराने कानूनों को निरस्त करने और दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता के साथ, यह नेहरू के आर्थिक पिंजरे को तोड़ने जैसा है। ये सुधार केवल बैलेंस शीट में ही नहीं, बल्कि जीवन में भी सुधार लाते हैं। 25 करोड़ से ज़्यादा लाभार्थियों तक पहुँचकर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण - ने कल्याण में जवाबदेही को अंतर्निहित किया है और 25 करोड़ से ज़्यादा भारतीयों को गरीबी से बाहर निकाला है। रोज़गार पर फोकस को भी केंद्र में लाया गया है। पीएम विकसित भारत रोज़गार योजना 1 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ लॉन्च की गई है; नए रोज़गार पाने वाले युवाओं को 15,000 रुपये प्रति माह मिलेंगे, नए रोज़गार के अवसरों का सृजन करने वाली कंपनियों को प्रोत्साहन दिया जाएगा, और इस कार्यक्रम का लक्ष्य लगभग 3.5 करोड़ युवा भारतीयों तक पहुँचना है।महत्वाकांक्षा को वास्तविकता में बदलने के लिए प्रधानमंत्री ने अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया है–इस निकाय को आर्थिक गतिविधियों के पूरे इकोसिस्टम को नया रूप देने के लिए बनाया गया है। इसका अधिदेश जितना साहसिक है, उतना ही लंबे अर्से से अपेक्षित भी है– हमारे स्टार्टअप्स और एमएसएमई पर बोझ डालने वाली अनुपालन लागत में कटौती करना, उद्यमों को निरंतर मनमानी कार्रवाई की छाया में रहने से छुटकारा दिलाना, तथा जटिल कानूनों को सरल, पूर्वानुमानित और व्यवस्थित ढांचे में ढालना। 15 अगस्त को घोषित सुधार, केवल अगले दिन की सुर्खियों के लिए नहीं, बल्कि 2047 के भारत से संबंधित हैं। जैसा कि प्रधानमंत्री ने हमें याद दिलाया, दुनिया एक प्राचीन सभ्यता को - अपनी जड़ों को त्यागकर नहीं, बल्कि उनसे शक्ति प्राप्त करके आधुनिक शक्ति में तब्दील होते हुए देख रही है।

**(लेखक केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हैं।)***

# प्रशासन की दोहरी नीति का प्रबल तरीके से विरोध करने की रणनीति बनाने को लेकर किजेपा ने की बैठक



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अगड़ी जाति एवं पिछड़ी जाति के मौजा का रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति देने और आदिवासी एवं दलित जाति के मौजा का रजिस्टर टू का प्रति नहीं देने के प्रशासन के दोहरी नीति का प्रबल तरीके से विरोध करने का रणनीति बनाने को लेकर किसान जनता पार्टी ने मंगलवार को झंडा मैदान गिरिडीह में बैठक किया। बैठक को संबोधित करते हुए किसान सहयोगी मंच के जिला अध्यक्ष मुंशी मुर्मू ने कहा कि माननीय झारखंड उच्च न्यायालय ने रिट याचिका संख्या 5925/2022 में गिरिडीह जिला के सभी मौजा के रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति उपलब्ध कराने का आदेश उपायुक्त गिरिडीह को दिया है। प्रशासन के द्वारा बहुरियाडीह, बुढ़ाचांच, दूधवाटोल, बुद्धूडीह, लोहारी आदि गिरिडीह जिला के विभिन्न अंचल के अनेकों अगड़ी जाति एवं पिछड़ी जाति के संपूर्ण मौजा के रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति दिया गया है इसके लिए किसान जनता पार्टी संबंधित अंचल अधिकारी एवं अपर समाहर्ता महोदय गिरिडीह को धन्यवाद देता है परंतु प्रशासन द्वारा पीरटांड़ अंचल को छोड़कर किसी भी अंचल में एक भी आदिवासी दलित जाति के मौजा का रजिस्टर टू का प्रति नहीं दिया गया है जबकि कई दर्जन आदिवासी दलित के संपूर्ण मौजा के रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति देने के नाम पर प्रशासन द्वारा बतौर शुल्क रुपैया भी जमा ले लिया गया है। प्रशासन द्वारा रजिस्टर टू का प्रति देने हेतू जमा लिए गए शुल्क के आलोक में जब हम दलित आदिवासी रजिस्टर टू का प्रति मांगते हैं तो प्रशासन के लोग हम दलित आदिवासियों पर ना सिर्फ लाठियां बरसाता है बल्कि फर्जी मुकदमा बनाकर जेल भी भेजता है। किसान जनता पार्टी के संयोजक दासो मुर्मू ने कहा कि अंग्रेजों के शासनकाल में भी दलित आदिवासियों पर इतना जुल्म नहीं हुआ होगा जितना जुल्म आज नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अफसरों से आदिवासी दलित पर करवा रहे हैं। किसान जनता पार्टी के केंद्रीय कमिटी अध्यक्ष सह अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि उपायुक्त गिरिडीह श्री राम निवास यादव गरीब किसानों का दर्द समझने के बजाय उसे डांट फटकार कर रहे हैं। बैठक में सर्वसम्मति से केंद्रीय अनुसूचित जाति आयोग और केंद्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग में उक्त मामला को ले जाने और न्याय दिलाने का गुहार लगाने का निर्णय लिया गया। धरना में घनश्याम पंडित, भागीरथ राय, संझली हेम्ब्रम, जहाँगीर अंसारी, विजय सिंह, मेरुलाल मरांडी, संतोष बसके, मुंशी मुर्मू, बडकी किस्कू, दानेश्वर मरांडी, बसिया टुडू, सुमनी सोरेन, बैदा मुर्मू, छत्रधारी सिंह, मालती देवी, ममता कुमारी, दहनी देवी, बासुदेव मरांडी, थाम्मी मंडल, महादेव विश्वकर्मा आदि सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

## सलूजा गोल्ड में लगा वृहद रक्तदान शिविर, 107 यूनिट रक्त संग्रह



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित सलूजा गोल्ड कार्यालय में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन रेडक्रोस के चेयरमेन अरविंद कुमार ने फीता खोलकर किया। इस मेगा रक्तदान शिविर में 107 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर सलूजा स्टील के निदेशक तरणजीत सिंह सलूजा ने कहा कि सलूजा गोल्ड सामाजिक कार्यों को लेकर हमेशा सक्रिय भूमिका निभाता रहा है। आज का रक्तदान शिविर इसी का एक हिस्सा है। रक्तदान शिविर में संग्रहित रक्त से जरूरतमंदों को काफी सहयोग मिल पायेगा। उन्होंने इस शिविर के आयोजन को लेकर पहल करने वाले रेड क्रॉस के चेयरमेन समेत पूरी टीम को बधाई दी।शिविर के उद्घाटनकर्ता रेड क्रॉस के चेयरमैन अरविंद कुमार ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान किसी के जीवन को बचाने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। इस शिविर के आयोजन को लेकर उन्होंने सलूजा गोल्ड परिवार का आभार व्यक्त किया। सलूजा स्टील के निदेशक जीएम ने शिविर के सफल आयोजन पर खुशी व्यक्त की और सभी रक्तदाताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सलूजा गोल्ड स्टील भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता रहेगा।

## जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने पचम्बा-गिरिडीह फोर लेन पथ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, दिए दिशा-निर्देश



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** निरीक्षण के क्रम में अतिक्रमण, सड़क का चौड़ीकरण, पेड़ों की कटाई, बिजली के तारों की शिफ्टिंग, नली नालों की साफ-सफाई आदि का जायजा लिया एवं अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया अधूरे निर्माण कार्य में जो भी समस्याएं आ रही हैं, उसे आपसी समन्वय स्थापित करते हुए दूर करें जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज पचम्बा-गिरिडीह फोर लेन पथ निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के क्रम में अतिक्रमण, सड़क का चौड़ीकरण, पेड़ों की कटाई, बिजली के तारों की शिफ्टिंग, नली नालों की साफ-सफाई आदि का जायजा लिया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि आमजनों को आवागमन में परेशानी न हो, निर्माण कार्य को तय समय पूरा किया जाएगा। निर्माण कार्य पूरा हो जाने से लोगों को आने जाने में सहूलियत होगी और लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी। इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित कार्यपालक अभियंता को पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ निर्माण कार्य को पूरा करने का सख्त निर्देश दिया। आगे उपायुक्त ने कहा कि अधूरे निर्माण कार्य में जो भी समस्याएं आ रही हैं, उसे आपसी समन्वय स्थापित करते हुए दूर करें। साथ ही बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए निर्माण कार्य को गति के साथ पूरा करें। निर्माण कार्य के दौरान पानी का छिड़काव नियमित रूप से करें ताकि आने-जाने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, थाना प्रभारी, पचम्बा समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन, प्राप्त शिकायतों पर जांचोपरांत यथोचित कार्रवाई का मिला आश्वासन



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता दरबार आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है। इसका उद्देश्य लोगों की वास्तविक समस्याओं को सुनना और उन्हें त्वरित समाधान प्रदान करना है जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए करीब दर्जनों लोगों से उपायुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, मईया समान योजना से जुड़ी समस्याएं, दिव्यागजन हेतु ट्राई-साइकिल की मांग, भूमि विवाद, दाखिल खारिज, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, राशन, भू अर्जन, पेयजल, अबुआ आवास योजना, शिक्षा विभाग व विद्यालय संचालन से संबंधित मुद्दे, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता एवं अन्य व्यक्तिगत व सामुदायिक समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। उपायुक्त ने सभी आवेदकों की समस्याएं सहजता, संवेदनशीलता एवं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि आमजन को राहत मिल सके। उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार एवं शुक्रवार के अलावा भी आमजन अपनी समस्याओं को लेकर समाहरणालय आ सकते हैं, संबंधित विभाग को अपना आवेदन दे सकते हैं, उनके आवेदन का त्वरित निराकरण किया जायेगा। जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने कहा कि जनता दरबार आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है। इसका उद्देश्य लोगों की वास्तविक समस्याओं को सुनना और उन्हें त्वरित समाधान प्रदान करना है। हमारा प्रयास है कि जिला प्रशासन हर नागरिक तक प्रभावी ढंग से पहुँचे और विश्वास का वातावरण बने। गौरतलब हो कि समाहरणालय में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिलेवासी उपायुक्त से मिलकर अपनी समस्याएं साझा करते हैं तथा उनकी समस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण भी किया जाता है। उपायुक्त ने कहा कि जन समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निष्पादन और प्रभावी समाधान करना जनता दरबार का उद्देश्य है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मे राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मंगलवार को राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रधानाचार्य आनंद कमल ने किया।इस अवसर पर कक्षा अरुण से प्रथम तक के बच्चों ने आकर्षक परिधान में राधा और कृष्ण का रूप धारण कर विद्यालय परिसर को भक्तिमय बना दिया।मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि श्रीकृष्ण आनंद के प्रतीक एवं प्रेम के स्रोत हैं।बच्चों द्वारा राधा और कृष्ण का रूप धारण करना भगवान कृष्ण के प्रति भक्ति व्यक्त करने और उनके दिव्य स्वरुप को प्रकट करने का उत्सव है।कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त आचार्य दीदी की उपस्थिति रही।



### कोटवा के 7478 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से कटा

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गहन मतदाता पुनरीक्षण के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में कल्याणपुर विधान सभा के कोटवा प्रखंड में सोमवार को मतदाता सूची से नाम हटाए गए वोटरों की सूची प्रकाशित कर दी गई। उनके नाम के साथ ही ईपिक नंबर भी प्रकाशित किया गया है। उक्त सूची को प्रखंड कार्यालय के अलावा सभी 130 मतदान केंद्रों पर बीएलओ और पंचायत सरकार भवन पर पंचायत सचिव द्वारा प्रदर्शित कर दिया गया है। इसके साथ ही मतदाता अपना दावा आपति 5 सितंबर 2025 तक कर सकते हैं। जानकारी के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार 19 अगस्त तक मतदाता सूची से नाम हटाए गए वोटरों का सूची प्रकाशित करने का निर्देश दिया था। जिसको लेकर कोटवा प्रखंड में सोमवार को ही सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। प्रखंड के सभी 16 पंचायत में कुल 7478 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाया गया है। इनमें वैसे मतदाता शामिल है जिनकी मृत्यु हो गई है , या दूसरे जगह शिफ्ट हो गए है या फिर पुनरीक्षण के दौरान अनुपलब्ध रहे है। वही कुछ ऐसे मतदाताओं के नाम भी सूची से हटाये गए है जो दो जगह मतदाता थे। बता दे कि पुनरीक्षण से पूर्व प्रखंड क्षेत्र में कुल मतदाता की संख्या 1 लाख 17 हजार 6 सौ 10 थी।

### कोटवा में राजस्व महा अभियान शुरू, रैयतों और जमींदारों के बीच जमाबंदी पत्रिका वितरण

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के 16 पंचायतों में राजस्व विभाग द्वारा विशेष राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान के तहत राजस्व कर्मचारी पंचायतों के राजस्व गांवों में जाकर रैयतों एवं जमींदारों के बीच जमाबंदी पत्रिका का वितरण कर रहे हैं।यह अभियान 16 अगस्त से शुरू किया गया है और विभाग द्वारा इसे सफल बनाने के लिए विशेष पहल की जा रही है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विभाग ने सभी संबंधित राजस्व कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि वे घर-घर जाकर रैयतों को उनकी जमाबंदी पत्रिका उपलब्ध कराएं, ताकि भूमि संबंधी अभिलेखों को लेकर लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। इसके अलावा विभाग ने पत्र जारी कर सेविका व अन्य पंचायत कर्मियों को भी इस अभियान में शामिल करने का निर्देश दिया है, जिससे अभियान को और मजबूती मिले। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस अभियान से उन्हें काफी सुविधा होगी क्योंकि अब उन्हें कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और उनके नाम पर दर्ज जमीन की जमाबंदी पत्रिका सीधे गांव स्तर पर उपलब्ध कराई जा रही है।राजस्व विभाग का मानना है कि इस अभियान से भूमि विवादों पर भी रोक लगेगी और किसानों को पारदर्शी व्यवस्था का लाभ मिलेगा। सीओ मोनिका आनंद ने बताया की ग्रामीण आवास सहायक, आंगनबाड़ी सेविका, कृषि सलाहकार आदि को बैठक बुलाया है ताकि जमाबंदी पत्रिका वितरण करने में सहयोग मिल सके और कार्य में तेजी लाया जा सके।

## जिला उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देशानुसार जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने की जन शिकायत पोर्टल की समीक्षा



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जन समाधान पोर्टल के माध्यम से आमजनों की शिकायतों का समयबद्धता के साथ निराकरण किया जायेगा जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव के निर्देशानुसार आज जिला जनसंपर्क पदाधिकारी-सह-प्रभारी पदाधिकारी, (जन शिकायत) ने जन समाधान पोर्टल की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम उन्होंने कहा कि गिरिडीह जिले में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी द्वारा सप्ताह में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को कार्यालय में जनता दरबार आयोजित कर आमजनों के समस्याओं का नियमानुसार समाधान किया जा रहा है। उक्त के क्रम में आमजनों से प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन एवं बेहतर प्रबंधन हेतु जन समाधान पोर्टल (एच टीटी पीएसः//आईट्स. गिरिडीहडेगस.इन) का निर्माण किया गया है। आगे उन्होंने कहा कि जन समाधान पोर्टल का उद्देश्य आमजनों की शिकायतों और समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण करना है। उन्होंने सभी कार्यालय प्रधान को निर्देश दिया कि आपके कार्यालय अंतर्गत प्राप्त शिकायतों और समस्याओं का निराकरण प्रभावी ढंग से सुनिश्चित कराएं। आगे उन्होंने बताया कि दिनांक 23.08.25 को जन समाधान पोर्टल को लेकर एकदिवसीय प्रशिक्षण का भी आयोजन किया गया है, जिसमें सभी अनुमण्डल, प्रखण्ड, अंचल एवं बाल विकास परियोजना आदि स्तर कार्यालय एवं सभी कार्यालय प्रधान/संबंधित कर्मी शामिल होंगे।

### जिला उपायुक्त ने बालू घाटों की नीलामी को लेकर बैठक की, नीलामी प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरतने का निर्देश



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नीलामी की पूरी प्रक्रिया विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप की जाएगी जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने झारखंड बालू खनन की नियमावली 2025 के तहत कैटेगरी-2 के बालू घाटों की नीलामी को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि नीलामी की पूरी प्रक्रिया विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप की जाएगी। उन्होंने कहा कि नीलामी से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी पारदर्शी रूप से उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि प्रक्रिया निष्पक्ष और सुचारू रूप से पूरी हो सके। बैठक में समिति के सदस्यों के साथ नीलामी से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई और आगामी कार्य योजना पर सहमति बनी। साथ ही उन्होंने कहा कि मानसून सत्र के दौरान 10 जून से 15 अक्तूबर तक एनजीटी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप नदी तल से बालू उठाव व परिवहन पूरी तरह बंद रखना है। आगे उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को अवैध खनन पर शत-प्रतिशत रोक लगाने का निर्देश दिया। बैठक में पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी, पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला खनन पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## आरपीएस रेसिडेंसियल स्कूल के छात्र पूर्व 'तन्मय' ने सिविल सर्विसेज की परीक्षा में उल्लेखनीय स्थान पाया




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 19 अगस्त को स्थानीय आरपीएस रेसिडेंसियल स्कूल का मैदान उस समय तालियों की गड़गडाहट से गूंज उठा जब मंच से प्राचार्य श्री दिलीप कुमार सिंह ने सिविल सर्विसेज की परीक्षा (2024 बैच) में 300 के अन्दर स्थान प्राप्त करने वाले यहाँ के छात्र तन्मय का परिचय करवाया। अपर्णा, 18वीं रैंक प्राप्त तनु प्रिया, चित्रगुप्त नगर, दानापुर के बाद तन्मय ने स्कूल की गरिमा को और भी ऊँचाई प्रदान करवायी । गुजरात के मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्रालय से श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा सम्मान प्राप्ति के बाद अवसर था कि विद्यालय के प्राचार्य द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तन्मय के पिता श्री के०एन० झा ने भी अपने उद् गार व्यक्त किए। कुछ वर्ष पूर्व वे यहाँ के छात्रावास के अधीक्षक पद पर कार्यरत थे । छात्र श्री तन्मय ने कहा कि कब्र सर्विस में उसका 32वाँ रैंक था। उन्होंने अपनी उपलब्धि के लिए यहाँ के प्राचार्य, उप प्राचार्या, शिक्षकों एवं अनुशासन का उल्लेख किया। सोशल मीडिया की बात करते हुए उन्होंने कहा कि इसका उचित प्रयोग करने से सबको लाभ मिलता है। उन्होंने आर०पी०एस० में गुजारे अपने अनुभवों को छात्रों की एसेम्बली में साझा किया। अंत में उप प्राचार्या श्रीमती उषा सिन्हा ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ० कुमार पुष्पंजय एवं प्रबंध निदेशक ई0 कुमार पृत्यंजय ने भी अपने आशीर्वचन दिए ।

## सारेगामा गीत प्रतियोगिता का ऑडिशन 7 सितंबर को

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कला संगम आयोजित करेगा स्व नन्दकिशोर प्रसाद स्मृति सारेगामा गीत प्रतियोगिता सीजन 13 का आयोजन यह जानकारी देते हुए कला संगम के सचिव सतीश कुन्दन ने कहा सारेगामा गीत प्रतियोगिता सीजन 13 का आयोजन 13-14 सितंबर को अधिवक्ता संघ भवन में आयोजित किया जायेगा जिसका औडिसन 7 सितंबर 25 को सुबह 11 बजे से अधिवक्ता संघ भवन में होगा। जिसके लिए पंजीकरण शुरू कर दिया गया है पंजीकरण फार्म साहा गिफ्ट कौर्नर मेन रोड तथा सचिव कला संगम के पास उपलब्ध है। यह प्रतियोगिता दो आयु वर्ग में जुनियर ग्रूप में 6-15 तथा सिनियर ग्रूप में 16 से उपर वाले को रखा गया है। पंजीकरण शुल्क 300/- रूपया रखा गया है। पंजीकरण की अंतिम तारीख 5 सितंबर को है। ईस प्रतियोगिता में प्रथम राउंड में स्वयं च्वाइस गीत एक मुखड़ा एक अंतरा गाना है 20 नंबर हर हाल में पास करना है दुसरे दिन दो गीत एक स्वयं च्वाइस तथा सेमी क्लासिकल या कोड राउंड में एक गीत गाना है।कलाकारों को अपने गाए जाने वाले गीत के संभावित पांच गानों की लिस्ट चयनित होने के साथ ही देना अनिवार्य है कला संगम के संरक्षक अजय कुमार सिन्हा मंटू ने कहा कि ईस गायन प्रतियोगिता में टौप टेन कलाकारों के चयन किया जायेगा जिसमें प्रथम द्वीतीय तृतीय कलाकारों को प्रमाण पत्र शिल्ड तथा नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा कार्यक्रम प्रथम दिन 4 बजे अपराह्न तथा दुसरे दिन 2 बजे अपराह्न में होगा जो कलाकार गत वर्ष के प्रतियोगिता में प्रथम आए हैं उन्हें प्रतियोगिता में भाग नहीं लेने दिया जायेगा या जो प्रोफेशनल गायक आरकेस्ट्रा गायक हैं।

## उपायुक्त ने किया बोकारो सर्किट हाउस का निरीक्षण

**आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, आवश्यक संसाधनों को दुरुस्त रखे : डीसी**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने आज बोकारो सर्किट हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर की स्वच्छता, व्यवस्थाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान सर्किट हाउस में साफ सफाई, रख रखाब, एवं अतिथियों के लिए स्वच्छ एवं स्वादिष्ट व्यंजन से सजी थाली की उपलब्धता हो इसके लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। मौके पर अपर समाहर्ता मो मुमताज, नजारत उप समाहर्ता प्रभास दत्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार उपस्थित थे। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक संसाधनों को दुरुस्त रखें। उन्होंने कहा कि सर्किट हाउस जिले की एक महत्वपूर्ण इकाई है, जहाँ आगंतुक अतिथि, माननीय जनप्रतिनिधि, संवैधानिक पदों पर बैठे सर्वोच्च अधिकारी ठहरते हैं, अतः यहाँ की साफ-सफाई, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कुछ आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने का भी निर्देश दिया, जिसे समय-सीमा के अंदर सभी कार्यों को पूरा करने को कहा।

**परिसर, सभी कमरे, किचन, शौचालय को विशेष रूप से स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखें –**

उपायुक्त अजय नाथ झा द्वारा सर्किट हाउस में साफ सफाई का जायजा लिया गया। इस बावत नजारत उप समाहर्ता प्रभास दत्ता को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बोकारो परिसदन के परिसर, सभी कमरे, किचन, शौचालय को विशेष रूप से स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखें। साथ ही पूरे परिसदन को फाइव स्टार होटल की भांति विकसित करें ताकि यहां ठहरने वाले अतिथियों को भी विशेष सुविधा मिल सके। ठहरने वाले अतिथियों के लिए रेलवे, हवाई जहाज के समय सारणी, दूरभाष नंबर उपलब्ध हो जैसी यात्रा सुविधा की सभी जानकारी उपलब्ध हो। रेलवे व हवाई जहाज की सभी आवश्यक जानकारी एक डिस्प्ले बोर्ड में अंकित हो, ताकि अतिथियों को सभी जानकारी मिल सके।




**ठहरने वाले अतिथियों को मिले विशेष सुविधा–**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बोकारो परिसदन में ठहरने वाले अतिथियों को सुविधा के साथ सभी जानकारी भी मिले। उन्होंने परिसदन के सभी कमरों में आवश्यक जानकारियों की डिस्प्ले बोर्ड अंकित करने का निदेश दिया। उन्होंने बोकारो परिषद में स्वच्छ एवं स्वादिष्ट व्यंजनों से सजी थाली अतिथियों को मिल सके इसे भी सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही जिले के सभी विद्यालय, सभी अस्पताल, सभी कार्यालय एवं सभी सार्वजनिक स्थानों को साफ सुथरा रखने हेतु निर्देशित किया गया।

## मुकेश की रिलायंस ने अब यहां भी रख दिए हैं कदम

### सौदे के साथ मचा दी हलचल

नई दिल्ली, एजेंसी। मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) की एफएमसीजी कंपनी रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ( आरसीपीएल ) ने नेचरएज बेवरेजेज के साथ समझौता किया है। इस समझौते में आरसीपीएल ने नेचरएज बेवरेजेज के साथ ज्वाइंट वेंचर (जेवी) में ज्यादातर हिस्सेदारी खरीद ली है। इस सौदे के साथ आरसीपीएल अब हेल्थ ड्रिंक्स के बाजार में उतर गई है। ये हेल्थ ड्रिंक्स एनर्जी बढ़ाने, ध्यान लगाने और पाचन को ठीक करने में मदद करते हैं। इस सेक्टर में आरसीपीएल की एंट्री के साथ ही हलचल मच गई है।




आरसीपीएल का टारगेट इस जेवी के जरिये उपभोक्ताओं को हर्बल और प्राकृतिक पेय पदार्थों की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराना है। कंपनी का मानना है कि स्वस्थ पेय पदार्थों का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। लोग अब स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक होने के साथ प्राकृतिक विकल्पों की तलाश कर रहे हैं।

आरसीपीएल ने अभी यह नहीं बताया है कि यह सौदा कितने में हुआ है। लेकिन, कंपनी ने यह जरूर कहा है कि नेचरएज बेवरेजेज जड़ी-बूटियों से बने हेल्थ ड्रिंक्स बनाती है। इससे आरसीपीएल को पेय पदार्थों के बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने में मदद मिलेगी। आजकल पेय पदार्थों का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। आरसीपीएल के पास पहले से ही कई ब्रांड हैं। इनमें कैंपा, सोसियो सॉफ्ट ड्रिंक्स, स्पोर्ट्स ब्रांड स्पिनर और रास्किक शामिल हैं। अब नेचरएज बेवरेजेज के साथ आने से कंपनी और भी मजबूत हो जाएगी।

## उभरते बाजार की श्रेणी से निकलकर वैश्विक शक्ति बना भारत

नई दिल्ली, एजेंसी। एसएंडपी ग्लोबल ने हाल ही में मजबूत आर्थिक विकास और बेहतर वित्तीय स्थिति का हवाला देते हुए, 18 वर्षों में पहली बार भारत की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग को बढ़ाकर बीबीबी कर दी है। यह प्रगति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों के दीर्घकालिक तुलनात्मक विश्लेषण के बाद की गई है। 1975 से वैश्विक आर्थिक रैंकिंग में भारत की निरंतर वृद्धि दिखी है। इस दौरान अमेरिका, चीन, जापान, ब्रिटेन और जर्मनी सहित प्रमुख विश्व अर्थव्यवस्थाओं के साथ तुलना में भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण




बदलाव दिखे हैं। 1975 में भारत की कुल जीडीपी करीब 98 अरब डॉलर थी, इसके 2025 में बढ़कर 4527 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने बीते कई वर्षों में कई बड़े उतार-चढ़ाव देखे हैं। फिलहाल भारतीय अर्थव्यवस्था की गिनती दुनिया के शीर्ष चार अर्थव्यवस्थाओं में होती है। भारत से अधिक जीडीपी केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी की है। आईएमएफ के आंकड़ों के अनुसार भारत की जीडीपी 2030 तक 6670 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है और भारत जीडीपी के मामले जर्मनी से आगे निकलकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।

# देखते रह गए ट्रंप, चीन ने खोल दिए भारत के लिए दरवाजे

### अब नहीं होगी इन 3 चीजों की कमी



नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जब से दुनियाभर में टैरिफ लगाना शुरू किया है, भारत और चीन के बीच नजदीकियां बढ़ती दिखाई दे रही हैं। कुछ समय पहले चीन ने 3 खास चीजें के एक्सपोर्ट पर रोक लगाई थी। ये 3 खास चीजें फर्टिलाइजर , रेयर अर्थ मैग्नेट या रेयर अर्थ मिनरल्स और टनल बोरिंग मशीन हैं। यह रोक भारत पर भी थी। ऐसे में माना जा रहा था कि भारत शायद इन चीजों के लिए अमेरिका पर निर्भर हो। लेकिन अब चीन ने अमेरिका को झटका देते हुए इन चीजों पर लगी रोक हटा दी है। यानी चीन अब इन 3 चीजों को भारत को एक्सपोर्ट कर पाएगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले महीने चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की थी। तब भारत ने चीन से ये तीन चीजें मांगी थीं। वांग यी इस समय दो दिन की भारत यात्रा पर हैं।

### भारत के लिए कितनी जरूरी ये चीजें

भारत ने चीन को अपनी चिंताएं बताई थीं। चीन ने अचानक उर्वरकों पर रोक लगा दी थी। इससे रबी सीजन में डीएपी की उपलब्धता पर असर पड़ा था। इसी तरह, चीन ने टनल बोरिंग मशीनों के शिपमेंट को भी रोक दिया था। ये मशीनें भारत में बन रही महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए थीं। कुछ मशीनें तो विदेशी कंपनियों की थीं, जो चीन में बनी थीं। ऑटो और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों ने भी चिंता जताई थी। चीन ने रेयर अर्थ मैग्नेट और मिनरल्स पर रोक लगा दी थी। इससे इनकी कमी हो गई थी। इससे इलेक्ट्रिक व्हीकल और दूसरी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के प्रोडक्शन पर बुरा असर पड़ रहा था। चीन ने इनके निर्यात की रोक सुरक्षा कारणों से लगाई थी।

### दूर हुए मतभेद

वांग यी और जयशंकर पिछले महीने दो बार मिले थे। उन्होंने सीमा पर सैनिकों के पीछे हटने के बाद राजनीतिक मतभेदों को दूर किया। दोनों देशों ने धीरे-धीरे संबंधों को सामान्य करने पर सहमति जताई। पहले विश्वास बहाली के उपाय किए जाएंगे, फिर आर्थिक प्रतिबंधों को कम किया जाएगा।

### चीन पर नरमी दिखा रहा अमेरिका

यह खबर ऐसे समय में आई है जब अमेरिका भारत पर सख्त हो रहा है। अमेरिका के बड़े अधिकारी लगातार रूस के साथ भारत के संबंधों पर सवाल उठा रहे हैं।

## रेयर अर्थ मैग्नेट की कमी को पूरा करेगा चीन

मोदी सरकार की गाड़ियों पर जीएसटी घटाने वाले एलान के बाद से ऑटो कंपनियों के शेयर्स में तेजी देखने को मिल रही है। मंगलवार ( 19 अगस्त) को भारतीय ऑटो शेयरों में बढ़त जारी रही। ओला इलेक्ट्रिक, बजाज ऑटो, हीरो मोटोकॉर्प, हुंडई मोटर, आयशर मोटर्स और मारुति सुजुकी के शेयरों में 6 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। निफ्टी ऑटो इंडेक्स में 1 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, जो सोमवार को लगभग 5 प्रतिशत की



बढ़त के बाद और भी मजबूत हुआ, क्योंकि ऐसी खबरें आई थीं कि सरकार गाड़ियों की डिमांड को बढ़ाने के लिए व्हीकल पर त्रस्ञ में कटौती कर सकती है। ऑटो कंपनियों के शेयर्स में आई इस तेजी को नई दिल्ली से मिले नए संकेतों से भी समर्थन मिला। चीन के विदेश मंत्री ने आश्वासन दिया है कि बीजिंग नई दिल्ली द्वारा उठाई गई प्रमुख चिंताओं का समाधान करेगा। इसमें रेयर अर्थ मैग्नेट की सप्लाई, जो वाहन निर्माताओं के लिए एक महत्वपूर्ण रॉ मटेरियल और सुरंग खोदने वाली मशीनें शामिल हैं। बता दें कि चीन के विदेश मंत्री इस समय बैठकों के लिए भारत में हैं। ऑटो निर्माताओं के लिए रेयर अर्थ का मुद्दा विशेष रूप से गंभीर रहा है। ग्लोबल प्रोडक्शन और सप्लाी में चीन का लगभग 90 प्रतिशत योगदान है। इसकी कमी ने पहले ही उत्पादन को बाधित कर दिया है। बजाज ऑटो ने जुलाई में अपने इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के उत्पादन में 50 प्रतिशत तक की कटौती की, और चेतावनी दी कि अगस्त और सितंबर में भी उत्पादन सीमित रहेगा। भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टाटा मोटर्स ने भी रेयर अर्थ मैग्नेट को संभावित रुकावट बताया है। हालांकि, कंपनी का प्रोडक्शन अभी तक प्रभावित नहीं हुआ है, लेकिन कंपनी भविष्य के संचालन को सुरक्षित करने के लिए ऑप्शनल सप्लाई ऑप्शन पर काम कर रही है। अगर बीजिंग के आश्वासनों पर अमल होता है, तो वाहन निर्माताओं को सप्लाई संबंधी व्यवधानों से राहत मिल सकती है, जिससे प्रोडक्शन शेड्यूल पर भी असर पड़ा है। जबकि संभावित त्रस्ञ कटौती की चर्चा से घरेलू डिमांड की संभावनाएं बढ़ रही हैं।

# सीतारमण 20 अगस्त को मंत्री समूह की बैठक में शामिल होंगी

### अगली पीढ़ी के सुधारों पर होगी चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 20 अगस्त को राज्य मंत्रिस्तरीय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेंगी। इस बैठक के दौरान में जीएसटी में व्यापक सुधार के लिए केंद्र का प्रस्ताव रखा जाएगा। जिससे कर की दरों में कटौती होगी और आम उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में नरमी आएगी। सूत्रों के अनुसार जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर मंत्रिसमूह (जीओएम) की दो दिवसीय बैठक 20-21 अगस्त को नई दिल्ली में होगी।

बैठक में जीएसटी सुधारों के लिए केंद्र के प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके तहत तहत वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) में कर स्लैब की संख्या घटाकर दो- 5 और 18 प्रतिशत- कर दी जाएगी और कुछ चुनिंदा वस्तुओं के 40 प्रतिशत की विशेष दर का प्रस्ताव रखा जाएगा।

**जीएसटी में सुधार पर सरकार का विजन जीओएम से साझा करेंगी वित्त मंत्री-** सूत्रों ने बताया कि दरों को युक्तिसंगत बनाने संबंधी समिति के अलावा दो दिवसीय बैठक में क्षतिपूर्ति उपकर व स्वास्थ्य व जीवन बीमा पर गठित मंत्रिसमूह के सदस्य भी शामिल होंगे। एक सूत्र के अनुसार, जीएसटी 2.0 का मकसद जीएसटी सुधार के पीछे के केंद्र के दृष्टिकोण को सामने रखना है। हालांकि केंद्र जीओएम का सदस्य नहीं है, लेकिन केंद्रीय वित्त मंत्री की उपस्थिति और उनके संबोधन से जीओएम को केंद्र के प्रस्ताव के पीछे के विचार और विचार प्रक्रिया की बेहतर समझ मिलेगी। केंद्र की ओर से प्रस्तावित जीएसटी सुधार ऐसे समय में आ रहे हैं जब जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर की अवधि समाप्त होने वाली है और विभिन्न क्षेत्रों के लिए दरों को युक्तिसंगत



बनाने की योजनाचल रही है। इसके अलावा, आम आदमी को राहत देने के लिए एक मंत्री समूह स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम की दरों दरों में बदलाव पर विचार कर रहा है। जीएसटी परिषद ने इससे पहले तीन मुद्दों पर तीन अलग-अलग मंत्री समूह गठित किए थे।

**केंद्र ने 5 और 18 प्रतिशत की दो स्लैब संरचना का दिया प्रस्ताव-** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी दरों को युक्तिसंगत बनाने तथा स्वास्थ्य व जीवन बीमा पर गठित मंत्री समूह के संयोजक हैं, जबकि वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी क्षतिपूर्ति उपकर पर गठित मंत्री समूह के संयोजक हैं। केंद्र ने 5 और 18 प्रतिशत की दो स्लैब संरचना का प्रस्ताव दिया है, जिसमें वस्तुओं को योग्यता और मानक श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है और वर्गीकरण में अपनाया गया व्यापक सिद्धांत मध्यम वर्ग, एमएसएमई और कृषि क्षेत्र के लिए कर का बोझ कम करना है।

### 12 प्रतिशत स्लैब में शामिल 99 प्रतिशत वस्तुओं को 5 प्रतिशत में लाने की तैयारी

केंद्र के प्रस्ताव में वर्तमान 12 प्रतिशत स्लैब में शामिल 99 प्रतिशत वस्तुओं को 5 प्रतिशत में तथा 28 प्रतिशत स्लैब में शामिल 90 प्रतिशत वस्तुओं और सेवाओं को 18 प्रतिशत स्लैब में शामिल करने का प्रावधान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में जीएसटी सुधारों को लागू करके नागरिकों को दिवाली का उपहार देने का वादा किया था। उन्होंने कहा था कि इससे कर की दरें कम होंगी और आम आदमी को लाभ होगा। पीएम की ओर से जीएसटी में सुधार की घोषणा के तुरंत बाद, वित्त मंत्रालय ने अपनी अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार की बात कही। यह सुधार तीन स्तंभों – संरचनात्मक सुधार, दर युक्तिकरण और अनुपालन में आसानी– पर आधारित है।

# कच्चे कपास पर आयात शुल्क 42 दिन के लिए हटा

नई दिल्ली, एजेंसी। वित्त मंत्रालय ने सोमवार, 18 अगस्त को जारी अधिसूचना में 30 सितंबर तक कपास आयात पर सीमा शुल्क में अस्थायी छूट की घोषणा की। केंद्र सरकार ने कच्चे कपास पर लगने वाला 11 प्रतिशत आयात शुल्क (ड्यूटी) अगले 42 दिनों के लिए हटा दिया है। यह छूट 30 सितंबर तक रहेगी। यह फैसला टेक्सटाइल उद्योग को राहत देने के लिए लिया गया है, जो बढ़ती कच्चे माल की कीमतों और अमेरिका से आने वाले नए टैरिफ चुनौतियों से जूझ रहा है। इस खबर के बाद पेज इंडस्ट्रीज, अरविंद लिमिटेड जैसी कंपनियों के शेयर में तेजी देखने को मिल रही है। अरविंद के शेयर करीब ढाई पर्सेंट उछलकर 300 के पार पहुंच गए हैं। पेज इंडस्ट्रीज भी 275 रुपये बढ़कर 44965 रुपये पर पहुंच गया है। हालांकि, वेदांत फैशन्स और केपीआर मिल लाल निशान पर थे।




**क्यों लिया गया ये फैसला-** सरकार ने सोमवार देर शाम जारी एक अधिसूचना में कहा कि यह छूट जरूरी कदम है और जनहित में ली गई है। इससे पूरे टेक्सटाइल सेक्टर जैसे सूत, कपड़ा, परिधान (गारमेंट्स) और होम टेक्सटाइल बनाने वालों को महंगाई के दबाव से राहत मिलेगी। खासकर अब जब त्योहारी सीजन नजदीक है और निर्यात को गति देने की जरूरत है।

**अमेरिकी बाजार में दिक्कतें भी एक वजह-** एनडीटीवी प्रॉफिट के मुताबिक यह फैसला ऐसे वक्त आया है जब भारतीय निर्यातकों को अपने अहम अमेरिकी बाजार में टैरिफ की नई बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

# अनिल अंबानी की रिलायंस पावर की विदेश में शॉपिंग

नई दिल्ली, एजेंसी। अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर ने सोमवार को घोषणा की कि उसकी सहयोगी कंपनी, रिलायंस एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड , ने भूटान में एक नई संयुक्त कंपनी बनाई है। इस कंपनी का नाम है जीडीएल, रिलायंस सोलर प्राइवेट लिमिटेड। यह कंपनी 24 जुलाई, 2025 को भूटान के गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी (एक विशेष प्रशासनिक क्षेत्र) में स्थापित हुई है। बता दें 4 साल में रिलायंस पावर के शेयर 5 रुपये से बढ़कर 70 रुपये तक गया, वहीं, अब फिर से ये 40 रुपये के आसपास है। सोमवार को यह स्टॉक 0.12 पर्सेंट की गिरावट के साथ 43.25 रुपये पर बंद




हुआ। आज इस अपडेट के बाद रिलायंस पावर के शेयर फोकस में रहेंगे। पिछले एक साल में रिलायंस पावर ने करीब 32 पर्सेंट का रिटर्न दिया है।

**साझेदारी का स्वरूप-** यह ज्वाइंट वेंचर भूटान सरकार की सरकारी कंपनी ग्रीन डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड और रिलायंस एंटरप्राइजेज के बीच 50-50 की भागीदारी पर आधारित है। यह कंपनी रिन्यूएबल और ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में काम करेगी, हालांकि अभी इसने व्यापारिक गतिविधियां शुरू नहीं की हैं।

**निवेश और स्वामित्व-** आरईपीएल ने इस कंपनी में नकद भुगतान करके 2,25,000 शेयर (प्रत्येक 100 डॉलर मूल्य का) खरीदे हैं, जो जीआरएसपीएल में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। इस तरह, रिलायंस पावर की आरईपीएलके माध्यम से जीआरएसपीएल में अप्रत्यक्ष रूप से 25 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### छोटे शहर में देखा बड़ा सपना

# खड़ा कर दिया 100 करोड़ के टर्नओवर वाला ब्रांड

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रशांत वशिष्ठ की गिनती आज सफल उद्यमियों में होती है। उनकी कहानी इस बात का सबूत है कि छोटे शहर का साधारण व्यक्ति भी बड़े सपने देखकर उन्हें पूरा कर सकता है। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में छोटे से कस्बे अनूपशहर में पले-बढ़े प्रशांत ने 2021 में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर ब्रांड सोकुडो इलेक्ट्रिक की स्थापना की। आज उनकी कंपनी का सालाना कारोबार करीब 100 करोड़ रुपये का है। उनकी यह कामयाबी कोरोना महामारी के दौरान आए एक आइडिया से शुरू हुई। इसने उन्हें भारत के इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में मौजूद कमियों को दूर करने की प्रेरणा दी। आइए, यहां प्रशांत वशिष्ठ की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।




**लॉकडाउन के दौरान आया आइडिया -** प्रशांत का जन्म और पालन-पोषण बुलंदशहर जिले के अनूपशहर नाम के छोटे से कस्बे में हुआ। यह दिल्ली से 100 किमी दूर है। उन्होंने 1991 में एलडीएवी इंटर कॉलेज से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। 1994 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से बीएससी (फिजिक्स ऑनर्स) पूरा किया। मार्च 2020 में कोरोना लॉकडाउन के दौरान जब सड़कों पर गाड़ियां बंद हो गईं तो हवा साफ हो गई। इस बदलाव ने प्रशांत वशिष्ठ को गहराई से सोचने पर मजबूर कर दिया। दो-पहिया वाहनों के शौकीन होने के नाते उन्होंने नवंबर 2019 से ही पर्यावरण-अनुकूल वाहनों पर शोध शुरू कर दिया था। लॉकडाउन ने उन्हें एहसास दिलाया कि स्वच्छ हवा को बनाए रखने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का बाजार बड़ा अवसर हो सकता है। उन्होंने देखा कि भारतीय बाजार में गुणवत्ता और बेहतर प्रदर्शन वाले इलेक्ट्रिक स्कूटरों की कमी थी। ज्यादातर इलेक्ट्रिक स्कूटर घटिया क्वालिटी के थे। सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरते थे। सरकार के ग्रीन एनर्जी रेवॉल्यूशन और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की नीतियों ने भी उनकी रुचि को और बढ़ाया।

### मार्केट का गहराई से किया अध्ययन

बाजार का गहराई से अध्ययन करने के बाद प्रशांत ने कई बड़ी चुनौतियों की पहचान की। इलेक्ट्रिक वाहनों की अधिक कीमत, घटिया क्वालिटी वाले उत्पादों की भरमार, बैटरी में आग लगने की घटनाएं और मोटर से जुड़ी समस्याएं। इन समस्याओं को हल करने के लिए उन्होंने अपने छोटे भाई निशांत वशिष्ठ के साथ मिलकर 2021 में सोकुडो इलेक्ट्रिक की शुरुआत की। कंपनी का मुख्यालय और प्लांट ग्रेटर नोएडा में है। वहीं, इंदौर में एक ब्रांच ऑफिस भी है। अपने इस उद्यम से पहले प्रशांत ने लगभग 25 साल तक विभिन्न निजी और सरकारी संस्थानों में काम किया था। इनमें से ज्यादातर कंपनियां फाइनेंस इंडस्ट्री से थीं।

- **छोटे कस्बे से बड़े शहरों तक का सफर –** सोकुडो इलेक्ट्रिक ने अपनी यात्रा छोटे कस्बे से शुरू की। लेकिन, आज यह ब्रांड पूरे भारत के लगभग 100 स्थानों पर मौजूद है। इनमें दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, सूरत, अहमदाबाद और इंदौर जैसे टियर-ढ्ढ और टियर-ढ्ढ्ढ शहर शामिल हैं। कंपनी ने ग्राहकों की प्रतिक्रिया के आधार पर कई मॉडल लॉन्च किए हैं। इनमें एक्यूट (1,04,890 रुपये), सेलेक्ट 2.2 (89,889 रुपये), रैपिड 2.2 (82,889 रुपये) और प्लस (59,889 रुपये ) प्रमुख हैं। ये ग्राहकों की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करते हैं। आज कंपनी में लगभग 110 लोग काम करते हैं। इस सफलता में उनके भाई और परिवार ने भी उनका पूरा सहयोग किया।
- **ग्राहकों की जरूरत को समझा–** शुरुआत में सोकुडो इलेक्ट्रिक के पास लगभग 50 कर्मचारी थे। इनमें से ज्यादा ऋ8 टीम के थे। उनका पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर एक्यूट था। ग्राहकों से मिले फीडबैक के आधार पर प्रशांत वशिष्ठ ने इस मॉडल में 32 बदलाव किए। कंपनी ने ग्राहकों की जरूरतों को समझा और अपने उत्पादों में लगातार सुधार किया। आज सोकुडो के ग्राहक छात्र, शहरी और ग्रामीण यात्री, युवा पेशेवर और बुजुर्ग लोग भी हैं। उनके स्कूटरों में एडवांस तकनीक का इस्तेमाल किया गया है।

### 100 दिन का परिवर्तन एजेंडा

# एफडीआई व्यवस्था को उदार बनाएगी केंद्र सरकार

### ● विदेशी निवेश होगा और आसान

नई दिल्ली, एजेंसी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय एक 100 दिवसीय सुधार एजेंडे पर काम कर रहा है, जिसका उद्देश्य प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) व्यवस्था में ढील देना और पड़ोसी देशों से निवेश को आसान बनाना है। इस सुधार एजेंडे में स्टार्टअप के लिए कर लाभ और अधिक बढ़ाने का भी प्रस्ताव है। मंत्रालय से जुड़े एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि चमड़ा और जूता उद्योग के लिए पर्यावरणीय मानदंडों में कुछ ढील देने, निर्यात बढ़ाने के उद्देश्य से ई-कॉमर्स केंद्रों की स्थापना में तेजी लाने, भारत ट्रेडनेट के जरिये ट्रैकिंग में तेजी लाने और एक ही प्लेटफॉर्म पर प्रयोगशाला परीक्षण और प्रमाणन की सुविधा मुहैया कराने का भी प्रस्ताव है।

एक अन्य अधिकारी ने कहा कि ऐसे कदम भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी उच्च टैरिफ के बीच भारत के लिए निर्यात बढ़ाने में मददगार साबित होंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को एक मीडिया समूह के कार्यक्रम में कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाने के लिए सरकार 100 दिनों के परिवर्तन एजेंडे पर काम कर रही है। इसके तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से स्वतंत्रता दिवस पर किए गए वादों को पूरा करने पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकती। भारत दुनिया के सबसे पसंदीदा उपभोक्ता बाजार और शीर्ष निवेश स्थल के रूप में उभर रहा है।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 19-08-2025 21:47 Page 1



# नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का आरोप

## कोचिंग सेंटर संचालक फरार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)** ।पांकी थाना रोड स्थित तुलेश्वर एकेडमी कोचिंग सेंटर के संचालक तुलेश्वर यादव पर एक नाबालिग छात्रा ने दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। नाबालिग छात्रा अपनी सहेली के साथ कोचिंग के पास में ही रहकर पढ़ाई कर रही थी। संचालक पहले से उसकी गतिविधियों को वाच कर रहा था। मौका पाकर उसने छात्रा के साथ दुराचार किया।

नाबालिग के पिता ने इस संबंध में मेदिनीनगर महिला थाना में मामला दर्ज कराया है। महिला थाना प्रभारी रूपा बाखला ने बताया कि पीड़िता का बयान दर्ज कर पोक्सो के तहत केस दर्ज किया गया है। पीड़िता की चिकित्सकीय जांच भी कराई गई है। घटना का खुलासा होने के बाद से ही आरोपी संचालक कोचिंग बंद कर फरार हो गया है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चला रही है। महिला थाना प्रभारी ने कहा कि आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा और उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बताया जाता है कि नाबालिग छात्रा लंबे समय से संचालक के शोषण का शिकार हो रही थी। हिम्मत जुटाकर जब उसने अपने परिजनों को पूरी घटना बताई, तो परिजन सीधे महिला थाना पहुंचे।

संचालक की इस घिनौनी करतूत की लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि कोचिंग संस्थानों में इस तरह की घटना से छात्राओं की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े होते हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि आरोपी को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

# 21 अगस्त से कई ट्रेनें रहेंगी रद्द

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद**। धनबाद, बोकारो व रांची होकर चलने वाली 14 ट्रेनें अगस्त व सितंबर माह के अलग-अलग दिनों में रद रहेंगी। इनमें हैदराबाद, सूरत, वास्को द गामा व मौर्य एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनें शामिल हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेल के अलग-अलग रेलखंडों पर तीसरी व चौथी रेल लाइन निर्माण के कारण ट्रैफिक ब्लॉक रहेगा। इस वजह से ट्रेनें रद रहेंगी। संबलपुर से गोरखपुर के बीच चलने वाली मौर्य एक्सप्रेस संबलपुर स्टेशन पर विकास कार्यों के कारण सितंबर के पहले पखवाड़े में रद रहेगी।

धनबाद से कोयंबटूर के बीच चलने वाली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के विलंब से चलने के कारण मंगलवार की सुबह चलने वाली कोयंबटूर-धनबाद स्पेशल देर से रवाना होगी। सुबह 7:50 के स्थान पर शाम 4:15 पर प्रस्थान करेगी। देर से चलने से शनिवार को विलंब से आने की संभावना है।

पुरुषोत्तम एक्सप्रेस अब नई दिल्ली नहीं आनंद विहार से चलेगी, 10 मिनट पहले पहुंचेगी

पुरी से नई दिल्ली के बीच चलने वाली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस अब आनंद विहार से चलेगी और वहीं से लौटेगी। सोमवार से नया बदलाव प्रभावी हो गया। पुरी से रात में रवाना हुई पुरुषोत्तम एक्सप्रेस 20 अगस्त की सुबह नई दिल्ली के बदले आनंद विहार जाएगी।

नई दिल्ली पहुंचने का समय अलसुबह 4:00 बजे है। आनंद विहार 10 मिनट पहले यानी अलसुबह 3:50 पर पहुंचेगी। वापसी में 20 अगस्त से चलने वाली नई दिल्ली-पुरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस आनंद विहार से चलेगी। नई दिल्ली से रात 10:40 के बदले आनंद विहार से 10 मिनट देर से रात 10:50 पर प्रस्थान करेगी।

# सरकार के जवाब से कोर्ट संतुष्ट नहीं

## मामला पेपर लीक का

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची**। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह व जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ में सीजीएल पेपर लीक मामले की सीबीआइ जांच को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान अदालत ने सीआइडी डीएसपी की ओर से दाखिल शपथ पत्र पर असंतोष जताया। अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि शपथ पत्र देखकर प्रतीत हो रहा है कि मामले में निष्पक्ष जांच नहीं हो रही है, क्योंकि जांच अधिकारी ने जांच की बजाय प्रार्थियों के आरोप पर अपना ओपिनियन दे रहे हैं। अदालत ने इस शपथ पत्र को वापस लेने का निर्देश देते हुए सीआइडी एसपी को शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है। अगली सुनवाई 16 सितंबर को होगी।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत को बताया कि सीआइडी जांच में किसी तरह की गड़बड़ी सामने नहीं आई है और इसकी रिपोर्ट शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत की गई है।

अदालत ने कहा कि इस मामले की जांच होनी चाहिए न कि मामले में मंतव्य दिया जाए। महाधिवक्ता ने यह भी कहा कि जांच की स्क्रूटनी करने के लिए एसआइटी का गठन किया जाएगा, जो कोर्ट को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, अपराजिता भारद्वाज और समीर रंजन ने पक्ष रखा। अदालत को बताया गया कि सरकार दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है।

जब्त मोबाइल में रिकार्ड किए गए प्रश्न पहले ही उपलब्ध थे, जो परीक्षा प्रश्नपत्र से मेल खाते हैं। इससे स्पष्ट है कि पेपर लीक हुआ है। उन्होंने मामले की सीबीआइ जांच की मांग लेकर एक हस्तक्षेप याचिका दाखिल की है।

इस मुद्दे पर अदालत अगली तिथि को सुनवाई करेगी। पिछली सुनवाई के दौरान सरकार ने बताया था कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा मामले की जांच सीआइडी कर रही है। सीजीएल परीक्षा-2023 में गड़बड़ी के आरोप में सीआइडी ने दो केस किए हैं।

पहला केस रांची पुलिस से टेकओवर करने के बाद दर्ज किया गया है, जो रातू थाने में दर्ज हुआ था। जबकि, दूसरा केस जेएसएससी की शिकायत पर दर्ज किया गया है।

इस मामले के अनुसंधान के लिए एसआइटी भी गठित की गई है। इस संबंध में प्रकाश कुमार व अन्य की ओर से हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कहा गया है कि झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (सीजीएल-2023) 28 जनवरी 2024 को हुई थी। लेकिन प्रश्नपत्र लीक हो गया था। इसके बाद एसआइटी का गठन किया गया और परीक्षा निरस्त कर दी गई। दोबारा 21 सितंबर 2024 एवं 22 सितंबर 2024 को हुई। परीक्षा में भी पेपर लीक हुआ है।

# 44 अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी हुई रद्द

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक नियुक्ति में उन अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी रद कर दी है, जो मूल विषय की बजाय संबंधित अन्य विषयों से स्नातकोत्तर की डिग्री लेकर इस परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। फिलहाल संस्कृत और इतिहास विषय के ऐसे 44 अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी रद कर दी गई है।

इनमें संस्कृत के 34 तथा इतिहास विषय के 10 अभ्यर्थी सम्मिलित हैं। पूर्व में इनका परिणाम लंबित रखा गया था। अन्य विषयों में भी ऐसे मामले हो सकते हैं।

इसके तहत संस्कृत में स्नातकोत्तर की जगह संस्कृत साहित्य, ज्योतिष, आचार्य, नव्य व्याकरण आदि में स्नातकोत्तर करनेवालों की उम्मीदवारी रद की गई है। इसी तरह, इतिहास में स्नातकोत्तर की जगह मध्यकालीन इतिहास या प्राचीन इतिहास विषय में स्नातकोत्तर करनेवालों की भी उम्मीदवारी रद की गई है।

आयोग ने 13 अप्रैल 2022 से पूर्व एक ही समय दो समानांतर कोर्स करनेवालों की भी उम्मीदवारी रद की है। इनमें संस्कृत के दो तथा इतिहास के एक शिक्षक हैं।

वहीं, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने संस्कृत तथा इतिहास के एक-एक अभ्यर्थियों सहित कुल 10 अभ्यर्थियों की अनुशंसा आयोग को वापस लौटा दी है। काउंसलिंग के दौरान विभाग में ऐसे मामले आए थे ।इधर, आयोग ने प्रमाणपत्रों की जांच में नहीं पहुंचनेवाले इतिहास के 10 तथा संस्कृत के चार तथा स्वच्छता प्रमाणपत्र जमा नहीं करनेवाले चार अभ्यर्थियों की भी उम्मीदवारी रद कर दी है।

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में कुल 14 अभ्यर्थियों का परिणमा लंबित रखा है। ये इतिहास तथा संस्कृत विषय के अभ्यर्थी हैं। इनके संबंध में कोर्ट के अंतिम आदेश के बाद निर्णय लिया जाएगा।

# रोहू मछली को अब नहीं लगेगा रोग

## भेलवा पौधे से तैयार किया औषधीय फार्मूला



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग**। विनोबा भावे विश्वविद्यालय (विभावि) के बायोटेक्नोलॉजी विभाग में एक महत्वपूर्ण शोध उपलब्धि हासिल की गई है। विभाग की शोधार्थी आकृति गुप्ता ने झारखंड में पाए जाने वाले पारंपरिक पौधों से रोहू (रेहु) मछली में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली प्रभावी दवा का सफल परीक्षण किया है।

जंतु विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ किशोर कुमार गुप्ता ने मंगलवार को जानकारी दी कि रोहू, जिसे रुई या कारपो के नाम से भी जाना जाता है, उत्तर और मध्य भारत की सबसे लोकप्रिय मीठे पानी की मछली है।

यह न सिर्फ पोषण के लिए अहम है, बल्कि मत्स्य पालन की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हाल के वर्षों में बढ़ते प्रदूषण और रसायनिक दवाओं के अत्यधिक प्रयोग से इस प्रजाति पर विभिन्न प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। आकृति गुप्ता ने अपने शोध के दौरान झारखंड के पारंपरिक पौधों में से भेलवा पर वैज्ञानिक परीक्षण किया। इस पौधे के अर्क को फफूंद और बैक्टीरिया से ग्रसित रोहू मछलियों पर दवा के रूप में उपयोग किया गया।

परिणामस्वरूप, बीमार मछलियों में रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ी और उनके प्रतिरोधी जीन अधिक सक्रिय पाए गए। यह शोध डॉ पीके मिश्रा और भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान रांची के वैज्ञानिक डॉ एसके गुप्ता के मार्गदर्शन में पूरा हुआ। शोध का मूल्यांकन बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. एनके दूबे ने किया और आकृति को पीएचडी की उपाधि के लिए उपयुक्त घोषित किया।

आकृति के शोध का विषय था झारखंड के जनजातीय पौधों से रोग प्रतिरोधक दवा बनाकर लेबियो रोहिता (रोहू) मछली पर इसका प्रयोग और परीक्षण। इस अध्ययन से मत्स्य पालन उद्योग को एक प्राकृतिक और टिकाऊ समाधान मिल सकता है, जिससे महंगी और हानिकारक रसायनिक दवाओं पर निर्भरता कम होगी। आकृति गुप्ता ने सीएसआइआर, गेट, आइआइटी जैम की परीक्षा भी उतीर्ण की है। उनके शोध का साइटेशन भी 72 है।

उन्होंने आठ शोध पत्र और चार पुस्तक-अध्याय प्रकाशित किए हैं। हाल ही में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चंद्र भूषण शर्मा ने उन्हें बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में सदस्य के रूप में नामित किया है।

आकृति डीएवी पब्लिक स्कूल हजारीबाग, अन्नदा महाविद्यालय और वनस्थली विद्यापीठ की छात्रा रही हैं। उनके इस शोध से न सिर्फ विश्वविद्यालय का मान बढ़ा है, बल्कि झारखंड के स्थानीय संसाधनों पर आधारित विज्ञान की संभावनाओं को भी नई दिशा मिली है।

# एसडीओ ने किया अल्ट्रासाउंड सेंटर व अस्पताल का निरीक्षण

## पिछले दरवाजे से भागे चिकित्सक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गढ़वा** । गढ़वा के अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने सोमवार की शाम मझिआंव स्थित राधा कृष्ण हास्पिटल एवं अल्ट्रासाउंड सेंटर का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के समय अस्पताल संचालक राजनीकांत वर्मा की पत्नी कविता कुमारी को आपरेशन करते पाया गया, जबकि एक व्यक्ति निरीक्षण दल को देख पिछले रास्ते से खेतों की ओर भाग गया। मौके पर आधा दर्जन से अधिक मरीज आपरेशन करा कर लेटे मिले। जबकि दर्जनों लोग इंतजार में बैठे थे। प्रथम तल पर भर्ती एक मरीज के स्वजन ने एसडीएम को बताया कि वह अपनी पत्नी के बच्चेदानी का आपरेशन कराने आया था। उनके मरीज का आपरेशन कुछ मिनट पहले ही हुआ है। चिकित्सक कविता कुमारी ने पूछताछ में एसडीएम को बताया कि वह बीएएमएस की डिग्रीधारी हैं और अनुभव के आधार पर स्वयं आपरेशन एवं एनेस्थीसिया का कार्य करती हैं।

एसडीएम ने संचालक राजनीकांत वर्मा से पूछा कि किस प्रकार एक बीएएमएस डिग्रीधारी डाक्टर बड़े ऑपरेशन एवं एनेस्थीसिया दे सकते हैं, तो वे कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके।

मरीज को दिए जाने वाले मेडिकल पर्चे में डाक्टर कविता कुमारी ने अपने नाम के साथ स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं चिकित्सा पदाधिकारी झारखंड सरकार लिख रखा था।

जब उनसे पूछा गया कि क्या वह स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं तो चुप रहीं, लेकिन चिकित्सा पदाधिकारी होने के दावे पर उन्होंने कहा कि वह मझिआंव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिनियुक्त हैं। लेकिन उनकी मूल नियुक्ति कहां है, इस बारे में उन्होंने कुछ नहीं बताया।

# इनामी नक्सली को पकड़ने के लिए झारखण्ड और बिहार पुलिस ने बनायी रणनीति

## 70 से अधिक मामलों में है आरोपित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)**। पलामू में मंगलवार को डीआइजी नौशाद आलम की अध्यक्षता में बिहार और झारखंड के नक्सल अभियान से जुड़े शीर्ष अधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। दोनों राज्यों की साझा चुनौतियों और संयुक्त रणनीति पर चर्चा की गई। खासकर कुख्यात नक्सली कमांडर नितेश यादव को मुख्यधारा में लाने या फिर अभियान चलाकर जीवित पकड़ने पर जोर दिया गया।

बैठक में यह तय किया गया कि दोनों राज्यों के सुरक्षा बल साझा अभियान को और तेज करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से रमाकांत प्रसाद (एडिशनल एसपी, एसआइजी बिहार), अखिलेश कुमार (डीएसपी अभियान मगध), इंस्पेक्टर रवि शर्मा (अभियान इंस्पेक्टर), बिनीत कुमार (एसआइजी बिहार) और एएसपी अभियान राकेश (पलामू) शामिल रहे ।बैठक के बाद डीआइजी नौशाद आलम ने कहा कि नक्सली गतिविधियां राज्य और समाज के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि नितेश यादव जैसे बड़े नक्सली को या तो मुख्यधारा में लाना होगा।

अभियान के जरिए पकड़ना ही हमारा लक्ष्य है। बिहार और झारखंड पुलिस की साझा कार्रवाई से नक्सलियों की कमर तोड़ी जाएगी। अब इस क्षेत्र में नक्सलवाद के लिए कोई जगह नहीं बचेगी।

नितेश यादव, बिहार के गया जी जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र के तरवाडीह गांव का रहने वाला है। भाकपा (माओवादी) का यह कुख्यात कमांडर झारखंड और बिहार में 70 से अधिक बड़े नक्सली हमलों का आरोपी है।

साल 2012-13 में पलामू के विश्रामपुर थाना क्षेत्र के कौड़िया में टीपीसी के 15 नक्सलियों की हत्या का मास्टरमाइंड माना जाता है।

2016-17 में छतरपुर थाना क्षेत्र के कालापहाड़ में हुए लैंडमाइंस विस्फोट में 7 पुलिस जवान शहीद हुए, इस हमले में भी वह आरोपी है।

2016-17 में बिहार के गया-औरंगाबाद सीमा पर नक्सली हमले में सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के 10 जवान शहीद हुए, इसमें भी उसका नाम शामिल है। साल 2010-11 में पलामू-चतरा सीमा के लकड़बंधा इलाके में टीएसपीसी द्वारा माओवादियों के टाप 10 कमांडरों की हत्या हुई, उस कांड से नितेश बच निकला था।

बाद में वह माओवादियों का टाप कमांडर बन गया। झारखंड सरकार ने उस पर 15 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। उसे नितेश जी, इरफान, नंदू, किरानी जैसे नामों से भी जाना जाता है ।हाल में पलामू में उसके खिलाफ चले अभियान में आईईडी और हथियार बरामद हुए। पुलिस ने अदालत के आदेश पर उसके घर पर इश्तेहार भी चिपकाए हैं, ताकि जनता उसकी पहचान कर सके।

# गांव-टोले में बिजली पहुंचाने की कवायद तेज

**सिमडेगा**। अगले दो सालों में जिले के सभी वंचित 486 टोले बिजली से रोशन होंगे। इसके लिए विभाग के द्वारा पहल शुरू की गई है। मुख्यमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत छूटे हुए गांव-टोलों तक बिजली पहुंचाने की कवायद की जा रही है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता मनीष चंद्र पूर्ति ने यह बताया कि करीब योजना के तहत जिले को करीब 90 करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं, जिसके माध्यम से छूटे हुए जिले के गांव अथवा टोलों में बिजली पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। गांवों में बिजली पोल तार लगाने के साथ ही मीटर लगाने का कार्य भी किया जाएगा। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि जिले में अभी करीब 14 हजार घर बिजली सुविधा से वंचित हैं। नई योजना के तहत उन सभी घरों तक बिजली कनेक्शन दिया जाएगा। वर्तमान में जिले में 1,15000 बिजली उपभोक्ता हैं। कार्यपालक अभियंता ने भी बताया कि वर्तमान में जिले में पर्याप्त बिजली मिल रही है।

# नाद में जहर मिलाने का आरोप, 10 बेजुबानों की गयी जान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनवार**। धनवार का घुज्जी गांव। सोमवार को यहां हड़कंप मचा था। गांववालों के चेहरे सफेद पड़े थे, मानो उन्होंने भूत देख लिया हो। हर कोई आपस में कानाफूसी कर रहा था, अरे भाई ये हुआ कैसे। दूसरा जवाब देता, क्या मालूम, हमें तो कुछ भी पता नहीं। फिर शुरू हुई खोजबीन। अब आप भी जान लीजिए कि यह खोजबीन किस संदर्भ में हो रही थी।

यहां की सात बकरियां और तीन बैलों ने छटपटाकर एक साथ दम तोड़ दिया। सो जितने मुंह उतनी बातें हो रहीं थीं। एक बुजुर्ग तो ऊपरी हवा का भी चक्कर बताने से पीछे नहीं हटे। गांव के कई समझदार युवकों ने फिर बीड़ा उठाया। हम जानकर रहेंगे, आखिर जान गई तो कैसे। जिन परिवारों के घर के जानवर थे, उन पर क्या गुजर रही होगी। सो पता लगाया जाना लगा, मरने से पहले जानवर कहां थे। क्या कर रहे थे।

उनको किसी ने देखा था क्या। अंततः राज खुल ही गया। एक ने सरगोशी की, ज्यादा तो नहीं जानते, पर बकरी और बैल पानी पीने के बाद तड़पने लगे थे। उसके बाद उनकी मौत होने लगी। अब नया टास्क ये था कि पानी कहां पी लिया था। सो इसका भी पता चल ही गया। सड़क के किनारे खलील मियां ने एक नांद रखी है। उसका पानी इन जानवरों ने पी लिया था। उनको प्यास जो बुझानी थी।

अब भला उन बेजुबानों को क्या मालूम की वहां उनकी मौत का ही इंतजाम हो गया है। ग्रामीण कहते हैं कि सुभान मियां की दो, मुबारक की दो, असगर की एक और इब्राहिम की दो बकरियां मर गईं। इनकी कीमत पांच हजार रुपये से अधिक है। वहीं निजामुद्दीन अंसारी, फकीर मियां और इस्लाम मियां के एक-एक बैल की जान गई है। इनकी कीमत 15-20 हजार रुपये बताई गई।

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में जब जानवर खलील मियां की नाद में पानी पीने जाते थे तो उसके स्वजन गालीगलौज करते थे। हो न हो, नाद के पानी में ही कुछ था। अन्यथा एक साथ इतने जानवर क्यों मरते। नांद में काल किसने बैठाया, यह जांच का विषय है। फिलहाल पंचायत समिति सदस्य जैनब खातून ने प्रशासन से जांच कराने और पीड़ित पशु पालकों को न्याय दिलाने की मांग की है। पुलिस ने बताया कि जांच जारी है। पानी की जांच भी कराई जा रही है।

# बारिश में जान हथेली पर लेकर बच्चे जाते हैं स्कूल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सिमडेगा**। जहां एक तरफ बरसात से किसानों और अन्य लोगों के लिए तपती गर्मी से राहत और खेती का संदेश लेकर आती है, वहीं सिमडेगा जिले के गेनमेर टोंगरी टोली गांव के लिए यही बरसात हर वर्ष डर, दर्द और खतरे की कहानी बन जाती है।

बानो प्रखंड के गेनमेर पंचायत का टोंगरी टोली गांव में लगभग 40 घर हैं। जहां हर साल बरसात आते ही पूरा गांव दुनिया से कट जाता है। तेज बहाव वाले गहरे नाले के कारण यह गांव टापू में तब्दील हो जाता है। गांव तक पहुंचने के लिए कोई पक्की सड़क या पुल नहीं है।

नाले को पार करना यहां के ग्रामीणों के लिए रोजमर्रा की मजबूरी है, जो कई बार जानलेवा साबित हो चुकी है। गांव में एक उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय है। जहां पढ़ने के लिए बच्चों को नाले के पार जाना पड़ता है।

बारिश के मौसम में जलस्तर इतना बढ़ जाता है कि कई दिनों तक स्कूल बंद करना पड़ता है। स्कूल के शिक्षक हिलरयस कुंडलना अपनी मोटरसाइकिल नाले के दूसरी ओर खड़ी कर, पैदल पानी और कीचड़ से होते हुए स्कूल पहुंचते हैं।

कई बार उन्हें छोटे बच्चों को गोदी में उठाकर नाले के पार कराना पड़ता है। छात्र हेमंत बूढ़ बताते हैं कि पानी ज्यादा हो तो डर लगता है, कभी गिर भी सकते हैं। हम चाहते हैं कि पुल जल्दी बने।

छात्रा सुबानि जोजो का कहना है कि पढ़ाई करने का मन है, लेकिन पानी इतना तेज होता है कि स्कूल जाना मुश्किल हो जाता है।

गांव की महिला लक्ष्मी देवी बताती हैं कि अगर कोई बीमार पड़ जाए तो उसे खटिया में लादकर नाले के पार ले जाना पड़ता है।

# छात्रावास की आग ने खोली अव्यवस्था की पोल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लातेहार**। बारियातू प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय बारियातू के छात्रावास में शाट सर्किट से लगी आग ने कई मामलों की पोल खोलकर रख दी। आगलगी के दौरान छात्राएं कमरे में नहीं थीं अन्यथा बड़ी क्षति हो जाती।

दरअसल घटना के बाद मौके पर पहुंचे पत्रकारों ने देखा तो एक ही कमरे में 50 छात्राओं को रहने के लिए विवश होना पड़ रहा था। मतलब साफ है कि यदि पंखा न चले तो कमरे के अंदर उमस से सांस तक लेने में परेशानियां उत्पन्न हो जाएं।

ऐसे में सवाल यह उठता है कि मामले को देखने वाले कैसी कुंभकर्णी निद्रा में लीन हैं कि पशु के समान एक ही कमरे में 50 छात्राओं को रख दिया जा रहा है। बावजूद इसके वे मामले से अनजान बने रहे। वार्डन कांति कुजूर ने बताया कि छात्रावास में शाट सर्किट की वजह से लगी है हमारे छात्रावास की सभी छात्राएं सुरक्षित हैं। आग लगने के समय यदि छात्राएं कमरे के अंदर होतीं तो निश्चित तौर पर बड़े नुकसान से इन्कार नहीं किया जा सकता जानमाल का भी नुकसान हो जाता।

उन्होंने कहा कि छात्रावास जर्जर हो गया है इस मामले की सूचना विभाग को लिखित आवेदन देकर अवगत कराई हूं पर विभाग की ओर से आवश्वसनों के सिवाय अब तक कुछ नहीं प्राप्त हो सका है।

छात्रावास में आग लगने की सूचना पर कई प्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी। छात्राओं के सुरक्षित होने पर सबने राहत की सांस ली।

इधर इस घटना पर बारियातू की अंचल पदाधिकारी कोकिला कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान व बरियातू थाना प्रभारी रंजन पासवान ने कहा कि इस तरह से एक ही कमरे में छात्राओं को रखना दुर्भाग्यपूर्ण है। पदाधिकारियों ने इस मामले पर वरीय अधिकारियों से बात की गई है

# वंदे भारत ट्रेन का मधुपुर में ठहराव नहीं होने से लोगों में रोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मधुपुर (देवघर)**। पटना-हावड़ा मुख्य रेल मार्ग पर चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को मधुपुर स्टेशन पर ठहराव देने की मांग जोर पकड़ने लगी है।

मधुपुर में इस ट्रेन का ठहराव होने पर गिरिडीह, कोडरमा जिले समेत अनुमंडल क्षेत्र के लोगों काफी फायदा मिलेगा। गिरिडीह जिले का मधुपुर प्रमुख स्टेशन है।

गिरिडीह को लेकर मधुपुर को जंक्शन का दर्जा प्राप्त हुआ है। ट्रेन का ठहराव नहीं होने पर इलाके के लोग नाराज हैं। स्थानीय सांसद से ट्रेन के ठहराव की मांग स्थानीय लोग कर चुके हैं।

बताया जाता है कि झामुमो के राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद ने केन्द्रीय रेल मंत्री से मिलकर पटना-हावड़ा के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को मधुपुर जंक्शन में यात्रियों की सुविधाओं के लिए यहां ठहराव की मांग की। वहीं, इस मामले को सदन में भी उठाया है।

राज्यसभा सांसद ने कहा था कि गिरिडीह जिले का मधुपुर प्रमुख स्टेशन है। यहां से हजारों यात्री प्रतिदिन मधुपुर जाकर विभिन्न ट्रेनों को पकड़कर गंतव्य स्थान तक जाते हैं।

राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनें भी मधुपुर जंक्शन में रुकती हैं। ऐसे में पटना-हावड़ा को चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव मधुपुर जंक्शन में होना चाहिए। मधुपुर में वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव होने से मधुपुर के साथ गिरिडीह के रेल यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी, लेकिन केन्द्रीय मंत्री के आश्वासन के बावजूद आज तक इस ट्रेन का ठहराव मधुपुर में नहीं हुआ है। क्षेत्र को लोग हैरान हैं।

गिरिडीह व मधुपुर स्टेशन से रेलवे को करोड़ों का राजस्व मिल रहा है। इसके बाद भी मांग को नजरअंदाज किए जाने से क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक, चेंबर ऑफ कॉमर्स, बुद्धिजीवी, व व्यापारियों में असंतोष है।

CMYK



# एशिया कप 2025 के लिए टीम इंडिया का ऐलान

## शुभमन गिल उप कप्तान, जायसवाल और अय्यर बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई ने एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। टीम की कमान सूर्यकुमार यादव को सौंपी गई है, जबकि युवा बल्लेबाज शुभमन गिल उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगे। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की टीम में वापसी हुई है, जो टीम के गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती देंगे। इस बीच चयनकर्ताओं ने कुछ अहम फैसले लेते हुए यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर को टीम से बाहर कर दिया है। टॉप ऑर्डर में संजू, अभिषेक और तिलक हैं तो मिडिल ऑर्डर में कप्तान सूर्यकुमार यादव के अलावा, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ियों को जगह मिलती दिखी है. गेंदबाजी के मोर्चे पर जहां बुमराह और अर्शदीप पेस अटैक का भार उठाते दिखेंगे. वहीं स्पिन को मजबूती देने के लिए एशिया कप की टीम में वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव को जोड़ा गया है.

### एशिया कप के लिए टीम इंडिया

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह.

# डेब्यू वनडे में पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर डेवाल्ड ब्रेविस ने बनाया दमदार रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बेबी एबी के नाम से लोकप्रिय दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने डेब्यू वनडे में एक अनोखी उपलब्धि अपने नाम की है। ब्रेविस इस उपलब्धि को हासिल करने वाले दक्षिण अफ्रीका के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। डेवाल्ड ब्रेविस ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने वनडे करियर की शुरुआत की। ब्रेविस को बल्लेबाजी के लिए छठे नंबर पर भेजा गया था। अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए मशहूर ब्रेविस ने तूफानी शुरुआत की और अपनी पहली ही गेंद पर छक्का लगा दिया। गेंदबाज थे ट्रेविस हेड। वनडे में डेब्यू करते हुए अपनी पहली गेंद पर छक्का लगाने वाले ड्रेवाल्ड ब्रेविस दक्षिण अफ्रीका के दूसरे खिलाड़ी बने। जोहान लॉ ने 2008 में बांग्लादेश के खिलाफ नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए पहली गेंद पर छक्का लगाया था। उन्होंने शाकिब अल हसन पर छक्का लगाया था। डेवाल्ड ब्रेविस ने अपने करियर का आगाज तो बेहद शानदार और यादगार अंदाज में किया, लेकिन वे अपनी पारी आगे नहीं बढ़ा सके। ब्रेविस अगली ही गेंद पर आउट हो गए। भारत के लिए ईशान किशन ने 2021 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे डेब्यू करते हुए पहली ही गेंद पर छक्का लगाया था। डेवाल्ड ब्रेविस दक्षिण अफ्रीका के लिए टेस्ट और टी20 में भी डेब्यू कर चुके हैं। ब्रेविस ने 2 टेस्ट मैचों की 3 पारी में 84 रन बनाए हैं। सर्वाधिक स्कोर 51 रहा है। वहीं, 10 टी20 मैचों में 1 शतक और 1 अर्धशतक लगाते हुए उन्होंने 318 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल में संपन्न टी20 सीरीज में ब्रेविस ने विस्फोटक शतक लगाया था। उन्होंने 56 गेंद पर 8 छक्के और 12 चौके लगाते हुए नाबाद 125 रन की पारी खेली थी। इसके अगले मैच में उन्होंने अर्धशतक लगाया था। इसी प्रदर्शन के आधार पर उन्हें वनडे सीरीज में जगह दी गई।



# कार्लोस अल्काराज ने पहली बार जीता सिनसिनाटी ओपन का खिताब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सिनसिनाटी ओपन जीतने का स्पेन के कार्लोस अल्काराज का सपना पूरा हो गया है। मंगलवार को जानिक सिनर के खिलाफ हुए फाइनल मुकाबले में उन्हें विजेता घोषित किया गया। विबलंडन फाइनल के बाद विश्व के नंबर एक जानिक सिनर और नंबर दो कार्लोस अल्काराज के बीच होने वाले सिनसिनाटी ओपन फाइनल पर दुनियाभर के टेनिस प्रेमियों की नजर थी। फैंस एक रोमांचक मुकाबले का इंतजार कर रहे थे। लेकिन फैंस को थोड़ी मायूसी हासिल हुई। वजह जानिक सिनर की अस्वस्थता रही। अल्काराज और सिनर के बीच मैच निर्धारित समय पर शुरु हुआ था। शुरुआत से ही सिनर गर्मी से परेशान दिख रहे थे। पहले सेट में 0-5 से पिछड़ने के बाद उन्होंने डॉक्टर को बुलाया और गर्मी से निपटने के लिए बर्फ की मदद भी ली, लेकिन मैच को जारी नहीं रख सके। 23 मिनट के बाद वह रिटायर होने पर मजबूर हो गए। इसके बाद अल्काराज को विजेता घोषित किया गया। यह उनका पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब था और साल का कुल छठा खिताब था।

सिनर की परेशानी का पता तब चला जब सर्विस में वह एक भी पॉइंट नहीं जीत पाए। सर्विस सिनर का मजबूत पक्ष माना जाता है। लगातार पांचवां गेम हारने के बाद सिनर ने डॉक्टर को बुलाया और जल्द ही कार्लोस अल्काराज से हाथ मिलाकर मैच समाप्ति की घोषणा कर दी।

सिनर अगर फाइनल जीत जाते तो वह रोजर फेडरर (2014-15) के बाद लगातार टाइटल जीतने वाले पहले खिलाड़ी होते। मैच के बाद सिनर ने कहा, मैं आपको निराश करने के लिए माफी मांगता हूं। मैं कल से अच्छा



महसूस नहीं कर रहा था। मुझे लगा कि मैं रात तक बेहतर हो जाउंगा। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। मैंने लड़ने की कोशिश की। लेकिन, खेल नहीं पाया। इसलिए मैं माफी मांगता हूं। विजेता घोषित किए जाने के बाद कार्लोस अल्काराज ने जानिक सिनर के लिए कहा, मैं जानता हूं कि आप इन परिस्थितियों से और बेहतर कमबैक करेंगे, उससे भी बेहतर जैसा आप हमेशा करते हो। यही असली चैंपियन करते हैं।

# दक्षिण अफ्रीका को बड़ा झटका

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हुए कगिसो रबाडा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज से पहले दक्षिण अफ्रीका को बड़ा झटका लगा। टीम की तेज गेंदबाजी का सबसे प्रमुख चेहरा कगिसो रबाडा इंजरी की वजह से पूरी सीरीज से बाहर हो गए। कगिसो रबाडा के दाहिने टखने में सूजन थी। सोमवार को हुए स्कैन में गंभीर चोट का पता चला। इसके बाद उन्हें वनडे सीरीज से बाहर कर दिया गया। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा, वह ऑस्ट्रेलिया में ही रहेंगे और दक्षिण अफ्रीकी मेडिकल स्टाफ की देखरेख में रिहैबिलिटेशन से गुजरेंगे। कगिसो रबाडा की जगह वनडे सीरीज में बाएं हाथ के 19 साल के तेज गेंदबाज क्वेल मफाका को टीम में जगह दी गई है। मफाका का हाल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ संपन्न तीन टी20 मैचों की सीरीज में अच्छा प्रदर्शन रहा था। इस युवा गेंदबाज ने 9 विकेट झटके थे। इसी प्रदर्शन के आधार पर उन्हें रबाडा के विकल्प के रूप में टीम में जगह दी गई है। हालांकि, वह पहले वनडे का हिस्सा नहीं हैं।



# पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने किया सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान

## बाबर और रिजवान का हुआ डिमोशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड टीम के पूर्व कप्तान बाबर आजम और मौजूदा वनडे कप्तान मोहम्मद रिजवान को लगातार बड़े झटके दे रहा है। एशिया कप 2025 के स्क्वॉड से बाहर होने के बाद पीसीबी के नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में भी बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को नुकसान उठाना पड़ा है। बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान पाकिस्तान के सर्वाधिक लोकप्रिय खिलाड़ियों में हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में वह लंबे समय से टॉप कैटेगरी में शामिल रहे हैं। पिछली बार भी वह ग्रेड ए का हिस्सा थे, लेकिन 2025-2026 के लिए जारी सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में बाबर आजम और रिजवान को डिमोट कर दिया गया है। दोनों खिलाड़ियों को ग्रेड बी में जगह दी गई है।

नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में कुल 30 खिलाड़ियों को जगह दी गई है, लेकिन



ग्रेड ए कैटेगरी में कोई खिलाड़ी शामिल नहीं है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पांच खिलाड़ियों को प्रमोट किया है। पिछली बार सी ग्रेड का हिस्सा रहे अबरार अहमद, हारिस रऊफ, सलमान अली आगा, सैम अयूब और शादाब खान को ग्रेड बी में शामिल किया गया है।

बोर्ड ने 12 नए खिलाड़ियों को कॉन्ट्रैक्ट में शामिल किया है। ये खिलाड़ी हैं- अहमद दानियाल, फहीम अशरफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, साहिबजादा फरहान, सलमान मिर्जा और सुफयान मोकिम। सभी पहली बार कॉन्ट्रैक्ट का हिस्सा बने हैं।

### पाकिस्तान सेंट्रल कांट्रैक्ट (2025-26) में शामिल खिलाड़ी

**ग्रेड बी (10 खिलाड़ी)** - अबरार अहमद, बाबर आजम, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, मोहम्मद रिजवान, सैम अयूब, सलमान अली आगा, शादाब खान और शाहीन शाह अफरीदी

**ग्रेड सी (10 खिलाड़ी)** - अब्दुल्लाह शफीक, फहीम अशरफ, हसन नवाज, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, नसीम शाह, नोमान अली, साहिबजादा फरहान, साजिद खान और सऊद शकील

**ग्रेड डी (10 खिलाड़ी)** - अहमद दानियाल, हुसैन तलत, खुर्रम शहजाद, खुशदिल शाह, मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद वसीम जूनियर, सलमान मिर्जा, शान मसूद और सुफियान मुकीम

पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन लंबे समय से निराशाजनक रहा है। हाल ही में टीम को वेस्टइंडीज ने वनडे सीरीज में 1-2 से हराया है। पाकिस्तान को एशिया कप 2025 से पहले यूएई और अफगानिस्तान के साथ त्रिकोणीय टी20 सीरीज खेलनी है।

**सिंकफील्ड कपः**

# सिंकफील्ड कप में प्रज्ञानंद ने गुकेश को हराया, जीत के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर

**सेंट लुई (अमेरिका), एजेंसी।** पहले राउंड के अन्य मुकाबलों में अमेरिका के फैबियानो कारूआना ने पोलैंड के डुडा जान-क्रिजस्टोफ के साथ ड्रॉ खेला, जबकि वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले सैमुअल सवियन ने अपने अमेरिकी हमवतन वेस्ली सो के साथ अंक बांटे।



भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराकर लाइव विश्व रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर लिया। प्रज्ञानंद अब अमेरिका के लेवोन अरोनियन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। अमेरिकी खिलाड़ी ने सोमवार को पहले राउंड में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया। पहले राउंड के अन्य मुकाबलों में अमेरिका के फैबियानो कारूआना ने पोलैंड के डुडा जान-क्रिजस्टोफ के साथ ड्रॉ खेला, जबकि वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले सैमुअल सवियन ने अपने अमेरिकी हमवतन वेस्ली सो के साथ अंक बांटे। फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव ने भी हमवतन अलीरेजा फिरौजा के साथ ड्रॉ खेला। इस 350,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अभी आठ राउंड होने बाकी हैं। अभी प्रज्ञानंद और अरोनियन के बाद छह खिलाड़ी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं, जबकि गुकेश और अब्दुसत्तोरोव को अभी खाता खोलना है। प्रज्ञानंद ने गुकेश के खिलाफ सफेद मोहरों से खेलने का पूरा फायदा उठाया और केवल 36 चाल में जीत दर्ज की।

प्रज्ञानंद ने मैच के बाद कहा, मुझे नहीं पता कि आज क्या हुआ। मुझे लगता है कि वह थोड़ा असहज था। मैंने लगभग दो साल से उसके खिलाफ क्लासिकल शतरंज में जीत हासिल नहीं की थी। इसलिए आखिरकार जीत हासिल करके अच्छा लग रहा है।

# पाकिस्तान हॉकी एशिया कप से हटा

## ओमान ने भी नाम वापस लिया, बांग्लादेश और कजाकिस्तान को मौका; 29 अगस्त से टूर्नामेंट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट से अधिकृत रूप से हट गया है। इतना ही नहीं, ओमान ने भी अपना नाम वापस ले लिया है। ऐसे में बांग्लादेश और कजाकिस्तान को मौका दिया गया था। हॉकी इंडिया के एक सूत्र ने बताया- मंगलवार सुबह पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने भारत आने से अधिकृत तौर पर इनकार कर दिया है। ओमान की टीम भी हट गई है। ऐसे में बांग्लादेश और कजाकिस्तान को ड्रॉ में शामिल कर दिया। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट में पाकिस्तान के इस टूर्नामेंट से हटने की बातें कही जा रही थीं। एक महीने पहले पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (क्वास्र) ने सुरक्षा कारणों का हवाला दिया था। हालांकि, भारत सरकार ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा दिया था।



**हॉकी एशिया कप का नया ड्रॉ-** एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप का टिकट एशिया कप से हटने के साथ ही पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करने का एक मौका गंवा दिया है। दरअसल, एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप का टिकट मिलता है। हॉकी का अगला वर्ल्ड कप 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा।

# पृथ्वी शॉ ने ठोका तूफानी शतक, टीम इंडिया में वापसी के लिए बना डाले इतने रन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पृथ्वी शॉ को भले ही दुनिया कोसती रहती है लेकिन अब इस खिलाड़ी ने वो काम कर दिखाया है जिसके बाद अब उन्हें हर कोई सलाम कर रहा है. पृथ्वी शॉ ने बुच्ची बाबू ट्रॉफी में महाराष्ट्र की ओर से शानदार शतक ठोक दिया. शॉ महाराष्ट्र की टीम के लिए पहली बार मैच खेलने उतरे और उन्होंने डेब्यू मैच में ही कमाल कर दिखाया. शॉ ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ 111 रनों की पारी खेली. शॉ ने अपनी इस पारी में 141 गेंदें खेली और उनका स्ट्राइक रेट 78 से ज्यादा का रहा. शॉ की बल्लेबाजी के कमाल का अंदाजा आप इस बात से लगाइए कि उन्होंने पारी में 15 चौके और एक छक्का लगाया.



**महाराष्ट्र को पृथ्वी शॉ ने संभाला** - पृथ्वी शॉ की ये पारी इसलिए भी कमाल है क्योंकि उन्होंने मुश्किल वक्त पर सेंचुरी ठोकी है. जब महाराष्ट्र की टीम के बल्लेबाज ताश के पत्तों की तरह बिखर रहे थे, उस वक्त शॉ ने ताबड़तोड़ बैटिंग कर विरोधी गेंदबाजों को बैकफुट पर धकेला. महाराष्ट्र ने सिर्फ 86 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे, टॉप ऑर्डर के पांच में से 4 बल्लेबाज 10,4, 1 और 0 का योगदान ही दे सके. ऋतुराज गायकवाड़ भी महज 4 रन बना पाए लेकिन शॉ ने ताबड़तोड़ बैटिंग कर महाराष्ट्र को गेम में बनाए रखा. शॉ जब आउट हुए तो महाराष्ट्र का स्कोर 166 रन था और इसमें उनका योगदान रहा 111 रन.

**मुंबई छोड़कर महाराष्ट्र में हुए शामिल** - बता दें पृथ्वी शॉ ने हाल ही में मुंबई की घरेलू टीम का साथ छोड़ा है. खराब फिटनेस की वजह से उन्हें रणजी ट्रॉफी में ड्रॉप कर दिया गया था. इसके बाद शॉ ने बड़ा फैसला लेते हुए महाराष्ट्र की टीम का हाथ थामा और पहले ही मैच में उन्होंने अपनी क्लास दिखा दी. वैसे पृथ्वी शॉ का बड़ा लक्ष्य टीम इंडिया में वापसी करना है. वो लंबे समय से टीम से बाहर हैं. अगर वो ऐसी ही पारियां खेलते रहे तो उन्हें वापस सेलेक्ट करना चयनकर्ताओं की मजबूरी बन जाएगा.

# कपिल बैंसला ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा के पलवल के कपिल बैंसला ने कजाकिस्तान के श्यामकेंट में चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल/शॉटगन में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष जूनियर फाइनल में 243.0 का स्कोर बनाया और उज्बेकिस्तान के इल्खोमबेक ओबिदजोनोव को 0.6 अंक से पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर रहे।

कपिल के हमवतन जोनाथन गेविन एंटनी ने 220.7 अंक बनाकर कांस्य पदक जीता, लेकिन 24 शॉट के फाइनल में 22वें शॉट के बाद बाहर हो गए। इससे पहले कपिल ने क्वालीफिकेशन में 579 अंक बनाकर चौथा स्थान हासिल किया था और जोनाथन के साथ शीर्ष आठ में जगह बनाई थी। जोनाथन 582 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। मुकेश नेलावली जोनाथन से केवल दो इनर 10 अंक कम थे और तीसरे स्थान पर रहे। इस तरह फाइनल में तीन भारतीय खिलाड़ी पहुंच गए। कोरियाई खिलाड़ी किम डूयोन ने भी 582 अंक हासिल करके शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन जोनाथन की तुलना में आंतरिक 10-रिंग में कम से कम छह शॉट ज्यादा लगाए। इल्खोमबेक फाइनल में सबसे तेज रहे, कपिल लगातार उनका पीछा करते रहे और फिर 15वें शॉट के बाद पहली बार उनसे आगे निकल गए। उज्बेक खिलाड़ी ने 20वें शॉट के बाद बढ़त हासिल कर ली और अंतिम दो में कपिल से पूरे एक अंक आगे थे। इसके बाद युवा भारतीय खिलाड़ी ने 10.8 और 10.6 अंक हासिल किए जबकि इल्खोमबेक ने 10.4 अंक हासिल करने के बाद 23वें शॉट में 9.4 अंक हासिल किए और कपिल को खिताब दिला दिया। कपिल और जोनाथन ने विजय तोमर के साथ मिलकर कुल 1723 अंक हासिल करके इस स्पर्धा का टीम रजत पदक जीता। कोरिया ने 1734 अंक के साथ स्वर्ण और मेज़बान कजाकिस्तान ने कांस्य पदक जीता।

सीनियर पुरुष वर्ग के फाइनल में एकमात्र भारतीय अनमोल जैन 155.1 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहे। चीन के हू काई ने स्वर्ण पदक जीता जबकि चीन ने इस स्पर्धा में टीम स्पर्धा का स्वर्ण भी जीता। अनमोल ने आदित्य मालरा और सौरभ चौधरी के साथ मिलकर 1735 अंकों के संयुक्त प्रयास से टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता। इस प्रकार भारत ने पहले दिन का अंत एक स्वर्ण और दो रजत पदक के साथ किया, जबकि दूसरे दिन मंगलवार को महिला और जूनियर महिला एयर पिस्टल के फ़ाइनल निर्धारित समय पर खेले जाने थे।



## संक्षिप्त समाचार

### संजय सिंह का चुनाव आयोग पर बड़ा वार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) को सीधी चुनौती देते हुए कहा कि अगर वह सचमुच निष्पक्ष है, तो उसे विभिन्न राज्यों में मतदान में अनियमितताओं की शिकायतों की जांच करनी चाहिए। उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में पहले ही अनियमितताओं की शिकायत की थी, जहां नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में 42,000 वोट काटे गए, जबकि भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के पते पर दर्जनों वोट बनाए गए। फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। संजय सिंह ने कहा कि आयोग का यह दावा कि किसी राजनीतिक दल ने शिकायत नहीं की, सरासर झूठ है और जब तक वह जांच नहीं करता, उस पर हमेशा वोट चोरी को बढ़ावा देने का आरोप लगता रहेगा। संजय सिंह ने कहा, चुनाव आयोग ने साफ कहा है कि उसने बिहार में 22 लाख वोट इसलिए काटे हैं क्योंकि वे पिछले 20 सालों में मरे हुए लोगों के नाम थे। यानी पिछले 20 सालों से बिहार की मतदाता सूची में कई मृतकों के नाम थे। जिन जिन राज्यों में वोट चोरी की शिकायतें आ रही हैं, चुनाव आयोग को उन पर कार्रवाई करनी चाहिए। अगर आपको लगता है कि क्योंकि आप के ऊपर प्रधानमंत्री मोदी का हाथ है तो आप भी कुछ भी कर सकते हैं तो ये ठीक नहीं है। संजय सिंह ने कहा, रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की बात सुनकर लगा कि उनका नाम असल में अज्ञानेश कुमार (एक अनपढ़ व्यक्ति) होना चाहिए। उन्होंने कितनी अज्ञानता से बात की। ज्ञानेश कुमार या तो मूर्ख हैं, मूर्ख बनने का नाटक कर रहे हैं, या फिर हमें मूर्ख समझते हैं। उन्होंने जिस तरह के निराधार और अतार्किक बयान दिए, उससे हम स्तब्ध रह गए। उनसे पूछे गए एक भी सवाल का जवाब नहीं मिला।

### दिल्ली में हटाए जाएंगे आवारा कुत्ते? एमसीडी ने बना लिया है प्लान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में आवारा कुत्तों को हटाने वाले सुप्रीम कोर्ट के फरमान के बाद एमसीडी ने प्लान बनाना शुरू कर दिया है। वरिष्ठ नगर निगम अधिकारियों ने दिल्ली सरकार को सौंपे गए एक कार्य योजना का हवाला देते हुए कहा कि दिल्ली नगर निगम के कुत्ता पकड़ने वाले दल शुरुआत में सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों और स्कूलों के अंदर से आवारा कुत्तों को हटाने और अनधिकृत रूप से बनाए गए उनके खाने के स्थानों को हटाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। हालांकि, उन्होंने कहा कि पशु अधिकार कार्यकर्ताओं के कड़े विरोध के कारण पकड़े गए आवारा कुत्तों की संख्या कम बनी हुई है। एक वरिष्ठ नागरिक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि कई बार काटने की शिकायत वाले कुत्तों के अलावा, इस अभियान का शुरुआती ध्यान सरकारी कार्यालयों के परिसरों पर है। अधिकारी ने कहा कि इन क्षेत्रों में लोगों की आवाजाही ज्यादा होती है और सरकारी कार्यालयों, स्कूलों और अस्पतालों के अंदर खाने के स्थानों की अनुमति नहीं दी जा सकती। हमें ऐसे संस्थानों से कई शिकायतें मिलती हैं और हमारी शुरुआती प्राथमिकता ऐसे क्षेत्र होंगे। कार्यालय परिसरों के अंदर खाने के स्थानों की अनुमति नहीं दी जा सकती। हमने पहले ही यह अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारी ने यह भी बताया कि सिविक सेंटर सहित कई नगर निगम कार्यालयों से भी कई कुत्तों को हटाया गया है।

### आसानी से पैसा मिलना एक जाल है.. दिल्ली हाई कोर्ट ने खारिज किया धोखाधड़ी का केस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने एक तीखे और स्पष्ट फैसले में कहा है कि लालच में अंधे लोग जोखिम को जानबूझकर स्वीकार करते हैं और उन्हें इसके परिणाम भी भुगतने होंगे। कोर्ट ने 24% सालाना रिटर्न का वादा कर निवेशकों को लुभाने के आरोपी शख्स के खिलाफ दर्ज 2 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले को रद्द कर दिया। जस्टिस अरुण मोंगा ने अपने 35 पेज के फैसले में आसान पैसा को एक जाल करार दिया और अवास्तविक रिटर्न की चाह रखने वालों को चेतावनी दी। उन्होंने 13 अगस्त को दिए अपने फैसले में कहा, जो लोग अवास्तविक वादों के पीछे भागते हैं, उन्हें अपने जोखिम खुद उठाने होंगे। लोग पहले लालच में आकर वित्तीय जाल में कूदते हैं और बाद में धोखा होने का रोना रोते हुए राज्य से मदद मांगने दौड़ते हैं। यह एक कड़वी, लेकिन जरूरी सच्चाई है कि अगर आप असाधारण मुनाफे की चाह रखते हैं, तो असाधारण नुकसान के लिए भी तैयार रहें। जस्टिस मोंगा ने आगे कहा, लालच चुनने का मतलब है जोखिम चुनना और जोखिम चुनने का मतलब है परिणाम भुगतना। ऐसे लोग यह दिखावा नहीं कर सकते कि वे किसी जादू से ठगे गए, जब उन्होंने खुद ही उस भ्रम में कदम रखा। हर उस सपने देखने वाले के लिए, जो जल्दी अमीर बनने की चाह रखता है, यह एक चेतावनी है। आसान पैसा एक जाल है। अगर रिटर्न अविश्वसनीय लगता है, तो यह मान लें कि आप अगले शिकार हैं। यह मामला 2019 में दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज एक एफआइआर से शुरू हुआ था, जिसमें आपीएस की धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत शिकायत दर्ज की गई थी।

# दिल्ली में हर 3 में से 1 व्यक्ति पानी के टैंकरों पर निर्भर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली की 12 बस्तियों में 500 से ज्यादा घरों पर किए गए एक सर्वे में पता चला है कि तीन में से एक व्यक्ति प्राइवेट वाटर सप्लायर्स पर निर्भर है। साथ ही लगभग इतने ही लोग दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के टैंकरों पर निर्भर हैं, जो हफ्ते में मुश्किल से एक या दो बार आते हैं। ग्रीनपीस इंडिया द्वारा सोमवार को जारी एक वाटर ऑडिट रिपोर्ट राजधानी की जल आपूर्ति में बड़ी असमानताओं को दर्शाती है।



ग्रीनपीस इंडिया की कैंपेनर वैशाली उपाध्याय ने कहा कि पानी एक बुनियादी अधिकार है, लेकिन इन परिवारों के लिए यह रोजमर्रा का संकट है। उन्होंने कहा कि वाटर एटीएम न होने के कारण, लोग प्राइवेट वाटर सप्लायर्स को प्रति गैलन 15 से 30 का भुगतान करते हैं। गर्मी और लू इस परेशानी को और बढ़ा देती है, जिससे पानी और भोजन, स्कूल की फीस या दवा के बीच चुनाव करना मुश्किल हो जाता है।

यह ऑडिट सकूरपुर बस्ती, सावदा घेवरा, दया बस्ती, चूना भट्टी, खजान बस्ती, बीआईडब्ल्यू कॉलोनी, सीमापुरी, सुंदर नगरी, लोहार बस्ती, संगम विहार (कचरा बीनने वालों की बस्ती), रघुबीर नगर जेजे कॉलोनी और कुसुमपुर पहाड़ी सहित कई बस्तियों में किया गया था। ऑडिट में पाया गया कि सर्वे में हिस्सा लेने वाले 34% लोग प्राइवेट सप्लायर्स पर, 29% डीजेबी टैंकरों पर, 21% वाटर एटीएम पर, 14% सबमर्सिबल पंपों पर और 2% पड़ोसियों से उधार पानी लेकर काम चला रहे हैं। फिर भी, इनमें से अधिकतर सेवाएं अनियमित थीं। दिल्ली सरकार ने अप्रैल 2025 तक 3,000 वाटर एटीएम लगाने की घोषणा की थी, लेकिन जून तक केवल 20 ही लगाए जा सके, जबकि सर्वे की गई बस्तियों में एक भी वाटर एटीएम नहीं लगा। सर्वे में हिस्सा लेने वाले लगभग 80% लोगों ने बताया कि पानी की कमी अक्सर या कभी-कभार होती है, खासकर मार्च और जुलाई के बीच। कई परिवार हर महीने पानी पर 500 से 1,500 रुपये तक खर्च करते हैं, जिससे पहले से ही तंगहाल घरेलू बजट और बिगड़ जाता है। सावदा घेवरा और शकूरपुर जैसे इलाकों में भी, जहां वाटर एटीएम हैं, एक तिहाई से अधिक लोगों ने खराबी और अनियमित सप्लाई की शिकायत की। रिपोर्ट में तत्काल नीतिगत हस्तक्षेप का आग्रह किया गया है, तथा सिफारिश की गई है कि सरकार न केवल 3,000 एटीएम के अपने वादे को पूरा करे, बल्कि उसे 2026 तक इन्हें बढ़ाकर 5,000 तक पहुंचाए,

# अब रेल सफर में तय सीमा से ज्यादा वजन ले जाने पर लगेगा जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
रेल यात्रा में अकसर आपने लोगों को भारी सामान लाते ले जाते देखा होगा, लेकिन जल्दी ही यह पुरानी बात हो जाएगी। रेलवे अब हवाई यात्रा की तरह सामान को लेकर सख्त नीति अपनाने जा रहा है। इसके तहत एक निश्चित वजन या आकार से ज्यादा सामान लेकर जाने पर पेनल्टी भी देनी पड़ सकती है। इसके लिए रेलवे स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक मशीनें लगाई जाएंगी। इनसे होकर जब सामान गुजरेगा तो पता चल जाएगा कि वजन और माप तय सीमा के भीतर ही है या नहीं। यदि माप और वजन तय लिमिट से ज्यादा हुआ तो फिर जुर्माना या अतिरिक्त चार्ज चुकाना होगा। यही नहीं रेलवे स्टेशनों पर भी अब लोगों का अनुभव बदलने की तैयारी पूरी हो गई है।



अब रेलवे स्टेशनों पर बड़े ब्रांड्स की दुकानें दिख सकती हैं। रेलवे स्टेशनों पर कपड़े, ट्रैवल, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान आदि आप आसानी से खरीद पाएंगे। इसके लिए शानदार दुकानें होंगी, जिनका रेलवे की ओर से टेंडर जारी किया जाएगा। इससे रेलवे स्टेशनों पर पहुंचकर लोग एयरपोर्ट जैसे माहौल का अनुभव करेंगे। इसके अलावा रेलवे के रेवेन्यू में भी इजाफा होगा। दुकानें टेंडर से आवंटित की जाएंगी, जिनके शुल्क से रेलवे को अच्छी आय होने की उम्मीद है। रेलवे सूत्रों का कहना है कि सामान की वजन सीमा श्रेणी के अनुसार तय होगी। जैसे सामान्य श्रेणी का टिकट लेकर यदि कोई सफर कर रहा है तो उसे अपने साथ 35 किलो सामान से ज्यादा ले जाने की परमिशन नहीं होगी।

यदि एक से ज्यादा लोग सफर कर रहे हैं तो तय लिमिट प्रति यात्री के अनुसार होगी। जैसे एक व्यक्ति पर 35 किलो की परमिशन है तो दो लोग साथ होंगे तो 70 किलो वजन तक का सामान ले जा सकते हैं। अब श्रेणी वार लिमिट की बात करें तो स्लीपर और थर्ड एसी में यह 40 किलो प्रति व्यक्ति होगी। इसके अलावा सेकेंड एसी में एक व्यक्ति को 50 किलो तक सामान ले जाने की परमिशन रहेगी। वहीं फर्स्ट एसी में यह लिमिट 70 किलोग्राम रहेगी। रेलवे सूत्रों का कहना है कि यह लिमिट इसलिए तय की गई है ताकि सभी यात्रियों का सफर सुखद और सुगम रहे।

अब श्रेणीवार लिमिट की बात करें तो ऐसा इसलिए तय किया गया है ताकि सीटों की व्यवस्था के अनुसार ही सामान रखा जा सके। जैसे जनरल में जगह सबसे कम बचती है।

# संपत्ति का खुलासा न करने पर हर मामले में रद्द नहीं हो सकते चुनाव परिणाम: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि संपत्ति का खुलासा न करने से हर मामले में चुनाव परिणाम रद्द नहीं हो सकते हैं। जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि किसी विजयी उम्मीदवार ने संपत्ति से संबंधित जानकारी का खुलासा नहीं किया है, अदालतों को अत्यधिक पांडित्यपूर्ण और निंदनीय दृष्टिकोण अपनाकर चुनाव को अमान्य करने की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। बेंच ने कहा कि यह पता लगाना होगा कि क्या इस तरह से छुपाना या खुलासा न करना इतना बड़ा और व्यापक था कि इससे चुनाव परिणाम प्रभावित हो सकता था। बेंच ने कहा कि हमारी राय में असली परीक्षा यह होगी कि किसी भी मामले में संपत्ति के बारे में जानकारी का खुलासा न करना परिणामी या अप्रासंगिक है, जिसका निष्कर्ष चुनाव को वैध या अमान्य घोषित करने का आधार होगा, जैसा भी मामला हो। बेंच ने 14 अगस्त, 2025 के अपने फैसले में कहा, 'चुनावी प्रक्रिया में आपराधिक पृष्ठभूमि का खुलासा चुनावी प्रक्रिया की शुद्धता बनाए रखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण तत्व है, जिसका पूरी ईमानदारी से पालन किया जाना चाहिए। साथ ही, संपत्ति और शैक्षिक योग्यता का खुलासा चुनावी प्रक्रिया को मज़बूत बनाने के लिए अतिरिक्त आवश्यकताओं के रूप में माना जाता है, जिस पर विचार करने की कुछ गुंजाइश होगी कि यह महत्वपूर्ण है या महत्वहीन।'



**यह है मामला:** शीर्ष अदालत ने 3 दिसंबर, 2023 को हुए तेलंगाना विधानसभा चुनावों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) उम्मीदवार कोवा लक्ष्मी के निर्वाचन के खिलाफ कांग्रेस उम्मीदवार अजमेरा श्याम द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि विजयी उम्मीदवार द्वारा फॉर्म 26 हलफनामे में पिछले पांच वित्तीय वर्षों में से चार वित्तीय वर्षों के आयकर रिटर्न का खुलासा न करना कोई महत्वपूर्ण दोष नहीं था।

# ट्रेन में कंफर्म टिकट के नाम पर 1000 रुपये तक ज्यादा वसूली

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
रेलवे के सब-एजेंट नियमों के विरुद्ध वेटिंग टिकट को कंफर्म कराने का दावा कर रेल यात्रियों से धन उगाही कर रहे हैं। ट्रैवल गारंटी चार्ज के तहत प्रति यात्री 359 रुपये से 1000 रुपये तक लिया जा रहा है। वेटिंग टिकट कंफर्म नहीं होने पर यह एजेंट यात्री को पैसा वापस करने के बजाए ट्रैवल गारंटी कूपन पकड़ा देते हैं और बस-हवाई जहाज से यात्रा करने का विकल्प चुनने को कहा जाता है। रेल मंत्रालय ने ऑनलाइन टिकट बिक्री के लिए आईआरसीटीसी को अधिकृत किया है। विभाग में प्रमुख एजेंट के अलावा लाखों की सख्या में सब-एजेंट रेल यात्रियों को ऑनलाइन टिकट बुकिंग की सुविधा मुहैया कराते हैं। सब-एजेंट स्लीपर श्रेणी में 20 रुपये व एसी में 40 रुपये प्रति यात्री एजेंट सर्विस चार्ज के रूप में लेते हैं। सब-एजेंटों ने ट्रैवल गारंटी चार्ज के तहत यात्रियों को कंफर्म टिकट देने का दावा करना शुरू कर दिया है। इसके एवज में यात्री से रेल किराये के अलावा 359-1000 रुपये तक लेते हैं। यात्री को मिलने वाली इलेक्ट्रानिक रिजर्वेशन सिल्प (ईआरएस) में इसका बाकायदा उल्लेख होता है। यह चार्ज ट्रेन की श्रेणी और दूरी के अनुसार तय होता है। उदाहरण के लिए दिल्ली-कानपुर के बीच शिवगंगा (ट्रेन संख्या-12560) के एसी-3 श्रेणी का गारंटी चार्ज 359 रुपये प्रति यात्री है। वहीं, दिल्ली-कानपुर लखनऊ शताब्दी के एक्जीक्यूटिव श्रेणी का गारंटी चार्ज 909 रुपये प्रति यात्री है। यात्री की संख्या बढ़ने पर यह चार्ज बढ़ जाएगा। यदि यात्रा वाले दिन टिकट कंफर्म नहीं हुआ तो एजेंट बस अथवा हवाई जहाज से यात्रा का विकल्प देते हैं। यदि यात्री ट्रेन से ही यात्रा करना चाहता है तो उसे ट्रैवल गारंटी कूपन दिया जाता है। हालांकि, यह सीमित समय के लिए होता है। लेकिन एजेंट ट्रैवल गारंटी चार्ज का पैसा वापस नहीं करते हैं। विदित हो कि रेलवे में आरक्षित श्रेणियों में प्रतिदिन औसतन 14 से 15 लाख टिकट की बुकिंग होती है। एजेंट-सब एजेंट 100 फीसदी कंफर्म टिकट के नाम पर रेल टिकट की बिक्री नहीं कर सकते हैं। रेलवे मैन्युअल के अनुसार ट्रेनों में वेटिंग टिकट को बर्थ खाली होने पर पहले आरएसी को फिर वेटिंग टिकट को कंफर्म किया जाता है। इस व्यवस्था को बाइपास कर वेटिंग टिकट को पहले कंफर्म नहीं किया जा सकता है। वहीं, रेलवे बोर्ड के कार्यकारी अधिकारी (आईपी) दिलीप कुमार ने बताया कि सब-एजेंट ट्रैवल गारंटी चार्ज लेते हैं। सब-एजेंट ट्रेन का टिकट कंफर्म नहीं होने पर रेल यात्री को हवाई जहाज, सड़क परिवहन व अन्य साधनों से यात्रा करने की सुविधा देते हैं।



# नॉर्वे के राजकुमार होइबी पर 32 अपराधों में केस दर्ज, इनमें 4 रेप के मामले

**लंदन, एजेंसी।** नॉर्वे के 28 साल का राजकुमार मारियस बोर्ग होइबी इन दिनों यूरोप में सुर्खियां बटोर रहे हैं. इसके पीछे जो वजह है, उसे जानकर आप हैरान रह जाएंगे. राजकुमार होइबी पर रेप के चार मामलों के साथ-साथ कई यौन हिंसा के भी कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं. होइबी यहां की राजकुमारी मेटे-मैरिट के बेटे हैं और राजसिंहासन के उत्तराधिकारी राजकुमार हाकोन के सौतेले बेटे हैं. पिछले एक साल से उनके खिलाफ पुलिस की जांच जारी थी. सोमवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया. बदनाम प्रिंस पर बलात्कार, यौन उत्पीड़न और शारीरिक तौर पर नुकसान पहुंचाने के 32 अपराधों का आरोप हैं. चौंकाने वाले दावों में सेक्स के दौरान रेप का एक मामला, सेक्स के बिना दो मामले, यौन उत्पीड़न के चार मामले और शारीरिक क्षति के दो मामले शामिल हैं. सभी मामलों में, उसने महिलाओं पर सोते समय हमला किया. होइबी पर अपनी पूर्व पार्टनर नोरा हॉकलैंड के साथ दुर्व्यवहार और एक और गर्लफ्रेंड के साथ हिंसक व्यवहार करने का भी आरोप है. सोमवार को उनके खिलाफ अभियोग पेश करते हुए राज्य अटॉर्नी स्टर्ला हेनरिक्सबो ने कहा, यह मामला बेहद गंभीर है। करीबी संबंधों में रेप और हिंसा बेहद गंभीर अपराध हैं जो पूरी जिंदगी के लिए निशान छोड़ सकते हैं और जीवन को खत्म भी कर सकते हैं. अभियोजक ने आगे कहा, मारियस बोर्ग होइबी शाही परिवार का सदस्य है, इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि उसके साथ उतना हल्का या कठोर बर्ताव किया जाना चाहिए ।



# चीन के बदले सुर: जयशंकर से मुलाकात बाद बोले वांग यी- भारत को दुश्मन नहीं साझेदार मानना चाहिए

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा है कि भारत-चीन संबंध में सहयोग की ओर लौटने की दिशा में सकारात्मक रुझान दिख रहे हैं। यी ने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों को एक-दूसरे को प्रतिद्वंद्वी के रूप में नहीं बल्कि साझेदार के रूप में देखना चाहिए। आधिकारिक मीडिया ने मंगलवार को अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। खबर के अनुसार सोमवार को नयी दिल्ली पहुंचे वांग ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठक के दौरान यह टिप्पणी की। उनकी यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शंघाई सहयोग संगठन (स्ष्टह्र) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन की प्रस्तावित यात्रा से पहले हुई है। बैठक में वांग ने जयशंकर से कहा कि चीन-भारत संबंध में सहयोग की ओर लौटने की दिशा में सकारात्मक रुझान दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष चीन और भारत के बीच राजनयिक संबंध स्थापित होने के 75 साल पूरे हुए हैं और अतीत से सबक सीखा जा सकता है। उनका यह बयान पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के बाद चार साल से अधिक समय में संबंधों में आई दरार की ओर स्पष्ट संकेत था। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ% ने बताया कि उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के लिए सही रणनीतिक धारणा रखना, एक-दूसरे को प्रतिद्वंद्वी या खतरे के बजाय साझेदार और अवसर के रूप में देखना तथा विकास एवं पुनरुद्धार में अपने बहुमूल्य संसाधनों का निवेश करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को प्रमुख पड़ोसी देशों के लिए आपसी सम्मान और विश्वास के साथ सह-अस्तित्व, साझा विकास और अनुकूल सहयोग हासिल करने के सही तरीके तलाशने चाहिए।



वांग ने कहा कि चीन मैत्री, ईमानदारी, परस्पर लाभ और समावेशिता के सिद्धांतों को कायम रखने और भारत सहित पड़ोसी देशों के साथ मिलकर एक शांतिपूर्ण, सुरक्षित, समृद्ध, खूबसूरत और मैत्रीपूर्ण क्षेत्र बनाने के लिए काम करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को भरोसा करना चाहिए, एक दिशा में आगे बढ़ना चाहिए, बाधाओं को दूर करना चाहिए।

# 2007 के गौर नरसंहार की दोबारा जांच करे सरकार, नेपाल की सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

**काठमांडू, एजेंसी।**
नेपाल की सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 2007 के गौर नरसंहार की जांच के लिए सरकार को अनिवार्य आदेश (मैंडमस) जारी किया। यह नेपाल के राजनीतिक इतिहास की सबसे हिंसक घटनाओं में से एक मानी जाती है। जस्टिस तिल प्रसाद श्रेष्ठ और जस्टिस नित्यानंद पांडे की बेंच ने आदेश जारी करते हुए कहा कि हत्याओं से जुड़ी शिकायतों में जिनके नाम शामिल हैं, उनकी जांच जरूर होनी चाहिए।

कोर्ट के अधिकारियों के मुताबिक, त्रिभुवन साह और अन्य ने चार जून 2023 को रौतहट के जिला पुलिस कार्यालय और जिला सरकारी वकील कार्यालय के खिलाफ यह याचिका दायर की थी। याचिका में गौर नरसंहार की जांच की मांग की गई थी।

यह 21 मार्च 2007 को रौतहट जिले के गौर स्थित राइस मिल मैदान में हुई थी, जब उस समय के मधेशी जन अधिकार मंच (एमपीआरएफ) और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के बीच हिंसक झड़प हो गई थी। मधेशी जन अधिकार मंच के नेता उपेंद्र यादव थे। इस हिंसा में 27 लोग मारे गए थे और करीब सौ लोग घायल हुए थे।



विभिन्न मानवाधिकार संगठनों की जांच रिपोर्ट के मुताबिक, मारे गए ज्यादातर लोग माओवादी समर्थक थे। अब सुप्रीम कोर्ट के ताजा आदेश के बाद पुलिस ने उपेंद्र यादव और अन्य 113 आरोपियों के खिलाफ मामले की दोबारा जांच शुरू कर दी है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की रिपोर्ट के मुताबिक, हिंसा तब भड़की जब मधेशी जन अधिकार मंच के समर्थकों ने माओवादियों की ओर से तैयार किया गया मंच तोड़ा। इसके बाद नगरपालिका कार्यालयपास गोली चलने की घटनाएं सामने आईं, जिससे दहशत फैल गई और फिर झड़पें और हत्याएं शुरू हो गईं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि कई पीड़ितों को पकड़ा गया, पीटा गया और मार दिया गया। कई लोगों पर धारदार और भारी हथियारों से हमला किया गया। कुछ को जलाया गया और कई शवों को एक मंदिर के आस पास घुमाया गया और फिर मौके पर फेंक दिया गया।

आयोग ने इस घटना को पूर्व नियोजित और योजनाबद्ध हिंसा करार दिया और कहा कि इसके लिए मुख्य रूप से मधेशी जन अधिकार मंच के कार्यकर्ता जिम्मेदार थे। इसने यह भी कहा कि जिन लोगों को हिरासत में लिया गया था, उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन किया गया। हिरासत में लोगों की हत्या राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत अपराध है। एनएचआसी की जांच रिपोर्ट में इस हिंसा के चार प्रमुख कारण बताए गए हैं। पहला- 31 जनवरी 2007 को गौर में माओवादियों की ओर से मंच के समर्थकों और नेताओं पर हमला किया गया, जिससे बदले की भावना पैदा हुई। दूसरा- मंच ने 21 मार्च को कार्यक्रम की पूर्व सूचना दी थी, लेकिन माओवादी संगठन की सहयोगी मधेशी मुक्ति मोर्चा ने उसी स्थान पर दो दिन पहले कार्यक्रम तय कर टकराव की स्थिति बना दी। तीसरा- स्थानीय व्यापार संघ ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने की कोशिश की थी और प्रशासन ने भी मौखिक रूप से कार्यक्रम अलग-अलग करने को कहा था, लेकिन माओवादी बैठक में नहीं आए और दोनों पक्षों ने प्रशासन की अपील को नजरअंदाज कर दिया। चौथा- 20 मार्च 2007 को जिला सुरक्षा समिति ने अतिरिक्त सुरक्षा बल की मांग की थी, लेकिन संबधित अधिकारियों ने समय पर सुरक्षा व्यवस्था नहीं की। यह घटना उस समय घटी, जब पूर्व माओवादी गुरिल्ला समूह नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) ने राजनीति में प्रवेश किया था। उस समय पार्टी अध्यक्ष पुष्पकमल दहल प्रचंड ने इस हिंसा के लिए राजशाही समर्थकों, भारतीय चरमपंथियों और विदेशी ताकतों को जिम्मेदार ठहराया था। प्रचंड ने यह भी आरोप लगाया था कि जब यह हिंसा घंटों तक चल रही थी, तब राज्य की सुरक्षा एजेंसियां मूकदर्शक बनी रहीं। वहीं, घटना के कुछ समय बाद मधेशी मंच के नेता उपेंद्र यादव भूमिगत हो गए थे।

# पंचायत को राष्ट्रीय पहचान दिलाने वाली योजना का करें चयन : उपायुक्त

## प्रमुख, मुखिया व बीडीओ समन्वय से करें काम : जिप अध्यक्ष

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पंचायत में ऐसी योजना का चयन करें जिससे उस पंचायत को राष्ट्रीय पहचान मिले। इसके लिए पंचायत को जिला प्रशासन का पूरा सहयोग मिलेगा। पंचायत की व्यवस्था जितनी सशक्त होगी, पंचायत का विकास भी उतना अच्छा होगा। उपरोक्त बातें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने आज न्यू टाउन हॉल में पंचायत उन्नति सूचकांक पर आयोजित जिला स्तरीय प्रसार कार्यशाला में सभी मुखिया, प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्यों से कही। उपायुक्त ने कहा कि पंचायत स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केंद्र, पेयजल, जल संचयन, जल स्रोत व तालाबों का जीर्णोद्धार सहित विभिन्न पैरामीटर पर काम किया जा सकता है। सभी योजना का अच्छे उद्देश्य, ध्यान केंद्रित कर, कार्य की गुणवत्ता और अच्छी सोच से क्रियान्वन करें। इससे लोगों को बहुत




लाभ मिलेगा। उपायुक्त ने कहा कि पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 में धनबाद जिले को चौथा स्थान मिला था। अब प्रयास रहेगा कि अगले वर्ष के असेसमेंट में धनबाद के अधिक से अधिक पंचायत एवं ब्लॉक उत्कृष्ट प्रदर्शन में शामिल हो। उन्होंने कहा कि विकास सूचकांक का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को श्रेष्ठ तरीके से धरातल पर उतरना है। योजना की रीढ़ पंचायत राज व्यवस्था है। जनप्रतिनिधि पंचायत के सारे काम देखते हैं। वे जितना अच्छा प्रदर्शन करेंगे उतना लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सकेगा। इस अवसर पर जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 में सभी 9 पैरामीटर पर बेहतरीन कार्य करें। कार्य की डाटा एंट्री समय पर करें। प्रखंड प्रमुख, मुखिया एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 में धनबाद प्रथम स्थान हासिल करेगा। कार्यशाला में रांची से आए तकनिकी एक्सपर्ट ने गरीबी मुक्त और बेहतर आजीविका वाली पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, जल पर्याप्त, स्वच्छ और हरित, आत्मनिर्भर आधारभूत संरचना, सामाजिक रुप से न्यायपूर्ण और सामाजिक रुप से सुरक्षित, सुशासन तथा महिला हितैषी पंचायत पर प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में पूर्वी टुंडी, कलियासोल एवं बलियापुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, पंचायती राज विभाग के डीपीएम को सम्मानित किया गया। साथ ही पंचायत उन्नति सूचकांक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए बलियापुर प्रखंड के कमारटांड़ पंचायत को प्रथम, पूर्वी टुंडी के लटानी को द्वितीय, तोपचांची के घुंघुसा को तृतीय, बलियापुर के छाताटांड को चौथा तथा पूर्वी टुंडी के रूपन पंचायत के मुखिया को पांचवा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला परिषद की अध्यक्ष, उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, जिला पंचायती राज पदाधिकारी तथा तकनीकी एक्सपर्ट ने दीप प्रचलित करके किया। इसके बाद पंचायत उन्नति सूचकांक पुस्तिका का विमोचन किया गया। कार्यशाला में जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह, उपायुक्त आदित्य रंजन, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, तकनीकी एक्सपर्ट अजीत कुमार, डीपीएम तौहिद आलम के अलावा सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल के अंचल अधिकारी, मुखिया, प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य व अन्य लोग मौजूद थे।

# जनता दरबार में पहुंची महिला को आधे घंटे में दिया गया पेंशन का लाभ

## समाहरणालय में आयोजित जनता दरबार में 56 से ज्यादा मामलों की सुनवाई दिए गए जरूरी दिशा-निर्देश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय परिसर में प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले जनता दरबार में आज कुल 56 से अधिक मामलों पर सुनवाई की गई। इसमें जनता दरबार में पहुंची नावाडीह प्रखंड अंतर्गत मुंगेरगामाटी पंचायत के निवासी बबीता कुमारी को विधवा पेंशन का लाभ दिया गया। ज्ञातव्य हो कि बबीता कुमारी का पति भुवनेश्वर कुमार महतो जो तेलंगाना के पटनचेरू में काम के दौरान दिनांक 13 जून, 2024 को निधन हो गया था। उनके पीछे एक वृद्ध मां, एक वर्ष की पुत्री एवं पत्नी को छोड़ गए है। परिवार का भरण पोषण उन्हें के सहारे था। साथ ही बबीता कुमारी ने बताया कि अभी तक मुझे पेंशन का लाभ नहीं दिया जा रहा है और ना ही आवास एवं अन्य कोई लाभ मिला है। अब मेरे परिवार का भरण पोषण करना मुश्किल हो गया है। इस पर उपायुक्त अजय नाथ झा त्वरित कार्रवाई करते हुए सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि उक्त महिला को विधवा पेंशन का लाभ दिया जाय। इस पर सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी करवाई करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी नावाडीह से टेलीफोन करने के बाद तुरंत आधे घंटे के अंदर उक्त महिला को पेंशन का लाभ दिया गया। इस दौरान उक्त महिला ने उपायुक्त का आभार जताया।

**प्लांट में कार्यरत स्थायी - ठेका कर्मी सभी बीएसएल परिवार का हिस्सा-**

जनता दरबार में एक मामला जो बीएसएल (बोकारो स्टील प्लांट) में कार्यरत ठेका श्रमिकों से संबंधित मामले शामिल रहे। जिन्होंने दुर्घटना के बाद समुचित उपचार - आर्थिक सहायता का अभाव, परिवार के भरण झ्र पोषण की समस्या आदि की शिकायत उपायुक्त अजय नाथ झा के समक्ष रखी। ठेका श्रमिक स्टेशन रोड कुमीर्डीह निवासी रघुनाथ गोराई ने बताया कि बीएसएल के ठेका कंपनियों के माध्यम से प्लांट में कार्य करने के दौरान वह दुर्घटनागस्त हो गएं। रघुनाथ का दोनों पैर कट गया है। साथ ही बताया गया कि घटना के समय कंपनी द्वारा जो तय किया गया, उसका अनुपालन नहीं हो रहा है। उन्हें लंबे समय तक इलाज की जरूरत है, लेकिन संबंधित कंपनी किसी भी तरह की सहायता देने में आनाकानी कर रही है। उधर, पैर से दिव्यांग हो जाने के कारण परिवार के समक्ष भरण झ्र पोषण की भी समस्या उत्पन्न हो गई है। इस पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने गंभीर रुख अपनाते हुए कहा कि बीएसएल में कार्यरत कोई भी कर्मी झ्र चाहे वह स्थायी हो या ठेका श्रमिक झ्र बीएसएल परिवार का हिस्सा है। ऐसे में किसी भी दुर्घटना की स्थिति में उसका इलाज कराना और उसका साथ देना प्रबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है। उपायुक्त ने ऐसे मामलों का संवेदनशीलता से निष्पादन के लिए बीएसएल प्रबंधन को इस दिशा में कार्रवाई करने एवं एक स्पष्ट नीति बनाने को कहा। ताकि सभी कर्मियों को यह भरोसा मिल सके कि संकट की घड़ी में संस्थान उनके साथ खड़ा है। उन्होंने मामलों की जांच एवं बीएसएल प्रबंधन से इस बाबत पत्राचार करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया है।

### विभिन्न विभागों से संबंधित रहीं शिकायतें

जनता दरबार में जिन विषयों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उनमें प्रमुख रूप से भूमि अतिक्रमण, जमीन पर अवैध कब्जा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सिविल सर्जन कार्यालय, जिला कल्याण पदाधिकारी, अबुआ आवास, जिला शिक्षा पदाधिकारी आदि शामिल रहा। जनता दरबार में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर निदेशक मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी पीयूष कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# टीबी से होने वाली 38 प्रतिशत मौतें तम्बाकू सेवन से सम्बन्धित हैं : जिला परामर्शी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन बोकारो के आदेशानुसार प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, जैनामोड़, जरीडीह में तम्बाकू के दुष्प्रभाव एवं तम्बाकू उद्योग के आकर्षण के पीछे का खतरनाक सच के प्रति बच्चों को जागरूक करने हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को तम्बाकू से होने वाले जनित रोगों से अवगत कराया गया साथ ही सभी को तम्बाकू छोड़ने के परामर्शी सेवा के साथ साथ तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान जिला परामर्शी मो असलम द्वारा बच्चों को बताया गया कि ज्यादा तर युवाओं के द्वारा तम्बाकू की शुरूआत अपने साथी के सहयोग या कहने पर करता हैं। झारखण्ड में यह स्थिति 100 में कम से कम 5 बच्चें है जो 13 से 15 आयु वर्ग के हैं, जो कही न कही कक्षा 7 से 10 के बच्चे होते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे बच्चों को हमें तम्बाकू के उपयोग से बचाना है और अगर कोई बच्चा तम्बाकू का आफर करता है तो हमें न कहना सीखना होगा। ऐसी दोस्ती से क्या फायदा जो हमें मौत की तरफ ले जाए। जिला परामर्शी ने बताया कि यदि आपको तम्बाकू छोड़ना है तो सरकार की तरफ से तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र खुला हुआ है आप वहां सम्पर्क कर सकते हैं इसके अलावा टाल फ्री नं0 1800-11-2356 पर भी काल कर सकते हैं। साथ अपने से बडों को भी परामर्शी सेवा का लाभ दिला सकते है मिस काल करके- मिसकाल नम्बर 011-22901701 पर। कार्यक्रम में प्राचार्य, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, जैनामोड़, जरीडीह, स्वास्थ्य विभाग विभाग से जिला परामर्शी मो0 असलम तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, सोशल वर्कर छोटेलाल दास, विद्यालय के शिक्षक, स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

# वृंदावन नर्सिंग होम का उच्च स्तरीय जांच कमेटी ने किया निरीक्षण

## जनता दरबार में की गई ऑपरेशन में गड़बड़ी की शिकायत





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी अजय नाथ झा के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने सेक्टर-4, सिटी सेंटर स्थित वृंदावन नर्सिंग होम का उच्च स्तरीय जांच कमिटी गठित कर स्वयं निरीक्षण किया। उक्त मामले आज साप्ताहिक जनता दरबार के दौरान आया। इसमें तिलका देवी के द्वारा अपने पति मुटूक रजवार के ऑपरेशन में गड़बड़ी होने के कारण वृंदावन नर्सिंग होम, बोकारो के खिलाफ प्राप्त शिकायत के आधार पर स्थली निरीक्षण किया गया। इस दौरान मरीज के परिजन से मिलकर

**मरीज की बेहतर इलाज के लिए कल भेजा जाएगा रिम्स, रांची**

सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण द्वारा उच्च स्तरीय गठित कमिटी के साथ स्वयं अस्पताल में भर्ती मरीज तथा उनके परिजनों से मिले। मरीज की स्थिति के बारे में अस्पताल के सर्जन से पूछताछ की गई तथा मरीज के बेटे को मरीज की सारी वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए रिम्स, रांची के सर्जन से बात कर वृंदावन नर्सिंग होम बोकारो के प्रबंधन को मरीज की बेहतर स्थिति के लिए किसी भी तरह की सहायता हेतु तथा रिम्स, रांची भेजने के संदर्भ में एम्बुलेंस की व्यवस्था कराने एवं आर्थिक सहायता देने को निर्देश दिया गया। मौके पर उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ एनपी सिंह, डॉ सौरव कुमार, डॉ निशांत कुमार, आयुष्मान के कार्डिनेटर अभिजीत बनर्जी सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### लॉटरी के माध्यम से शराब दुकानों का होगा आवंटन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले में एक सितंबर से 67 सरकारी शराब दुकान निजी हाथों से संचालित होंगी। इसके लिए प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। सभी 67 दुकानों को 33 ग्रुप में बांटा गया है। सहायक



आयुक्त उत्पाद उमाशंकर सिंह की माने तो इस वित्तीय वर्ष के सात महीने में 125 करोड रुपए का राजस्व बोकारो जिले को मिलेगा। राज्य सरकार के नए उत्पाद पॉलिसी के तहत ऑनलाइन तरीके से 22 अगस्त को लॉटरी के माध्यम से दुकानों का आवंटन होगा। 20 अगस्त को रात्रि 12 बजे तक दुकान लेने वाले लॉटरी में भाग ले सकते हैं। दुकानों को तीन कैटेगरी में बांटा गया है जिसका लॉटरी फीस 10,15 और 25000 हजार है। आवेदन के साथ दुकान के लिए तय की गई कुल राशि का 2% अग्रधान के रूप में जमा करना है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि जिले के सभी 67 सरकारी शराब दुकान में आवेदन करता भाग लेंगे।

### गोल संस्थान ने मनाया 28वां स्थापना दिवस

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कोयलांचल में मेडिकल व इंजिनियरिंग की तैयारी कराने वाली संस्थान गोल इंस्टीट्यूट ने बड़े हर्ष और उल्लास के साथ अपना 28वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर संस्थान ने अपनी अब तक की उपलब्धियों का स्मरण किया। साथ ही आने वाले वर्षों में




विद्यार्थियों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का संकल्प भी लिया। समारोह की शुरूआत अध्ययनरत छात्रों की उपस्थिति में गोल के सभी शिक्षकगण एवं सदस्यों ने दीप प्रज्वलन एवं केक काटकर की। पूरे कैंपस को आकर्षक रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोल धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने कहा कि हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारे विद्यार्थी हैं। उनकी मेहनत, लगन और विश्वास ने ही हमें यहाँ तक पहुँचाया है। कार्यक्रम में उपस्थित अरूण, सुनील, रानी, पूजा, उमेश, मो0 वसिम, दिलीप सहित गोल टीम के सभी सदस्य एवं शिक्षकगण इस 28 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का हिस्सा बनने पर गर्व महसूस करते हुए संस्थान की निरंतर प्रगति की कामना की।

### धनबाद रेल मंडल मे अनावश्यक चेन पुलिंग की दो घटनाएं

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अलार्म चेन पुलिंग भारतीय रेलवे में आपातकालीन स्थिति में ट्रेन रोकने की सुविधा है, लेकिन कई यात्री देर से आने वाले लोगों को चढ़ाने, बीच रास्ते में अपने गाँव या घर के पास उतरने के लिए अनावश्यक रूप से चेन खींच देते हैं। जिससे ट्रेनों के परिचालन में विलम्ब एवं अन्य ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होता है। अनावश्यक रुकावट के दौरान ट्रेन सुनसान या असुरक्षित स्थान पर रुक सकती है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा को खतरा होता है। अपराध की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा ईंधन की बबार्दी, संचालन लागत में वृद्धि और पूरे नेटवर्क की समयबद्धता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस दुरुपयोग को रोकने के लिए भारतीय रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 141 के तहत दोषियों पर 1,000 तक का जुमार्ना या एक वर्ष तक का कारावास या दोनों दंड का प्रावधान है। धनबाद मंडल द्वारा अनावश्यक अलार्म चेन पुलिंग की रोकथाम हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 18 अगस्त को मंडल में अनावश्यक एसीपी की दो घटनाएँ हुईं। इनमें से एक मामले में एक व्यक्ति पर धारा 141 रेल अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर न्यायालय भेजा गया।

### मोहबनी में बस और पिकअप वैन में टक्कर

**गोविंदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मोहबनी पंचायत के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। मंगलवार की सुबह एक बस और पिकअप वैन की सीधी टक्कर में लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में बस के यात्री और पिकअप वैन में सवार लोग दोनों शामिल हैं। यह हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस तेज रफ्तार से आ रही थी और अचानक एक मोड़ पर सामने से आ रही पिकअप वैन से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। पिकअप वैन में सवार कई लोग फंस गए, जिन्हें स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से बाहर निकाला गया। हादसे की सूचना मिलते ही गोविंदपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों को तुरंत पास के अस्पतालों में पहुंचाया। कुछ गंभीर रूप से घायल लोगों को धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है, लेकिन प्रथम दृष्टया यह हादसा बस की तेज रफ्तार और ड्राइवर की लापरवाही की वजह से हुआ प्रतीत होता है। इस हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया था।

# बीएसएल के विस्तारीकरण के लिए बाबूलाल मरांडी ने भी पीएम को लिखा पोस्टकार्ड

## कुमार अमित ने नेता प्रतिपक्ष से मिल कर की विस्तारीकरण हेतु पहल की मांग



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी से राँची में मिलकर बीएसएल के प्रस्तावित विस्तारीकरण को शीघ्र प्रारंभ करने और बीजीएच को सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाने के लिए गम्भीर पहल करने की माँग को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने ज्ञापन सौंपा। कुमार अमित ने नेता प्रतिपक्ष को उपरोक्त विषयों की पुरी जानकारी देते हुए इसे लेकर बोकारो में जारी महाहस्ताक्षर अभियान से भी अवगत कराया। बाबूलाल मरांडी ने जारी इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड लिख कर इस अभियान को समर्थन दिया एवं बोकारो सहित झारखण्ड के विकास को गति देने एवं यहाँ के युवाओं को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने वाले वाले इस प्रस्तावित परियोजना को शीघ्र प्रारंभ करने हेतु उच्च स्तरीय पहल करने की भी बात कही। कुमार अमित ने पोस्टकार्ड लिख कर इस अभियान का समर्थन करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष का आभार भी जताया एवं आशा व्यक्त किया कि श्री बाबूलाल मरांडी के पहल से इस परियोजना पर छाए संकट के बादल अब अवश्य छटेंगें।

# ट्रक की चपेट में आए बाइक सवार दंपति, पति की मौत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के चास पुरुलिया मुख्य पथ धनडबरा साईट के पास बाइक सवार दंपति ट्रक की चपेट में आ गए।जिस कारण पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। 41 वर्षीय कृष्ण कुमार महतो की इलाज के दौरान मौत हो गई वही पत्नी जिंदगी और मौत से जूझ रही है। ट्रक की गति इतनी तेज थी कि बाइक के साथ दोनों पति-पत्नी को लगभग 300 मीटर तक घसीट कर ले गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों का अस्पताल पहुंचाया गया। मृतक कृष्ण पत्नी को तेलीडीह बस्ती से लेकर अपने ससुराल जा रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक और बाइक को जप्त कर लिया है।

# कुलियों ने अपनी मांगों को लेकर डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय कुली मोर्चा की धनबाद रेल मंडल इकाई ने रेलवे बोर्ड, रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी आदेश के आलोक में कुलियों/सहायकों की स्थिति की जांच कराने की मांग उठाई है। संगठन ने धनबाद रेल मंडल प्रबंधक को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि रेलवे बोर्ड ने 19 जून 2025 को ही सभी प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधकों को पत्र जारी कर कुलियों की परिस्थितियों की व्यापक जांच करने और सुझाव देने का निर्देश दिया था, लेकिन दो माह बीत जाने के बावजूद अब तक जांच प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। कुलियों से



जुड़े नौ बिंदुओं पर सुझाव मांगे गए हैं। इनमें रेलवे स्टेशन पर चल रही ट्रॉली सेवा का निजी कंपनियों को दिए जाने का विरोध, बैटरी रिक्शा को केवल विकलांग, वृद्ध और बीमार यात्रियों तक सीमित करने, ह्यमाई कुली एपह्न जैसे निजी एप पर रोक लगाने और यात्री सेवा केंद्र जैसी निजी व्यवस्थाओं से कुलियों के रोजगार को बचाने की मांग शामिल है। संगठन ने कहा कि कुलियों को 2008 की तरह रेलवे की नौकरी दी जाए, उनके सुरक्षित और नियमित रोजगार की गारंटी हो, बीमा, पेंशन और अन्य सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही कुलियों के परिवारजनों को रेलवे कर्मचारियों की तरह स्वास्थ्य सुविधा और बच्चों को शैक्षिक लाभ दिए जाएं। राष्ट्रीय कुली मोर्चा ने यह भी स्पष्ट किया कि इन्हीं मुद्दों पर पिछले आठ महीनों से लगातार देशभर में अभियान चलाया जा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सांसदों और रेलवे अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे गए हैं, यहां तक कि संसद में भी इस विषय पर सवाल उठाए जा चुके हैं। इसके बावजूद जांच की प्रक्रिया शुरू नहीं होना कुलियों के भविष्य को संकट में डाल रहा है। मोर्चा ने मंडल रेल प्रबंधक से मांग की है कि रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार त्वरित जांच शुरू कराई जाए, ताकि कुलियों की आजीविका और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# भू धंसान में पूरा घर जमींदोज, स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बाघमारा क्षेत्र के जोगता थाना के अंतर्गत श्याम बाजार के समीप अचानक धरती फटने से वहां के स्थानीय लोग पूरा दहशत में हो गए, राजस्थानी लोगों ने कहा कि हम लोग घर में आराम कर रहे थे तभी अचानक जोरदार आवाज हुई और धीरे-धीरे घर धरती में समा गया. यह दिल दहला देने वाला नजारा था। धनबाद के जोगता थाना क्षेत्र में. जहां रात में हुए भू धंसान में एक पूरा घर जमींदोज हो गया. गनीमत रही कि तेज आवाज से घर में सो रहे लोग जाग गए और कड़ी मशक्कत के बाद अपनी जान बचा सके. घटना जोगता थाना क्षेत्र के हटिया के पास सात नंबर की है.भू धंसान के कारण दूर तक धरती फट गई है. जिसमें बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं. एक घर पूरा का पूरा जमीन में समा गया. वहीं आसपास के भी कई घर प्रभावित हुए हैं. घटना के बाद लोगों में दहशत का माहौल है. लोगों में बीसीसीएल प्रबंधन के प्रति आक्रोश है. घटना सुबह करीब 3 बजे की है. पीड़ित कल्याणी देवी ने बताया कि सुबह करीब 3 बजे तेज आवाज के साथ भू धंसान हुआ, जिसमें घर जमींदोज हो गया. किसी तरह



हमने अपनी जान बचाई. हम लोग छप्पर छोड़कर बाहर निकल कर भागे हैं. घर में रखा सारा सामान, चावल, दाल, कपड़े और अन्य सामान जमीन के अंदर समा गया है. अब हमारे पास खाने-पहनने के लिए भी कुछ नहीं है. हमने बीसीसीएल और प्रशासन से रहने के लिए घर और बच्चों के लिए खाने-पीने की सामग्री की मांग की है. वहीं स्थानीय महिला राजो देवी ने पीड़ित परिवार के बारे में कहा कि उन्होंने ब्याज पर पैसे लेकर घर बनाया था, उन्हें घर मिलना चाहिए. घर के साथ-साथ सारा सामान भी जमीन में धंस गया है. घर के साथ-साथ पैसे भी दिए जाने चाहिए. वहीं स्थानीय इंद्रदेव भुइयां ने कहा कि इस घटना के लिए बीसीसीएल प्रबंधन और प्रशासन दोनों जिम्मेदार हैं. प्रशासन के पास जाने के बाद भी वे कोई कार्रवाई नहीं करते, ओर कहते हैं कि यह हमारा अधिकार का क्षेत्र नहीं है हम इसमें कुछ नहीं कर सकते। आप बीसीसीएल के उच्च अधिकारियों से बात करें। इस घटना को लेकर बीसीसीएल के अधिकारी कोई भी बयान नहीं देना चाहते हैं ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com